e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 297
बुधवार
01.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

माना कि बुरा वक्त बताकर नहीं आता, लेकिन जब भी आता है, कुछ ना कुछ सिखा कर जरूर जाता है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### ओडिशा के 26 वें राज्यपाल बने रघुवर दास

**भुवनेश्वर** : मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओडिशा के नए राज्यपाल पद की शपथ ली. भुवनेश्वर के राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रघुवर दास ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली.उड़ीसा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. विद्युत रंजन सारंगी ने भुवनेश्वर के राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह में रघुवर दास को पद की शपथ दिलाई. इस शपथ ग्रहण समारोह में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान,ओडिशा मंत्रिपरिषद के कई सदस्य और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए.शपथ ग्रहण समारोह में उनके परिवार और दोस्तों सहित 80 लोग शामिल हुए।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 3 नवंबर को

**रांची** : राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक तीन नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में राज्य कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है। इसके अलावा पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं।

### मराठा आरक्षण : हिंसा के बाद कर्फ्यू, इंटरनेट सस्पेंड

**मुंबई** : महाराष्ट्र में पिछले 4 दशक से मराठा आरक्षण की मांग की जा रही है. मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अब हिंसक प्रदर्शन में बदल चुका है. जगह-जगह से आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की खबरें आ रही हैं. ये हिंसक प्रदर्शन राज्य के मराठवाड़ा इलाके के 8 जिलों में फैल गया है. मंगलवार को मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर 6 किमी जाम लग गया. बीड और उस्मानाबाद में हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है. यहां इंटरनेट सेवा सस्पेंड कर दी गई है. इस बीच सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है.

### सरदार पटेल के विचार देश में लोकतंत्र और एकता का आधार : ओम बिरला

**नई दिल्ली** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद थे। संसद के मौजूदा व पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी तथा लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 3 की मौत, 10 घायल

**दमोह** : शहर के बड़ा पुल क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर में विस्फोट होने से फैक्ट्री मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे में 10 मजदूर बुरी तरह झुलस गए। बारूद की चपेट में आने से फैक्ट्री मालिक के शरीर का आधा हिस्सा चीथड़ों में तब्दील हो गया। पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। घायलों को अस्पताल भेजा गया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्यूनतम | 23⁰ |

पलामू में सीएम ने 5132 युवक-युवतियों को सौंपा ऑफर लेटर

# युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** : राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। चाहे वह सरकारी हो या निजी क्षेत्र की नौकरी। हर स्तर पर बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के विभिन्न आयामों से जोड़ रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने।पलामू में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला में 5132 (पांच हजार एक सौ बत्तीस) युवक- युवतियों को ऑफर लेटर प्रदान करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि नौजवानों को सही दिशा दिखाने, भविष्य संवारने और उनके बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा पिछले ढाई महीने के दौरान प्रमंडलीय रोजगार मेला के जरिए 27 हजार युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं । इसी कड़ी में सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर व्यापक पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। 20 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुका है। वहीं जेपीएससी जेएसएससी और अन्य माध्यमों से तकरीबन 40 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- नौजवानों को सही दिशा, भविष्य संवारने और उनके बेहतर जीवन का मार्ग कर रहे प्रशस्त
- नौजवानों को रोजगार के साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी और विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए भी दे रहे हैं मदद
- सभी वर्ग और तबके के सहयोग से राज्य के विकास को दे रहे रफ्तार
- खेलों के जरिए झारखंड को दे रहे हैं अलग पहचान
- किसानों- मजदूरों को सशक्त बनाने का प्रयास जारी
- अपनी परंपरा और विरासत को कर रहे हैं समृद्ध



### आपका अपने आशियाना का सपना करेंगे पूरा, ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन होगा सुलभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 8 लाख लोगों के अपने आशियाना का सपना को पूरा करेंगे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों को शहर और जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क और सुलभ आवागमन के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना भी शुरु की जा रही है। इस योजना के तहत लगभग एक करोड़ लोग निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे।

### कई चुनौतियों से निपटते हुए विकास को दे रहे रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया। जब कोरोना से निजात मिली तो सुखाड़ का सामना करना पड़ा । लेकिन, आप सभी के सहयोग से हम इन चुनौतियों से निपटते हुए विकास को रफ्तार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, बुजुर्ग महिला नौजवान और दिव्यांग सभी के लिए योजनाएं हैं।

### खेल प्रतिभाओं को निखारने का निरंतर प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के माध्यम से राज्य को अलग पहचान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में देश में पहली बार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने का मौका रांची को मिला है ।इसी तरह आगे भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं झारखंड में होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के हर पंचायत और गांव में खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। वहीं, सिदो- कान्हू क्लब के जरिए खेल प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। हमारी कोशिश है कि खेल में भी झारखंड देश में एक अपनी अलग छवि बना सके।

### अपनी परंपरा और विरासत को आगे ले जाने का कर रहे काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी परंपरा और विरासत को भी आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। खनिज-संपदाओं के साथ-साथ यहां की कला संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद आदि को प्रमोट करने के साथ- साथ इससे जुड़े लोगों को भी आगे बढ़ाने के लिए आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, विधायक रामचंद्र सिंह, बैद्यनाथ राम, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे , श्रम सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ,पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, जेएसएलपीएस के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार और पलामू ,गढ़वा तथा लातेहार जिला के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से 3 की मौत, 6 गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग)** : चरही थाना क्षेत्र के ग्राम सरवाहा के दर्दलिया रेलवे ट्रैक के पास एक दर्दनाक घटना घटित हुई। ग्राम सरवाहा के ट्रेन की चपेट में आने से तीन व्यक्तियों की जान चली गई जबकि अन्य 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर पर सवार होकर यह सभी व्यक्ति कहीं जा रहे थे। इस दौरान अचानक बड़काकाना कोडरमा लोकल ट्रेन वहां पर आ गई। ट्रैक्टर पटरी को पार कर पाती तब तक ट्रेन नजदीक पहुंच चुकी थी। इस दौरान यह घटना घटित हुई। जिसमें तीन व्यक्ति की जान चली गई। मृतकों में रमेश गंझु पिता बनवारी गंझु, झुनिया देवी पति जगदेव महतो तथा द्रोपदी देवी पति परमेश्वर महतो शामिल हैं।वहीं मृतक रमेश गंझू की पत्नी संगीता देवी भी गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। हम ग्रामीणों द्वारा हमेशा से वहां पर रेलवे फाटक के लिए मांग किया गया है। लेकिन अभी तक वहां पर रेलवे फाटक नहीं बन पाया है।उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सबको मुआवजा मिलना चाहिए। क्योंकि इस घटना के बाद उनके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं रहा। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द वहां पर रेलवे फाटक का निर्माण किया जाये। ताकि भविष्य में ऐसी भयावह घटना दोबारा घटित ना हो। फिलहाल इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल हॉस्पिटल हजारीबाग भेज दिया है।

**इस घटना के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। हम ग्रामीणों द्वारा हमेशा से वहां पर रेलवे फाटक के लिए मांग किया गया है। लेकिन अभी तक वहां पर रेलवे फाटक नहीं बन पाया है।**

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में एक दिसंबर को होगी सुनवाई



**जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई एक दिसंबर को करने का आदेश दिया।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई एक दिसंबर को करने का आदेश दिया।ईडी ने सुनवाई के दौरान बताया कि इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ हुई है और अन्य लोगों से पूछताछ के लिए जल्द ही समन जारी किया जाएगा। ईडी की इस दलील के बाद कोर्ट ने सुनवाई एक दिसंबर तक के लिए टाल दी। पिछली सुनवाई में पूजा सिंघल की ओर से वकील सिद्धार्थ लूथरा से पूछा था कि अब तक कितने गवाहों की गवाही हो चुकी है। जिस पर कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में कुल 43 गवाह हैं जिसमें से चार की गवाही हो जाने की बात कही गई थी। कोर्ट ने पूजा सिंघल को तीन जनवरी को बेटी की बीमारी की वजह से एक महीने की अंतरिम जमानत दी थी। चार फरवरी को वो फिर जेल चली गई। बाद में कोर्ट ने 10 फरवरी को पूजा सिंघल को दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी। सिंघल झारखंड की खान विभाग की सचिव थीं। 11 मई 2022 से उनसे जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी के बाद से हिरासत में हैं। ईडी ने कथित अवैध खनन से जुड़े 36 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की है। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने पूजा सिंघल समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय कर दिया है।

# हाई कोर्ट ने नक्शा स्वीकृति मामले में आरआरडीए और रांची नगर निगम से मांगा ब्योरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान की मंगलवार सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से मौखिक रूप से कोर्ट को बताया गया कि इस वर्ष दो अगस्त से अक्टूबर माह तक 6000 नक्शा स्वीकृति के लिए के लिए आवेदन आए, जिसमें से करीब 5000 नक्शा आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। इस पर कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रांची निगम एवं आरआरडीए में कर्मियों की कमी है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में नक्शा के आवेदन कैसे स्वीकृत हो गए। कोर्ट ने रांची नगर निगम एवं आरआरडीए को अगली सुनवाई के पूर्व शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि नक्शा स्वीकृत पर हाई कोर्ट की लगी रोक हटाने के बाद से रांची नगर निगम एवं आरआरडीए में नक्शा स्वीकृत के लिए कितने आवेदन आए, इनमें से कितने आवेदन स्वीकृत हुए और अब तक नक्शा स्वीकृत के लिए आए कितने आवेदन अबतक लंबित हैं। कोर्ट ने इसका पूरा विस्तृत विवरण रांची नगर निगम और आरआरडीए से मांगा है। अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पैरवी की। आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की।

### चाईबासा मनरेगा घोटाला मामले में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश



**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट को चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया कि मामले में ईडी ने एक ईसीआईआर केस दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान जारी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चार सप्ताह में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। वही याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

विपक्षी नेताओं के फोन हैकिंग के दावों पर बोले राहुल गांधी

# सरकार में अदाणी नंबर वन व पीएम मोदी नंबर दो

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : विपक्षी नेताओं की तरफ से मंगलवार सुबह दावा किया गया कि उनके फोन में सरकार-प्रायोजित हैकिंग से जुड़े चेतावनी संदेश आए। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोगों को ऐसे संदेश आए हैं। इनमें केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा शामिल हैं। भाजपा इस वक्त युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश में है। राहुल ने कहा पहले मैं सोचता था कि सरकार में नंबर-1 प्रधानमंत्री हैं, दूसरे पर अदाणी और तीसरे पर अमित शाह हैं, लेकिन ये गलत है। सरकार में नंबर-1 अदाणी हैं, पीएम मोदी दूसरे नंबर पर हैं और अमित शाह तीसरे पर। राहुल ने कहा,हिंदुस्तान की राजनीति हमें समझ आ गई है। अदाणी जी बचकर नहीं निकल सकते। हमने अदाणी को ऐसा घेरा है कि वह बचकर नहीं निकल सकते। इसलिए ध्यान बंटाने की राजनीति हो रही है। कि देश की निगाह,विपक्ष की निगाह पिंजरे में बैठे हुए तोते की ओर न चली जाए।राहुल गांधी ने आगे कहा,जितनी टैपिंग करनी हो कर लो। मुझे फर्क नहीं पड़ता। अगर आपको मेरा फोन चाहिए तो मैं अपना फोन दे देता हूं आपको। कम लोग लड़ रहे हैं इसके खिलाफ। लेकिन हम डरने वाले लोग नहीं हैं, लड़ने वाले लोग हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे।विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया है कि उनके मोबाइल पर फोन निर्माताओं द्वारा एक संदेश भेजा गया है, जिसमें कहा गया कि उनके फोन में सरकार समर्थित हैकरों द्वारा हैकिंग की कोशिश की गई है। जिन नेताओं ने यह शिकायत की है, उनमें तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा शामिल हैं।इन लोगों के अलावा आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि उन्हें भी इस तरह के मैसेज आए हैं। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने भी बाद में इस तरह के आरोप लगाते हुए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा,खूब पर्दा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं।



### जब मुद्दे नहीं होते तो ये जासूसी के आरोप लगाते हैं : अश्विनी

**नई दिल्ली** : विपक्ष के नेताओं की तरफ से केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए गए जासूसी करने के आरोपों पर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया। उन्होंने कहा है कि जब विपक्ष के पास मुद्दा नहीं होता तो यह जासूसी का आरोप लगाने लगते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के आरोप निराधार हैं, लेकिन कुछ लोगों को आलोचना करने की आदत लग गई है।अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एपल ने ऐसे मैसेज अलर्ट्स को लेकर 150 देशों में इसे लेकर एडवायजरी जारी की है।

### यूपी के हरदोई में मार्ग दुर्घटना में 5 की मौत

**हरदोई (एजेंसी)**: उत्तर प्रदेश में जनपद हरदोई के बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को बेकाबू कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्र भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



संक्षिप्त खबरें

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला हैदर नगर मुख्य मार्ग के रास्ते दाता नगर के समीप एक असंतुलित बाईक सवार पैदल राहगीर युवक को मारी टक्कर जिसमें बाइक सवार सहित तीन लोग हुए घायल। घायल में हैदर नगर थाना क्षेत्र के हिमांशु कुमार सिंह उम्र 19 पिता विनोद कुमार सिंह गांव हैदर नगर तेंदुआ साहिल खान 18 बर्ष हैदर नगर निवासी नाम सामिल है वहीं हुसैनाबाद निवासी समिर खान 15 बर्ष रषिद खान दाता नगर हुसैनाबाद निवासी बताया गया वहीं घायलों को राहगीरों द्वारा हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

# मुख्यमंत्री पहुंचे पलामू अधिकारियों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू आगमन पर चियांकी हवाई अड्डा पर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। चियांकी हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी थे। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड के मंत्री सत्यानंद भोक्ता चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे थे। मंत्रीद्वय को प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं उपायुक्त शशि रंजन आदि ने स्वागत किया। हवाई अड्डा पर उक्त पदाधिकारियों के अलावा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित थे।

## विधायक ने तहसील कचहरी का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को सेमरवार पंचायत के ढाब कला स्थित बाल पर तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण योजना का प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में आनलाइन शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि विकास की किरण हरेक गांवों तक पहुंचाते हुए सभी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता से धरातल पर उतारा जा रहा है। उक्त भवन के बन जाने से ग्रामीण काफी लाभान्वित होंगे। वहीं उन्होंने कार्य के संवेदक को गुणवत्ता से भवन निर्माण कार्य करने की बात कही। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक के द्वारा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई, भवन निर्माण की समुचित व्यवस्था को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जो जनहित में जनता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता जिला सचिव अजय कुमार सिंह प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जनेश्वर भुइयां, उपाध्यक्ष उदय सिंह, संतोष शर्मा, जितेन्द्र मेहता, अरविंद शर्मा, अजय यादव, लालदेव भुइयां, मंटू मेहता, जागा पासवान, जयराम मिस्त्री सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## फेसबुक पर फोटो डालना पड़ा महंगा, हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरौंधी थाना कांड सं0 49/2023, धारा 25 (1-b) a/26 (3) / 35 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा को सूचना प्राप्त हुआ कि खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरंगी टोला करियवा निवासी नीरज कुमार के द्वारा फेसबुक पर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ फोटो अपलोड किया गया है। जिसके आलोक में करवाई का निर्देश प्राप्त हुआ। इस संबंध में मेरे द्वारा एक टीम गठित कर त्वरित करवाई करते हुए खरौंधी थाना क्षेत्र के अरंगी ग्राम के करियावा टोला निवासी नीरज कुमार मेहता से पूछतास किया गया। उसके निशानदेही पर उसी ग्राम के रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता के पास से एक अवैध सात चक्रीय रिवाल्वर तथा दो मोबाइल फोन जब्त करते हुए दोनो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तो के द्वारा उक्त रिवाल्वर नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चचेरिया के खलील खां से लेने की बात कही गई। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नीरज कुमार मेहता, रीति रौशन कुमार उर्फ उपेंद्र कुमार मेहता दोनो खरौंधी थाना क्षेत्र के तथा नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चेचरिया ग्राम के खलील खां को जेल भेजा जा रहा है।इनमे से रिति रौशन कुमार उर्फ उपेन्द्र मेहता थाना कांड सं0-25/2017 धारा 25 (1-b) a/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत पहले भी जेल जा चुका है। अभियुक्तो के पास से एक सात चक्रीय रिवाल्वर (अग्नेयास्त्र), दो मोबाईल फोन बरामद किया गया है। छापामारी दल में अनु0 पु0 पदा0 श्री बंशीधर नगर प्रमोद कुमार केशरी, पु0 नि0 भवनाथपुर अंचल कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी खरौंधी पंकज सिन्दुरिया, पु0 अ0 नि0 नगर उंटारी थाना के जितेन्द्र भगत सहित थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## लंगरकोट गांव में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनी जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** देश के प्रथम गृह मंत्री व भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई, पटेल की 148 जयंती मनी शहर के पटेल चौक पर स्थापित प्रतिमा के पर राजद प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, उषा देवी, रामेश्वर राम उर्फ छठन, छेदी खान, हैदरनगर बिससूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह जाकिर अली उर्फ राज अली, राजकुमार कश्यप, डॉ एजाज आलम, सुदेश्वर राम, कामाख्या नारायण सिंह, वार्ड पार्षद उमा देवी वहीं प्रखंड लंगर कोट गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल की एकता दिवस मनाया गया मौके पर उप प्रमुख इंदू देवी समाजसेवी पवन कुमार पटेल रामचंद्र चौधरी शिवपूजन चौधरी बब्लू कुमार पटेल ज्ञानी चौधरी विजनदन चौधरी संतोष कुमार सिंह समाजसेवी पप्पू कुमार सिंह उर्फ सैनिक सुधीर कुमार सिंह यदुनी चौधरी बलिष्ठर चौधरी समेत कई लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया, कार्यक्रम का नेतृत्व पटेल विचार मंच के सचिव सूर्यनाथ राम पासवान,एवं गौतम पटेल ने किया। इसके पश्चात स्थानीय पटेल भवन समक्ष, सरदार पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी सह भाषण दिया गया जिसका संचालन पत्रकार गौतम पटेल ने किया सभा संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की सरदार पटेल देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।उन्होंने भारत के पहले उप- प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें भारतीय गणराज्य के संस्थापक पिता भी कहा जाता हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एकीकृत भारत का निर्माण किया और एक मजबुत राष्ट्र बनाया आगे उन्होंने कहा सरदार पटेल कहते थे कि हमें ऊंच-नीच, अमीर- गरीब, जाति-पंथ के भेदभावों को समाप्त कर देना चाहते थे उन्होंने एक उन्नत देश की कल्पना किया था जो आज हम सब कि जिम्मेदारी है।इससे पूर्व सभी लोगो को भारत की एकता व अखण्डता की सपथ दिलाया गया। वंही नगर अध्यक्ष शशी कुमार ने अपने संबोधन में उनके कार्य कुशलता को दृढ़ता को मजबूत बताया, रामेश्वर राम ने उनके जीवनी से सिख लेने की प्रेरणा दिया, उषा देवी ने कहा कि महिलाओं को भी जिमेदारी लेनी होगी तभी समाज का दशा व दिशा में परिवर्तन होगा।

## एक देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मेराल पुलिस ने सोमवार को एक देसी कट्टा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर के देसी कट्टा बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव के सेमरदोहरी टोला निवासी रामप्यारे राम का पुत्र सुबोध राम एवं अवधेश राम का पुत्र संकेत कुमार रवि के नाम शामिल है। इसकी जानकारी मंगलवार को डीएसपी संतोष कुमार एवं एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि अकलवानी गांव के टोला सेमर दोहरी में दुर्गा पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान सुबोध राम नाम का एक व्यक्ति देसी कट्टा लहराते हुए डांस कर रहा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। इसके बाद सुबोध राम के घर पहुंच कर मूर्ति विसर्जन के दौरान देसी कट्टा लहराने के बारे में पूछताछ किया गया। इस दौरान सुबोध राम ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के उपरांत पुलिस से पकड़ने के भय से उक्त देसी कट्टा को अपने गांव के ही दोस्त संकेत कुमार रवि को दे दिया है। उन्होंने बताया कि उसके निशानदेही पर टीम के द्वारा संकेत कुमार रवि के घर पर पहुंच कर उससे भी पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि 25 अक्टूबर को रात्रि सुबोध राम के द्वारा दुर्गा मूर्ति विसर्जन के बाद उसे देसी कट्टा रखने के लिए दिया गया था। उन्होंने बताया कि संकेत कुमार रवि के निशान दही पर घर में छुपा कर रखे 315 बोर के देसी कट्टा को पुलिस ने बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्त के विरुद्ध मेराल थाना में प्राथमिक की दर्ज कर दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी दाल में उनके अलावे मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुलिस और निरीक्षक सुरजीत चौधरी, संजय हेंब्रम, सहायक अवर निरीक्षक आशीर्वाद महतो, संतोष कुमार, हवलदार जितेंद्र कुमार, रजक आरक्षी अरविंद कुमार दुबे, शहीद पुलिस के जवान शामिल थे।

## दीपावली व छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत में शुरू हुआ सफाई अभियान



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीपावली व छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में मंगलवार से विशेष साफ-सफाई अभियान शुरू किया गया। इस दौरान मुख्य सड़क किनारे उगी घास, अररूआ खुर्द कालेज मोड़ के समीप नाली सहित कई जगहों पर कचरे की सफाई की गई। मौके पर सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में सफाई का कार्य अभियान मोड में कराया जा रहा है और लगातार जारी रहेगा। बताते चलें कि हरिहरगंज नवगठित नगर पंचायत के नये कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया सीमित संसाधनों के बावजूद शहरी क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर हमेशा सजग दिख रहे हैं।

## चंदेल मुहल्ला के सड़क का हाल बदहाल



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 के चंदेल मुहल्ला का रोड पिछले कई महीने से खराब हो गया है रोड में दो से तीन फीट तक गढ्ढा हो गया पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है पृतिदिन बाइक सवार दुर्घटना ग़लत हो जाते हैं। इसकी सूचना नगर पंचायत में कार्य पालक को लिखित व मौखिक जानकारी दी गई है, परन्तु आज तक किसी ने इस पर ध्यान नही दिया है। प्रतिदिन इस रोड से गुजरने वाले लोग दुर्घटना के शिकार हो रहें हैं वावजूद उसके ना किसी जनपृतिनिधि और ना ही नगर पंचायत के पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर जा रहा है। लगता है बड़ी घटना के बाद ही किसी का ध्यान आकृष्ट होगा।

## बीआरसी अधौरा में बीपीओ ने बीआरपी-सीआरपी के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीपीओ ने विभागीय कार्यो की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में बीपीओ ने कहा आगामी 3 नवंबर को होने वाले स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे के तत्वाधान में प्रखंड के 22 विद्यालयों में वर्ग 3, 6 व 9 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा आयोजित किया जाना है। सभी प्रधानाध्यापक अपने यहां आयोजित परीक्षा की तैयारी कर लें। उन्होंने सभी सीआरपी को अपने संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ मिलकर तैयारी कर लें, जिससे परीक्षा को सफल बनाया जा सकें.उन्होंने कहा की हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम को प्रखंड के सभी विद्यालयों में लागू किया गया है, इसे अच्छे तरीके से संचालित करें साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम सप्ताह में मंगलवार और शनिवार को सभी बच्चों को स्वास्थ्य सबंधी जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि झारखंड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान के तहत विद्यालयों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें एनीमिया, एल्बेंडाजोल की गोली नियमानुसार बच्चों को खिलाना है. वैसे विद्यालय जहां पर विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल समाप्त हो गया होगा वैसे विद्यालयों की सूची दें।

# गरबांध पंचायत के छः केंद्रों में से पांच मिले बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए उन्हें खेल-खेल में कुछ सिखाने के लिए,गर्भवती महिलाओ के साथ बच्चों के पोषण तत्वो के वितरण का माध्यम के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सेविकाओं व सहायिकाओं के द्वारा संचालन करवा रही है। लेकिन सेविकाओं और सहायिकाओं द्वारा इन योजनाओं का शिथिलता बरतते हुए धज्जिया उड़ाया जा रहा है। अनुमंडल मुख्यालय स्थित गरबाँध पंचायत में सरकार द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र मनमानी ढंग से सेविकाओं व सहायिका के द्वारा संचालित किया जा रहा है। सोमवार को गरबाँध पंचायत में संचालित छः केंद्र में से कोड 121 तालाब टोला केंद्र जिसकी सेविका प्रमिला देवी, सहायिका लीलावती देवी, कोड 124 भुइया टोला जिसकी सेविका अमरावती देवी, सहायिका बसंती देवी, कोड 125 ब्राह्मणी टोला सेविका वासमती देवी, सहायिका बिंद देवी, कोड



128 पाट गढ़ टोला सेविका सिमा देवी, सहायिका ललिता देवी, कोड 123 सुगनवा टोला सेविका लीलावती देवी, सहायिका सुजन्ति देवी में से कोई भी अपने केंद्र पर उपस्थित नही मिली। जब कि कोड 122 खेरवारा टोला का मात्र एक केंद्र ही खुला पाया गया।लेकिन खुले केंद्र पर भी सेविका उपस्थित नही थी।सहायिका केंद्र पर तीन बच्चों के साथ उपस्थित थी।वहां भी बच्चो के लिए खाने का कोई उपक्रम नही किया जा रहा था।शेष पांच आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण रूप से बंद था। कोड 125 ब्राह्मणी टोला पर केंद्र खुला था।केंद्र के अंदर जुआरीयो का कई समूह जुआ खेलने में व्यस्त था। अधिकतर सेविकाओं ने बताया कि वे बीएलओ के कार्य मे व्यस्त है। जब कि बीएलओ का कार्य केंद्र बंद करने के बाद करना है।किसी भी सहायिका ने समाचार लिखे जाने तक किसी भी सहायिका ने अपना पक्ष नही रखा है।शायद उन्हें पता है कि कोई कुछ भी नही करेगा। पदाधिकारियो से भी उन्हें कोई डर नही है।दो सेविकाओं ने बीमार होने का जिक्र किया। **समय लगभग 11:10 बजे दोपहर :** गरबाँध पंचायत स्थित खेरवारा टोला आंगनबाड़ी केंद्र खुला हुआ था। सहायिका तीन बच्चों के साथ केंद्र पर उपस्थित थी। बच्चो के लिए किसी भी प्रकार के नाश्ते के कोई व्यवस्था नही था। सेविका बिना किसी सूचना के केंद्र से गायब थी। ग्रामीणों ने बताया कि सेविका अक्सर केंद्र से गायब रहती है।ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र पर पोषाहार का वितरण भी नही किया जाता है। फोन पर सेविका ने बताया कि मैं इलाज़ कराने गढ़वा आ गई हूँ। **समय लगभग 11:30 बजे दोपहर :** गरबाँध पंचायत स्थित भुईया टोला आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण रुप से बंद था।सेविका सहायिका दोनों केंद्र पर उपस्थित नही थे।अगल-बगल के ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र मनमानी ढंग से खुलता है। कुछ कहने पर सेविका कहती है कि जिसको जहा जाना है, जाओ। पोषाहार का भी वितरण नही किया जाता है।सेविका से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन संपर्क नही हो पाया। **समय लगभग 11:40 बजे दोपहर :** गरबाँध पंचायत स्थित सुगना टोला आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण रुप से बंद था। सेविका सहायिका दोनों केंद्र पर उपस्थित नही थे।

## आयोजित चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमिटी ने प्रेस वार्ता कर किया आभार व्यक्त



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमिटी ने आभार व्यक्त किया है.अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यज्ञ कमिटी के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कहा कि इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जिला पुलिस, बिजली विभाग चिकित्सा विभाग, पीएचइडी, नगर पंचायत, व्यवसायियों, पत्रकारों के साथ साथ दूर-दराज से महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी लोगो के प्रति यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है. साथ ही सभी राजनीतिक दल के लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी यज्ञ में बढ़-चढ़कर अपना तन-मन-धन से सहयोग किया है, उसके लिए भी यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है.उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का इस यज्ञ को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है. सरकार से जो भी अपेक्षाएं थी, सभी पूरा हुआ. जिला प्रशासन का भी शुरू से ही भरपूर सहयोग मिला. पुलिस के जवान दिन-रात 24 घण्टे डटे रहे,कड़ी मेहनत से यज्ञ में शामिल 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सहयोग के साथ बेहतर सुरक्षा देने का काम किया. बिजली विभाग का योगदान काफी सराहनीय रहा. निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई. पीएचइडी द्वारा शौचालय और जलापूर्ति की व्यवस्था ठीक से की गई. नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता के साथ पर्याप्त रोशनी देने के लिए कर्मी 4 माह हर संभव सहायता करते रहे.सबका भरपूर सहयोग मिला.चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शोभा यात्रा के दौरान कई व्यवस्था की गई थी. व्यवसायियों ने अतिथि सत्कार में कोई कमी नही रखी.विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यज्ञ की सफलता में योगदान दिया है. स्वास्थ्य विभाग ने निरंतर मेडिकल कैम्प का संचालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया।

## घासीदाग पंचायत के लिए मजाक बना आजादी का अमृत महोत्सव

# आने-जाने के लिए नहीं है सड़क, कच्चे कुएं का पानी पीते हैं ग्रामीण, बांस के खंभे से गांव में जलती है बिजली

➲ मुखिया व पंचायत सचिव अपना जेब भरने में हैं व्यस्त, पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रति तनिक भी नहीं हैं गंभीर

**योगेंद्र मिश्रा @ प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड का घासीदाग पंचायत आजादी के 75 साल बाद भी विकास की बाट जोह रहा है। इस पंचायत के लिए आजादी का अमृत महोत्सव भी मजाक बन कर रह गया। गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। घासीदाग पंचायत में घासीदाग सहित राजखाड़, जमारी, कौड़िया, झांटिनाथ सहित पांच गांव है। पंचायत की आबादी लगभग 48 सौ है। पंचायत क्षेत्र का सभी गांव आदिवासी व दलित बाहुल्य है। पंचायत क्षेत्र के कोई भी गांव पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है। कच्ची व कीचड़ से सनी



सड़क व बरसात में पगडंडी हीं एक मात्र सहारा है। यहां एक ओर बड़ा जिवंत नाला है। जिसमे सालों भर पानी बहते रहता है। जिस पर बांध बनवाने की मांग स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही है। स्थानीय लोग पंचायत की मुखिया अंजू देवी से मांग करते आ रहे हैं कि विश्रामपुर से सीधा रास्ता बन जाये तो प्रखंड मुख्यालय की दुरी 24 किमी से घट कर 14 किमी हो जायेगी। पंचायत के विकास कार्य को ले प्राप्त 15 में वित्त की राशि पंचायत के खाते में की शोभा बढ़ा रही है। मुखिया व पंचायत सचिव पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रति तनिक भी गंभीर नहीं है। **पंचायत क्षेत्र में नहीं है समुचित पेयजल की सुविधा :** घासीदाग पंचायत पहाड़ की तलहटी में बसा व तीनों ओर पहाड़ियों से घिरा है। गांव में पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग नदी व कुएं का पानी पीते है। पंचायत के मुखिया के द्वारा 14वें व 15 वें वित्त अनुदान मद से कई जल मीनार भी लगाए गए हैं। जिसमें अधिसंख्य खराब हो गए हैं। वही कई अनुपयुक्त जगहों पर भी इसे लगाया गया है। गांव की लोग बताते हैं कि मुखिया के द्वारा कुछ विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए चिन्हित जगह पर जल मीनार लगवाया गया है। पंचायत क्षेत्र में आने वाले गांव की कई टोले पूरी तरह उपेक्षित है। पेयजल के लिए कुंआ व चुआड़ी का पानी उपयोग करते हैं। जिससे सदैव बीमारी का डर बना रहता है। पंचायत क्षेत्र का राजखांड़ व झांटीनाथ गांव जहां सालों भर कुछ न कुछ लोग बीमार रहते हैं। **घर से काफी दूर शौचालय बनाकर राशि का किया गया दुरुपयोग :** स्वच्छ भारत अभियान व मनरेगा से पंचायत क्षेत्र में शौचालय 813 बनवाए गए। यह आंकड़ा सरकारी रिकॉर्ड में अंकित है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बता रहा है। पंचायत क्षेत्र में शौचालय निर्माण कार्य कराना एक योजना समझकर राशि की बंदरबांट की गई। शौचालय घर से काफी दूर खेतों में बनवाए गए जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े हैं। वहीं शौचालयों की ऊपरी छत हवा में उड़ गए या ध्वस्त हो गए। ऐसा लग रहा जैसे एक दिन भी उसका उपयोग नहीं किया गया है। पंचायत सहित गांव को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। लेकिन आज भी लोग खुले में सोच को जाते हैं। स्थानीय लोगों की माने तो बिना बनवाए भी शौचालय की राशि की निकासी कर ली गई। **नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को सदैव होती है परेशानी :** घासीदाग पंचायत के लोग आज आजादी के 75 वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है। सड़क नहीं रहने के कारण पंचायत क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों बज्रपात की घटना में पंचायत राजखांड़ गांव की एक महिला सुषमा देवी गंभीर रुप से घायल हो गई थी। राजगढ़ गांव स्थित धुरिया नदी में तेज बहाव होने के कारण रात में इलाज को नहीं ले जाया जा सका। इलाज के अभाव में सुषमा देवी पूरी रात तड़पती रही और दुसरे दिन उसे डोली के सहारे धुरिया नदी पार कर इलाज को ले जाया गया। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

## इंकलाबी नौजवान सभा ने पाटन प्रखंड कार्यालय पर लगाया सहायता केन्द्र

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन पलामू इंकलाबी नौजवान सभा पलामू जिला सचिव पवन विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय के समक्ष लगाया गया सहायता केंद्र प्रत्येक मंगलवार को पाटन प्रखंड कार्यालय के समक्ष इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा संचालित सहायता केंद्र में आज भी प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए हुए ग्रामीण जनता ने अपनी समस्याओं को लेकर आवदेन पर दिए सभी आवदेन को प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौप कर अविलम्ब निदान करने हेतु कहा गया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज भी लोग राशन कार्ड, पेंशन, आवास जैसे मूलभूत सुविधाओं से गरीब जूझ रहे हैं पाटन प्रखंड सहित पूरे जिला अकाल सुखाड़ की चपेट की मार झेल रहा है स्थानीय जनप्रतिनिधि सिर्फ अपनी विकास और अपनी झोली भरने में लगे हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब नैशनल बैंक मनातू शाखा का नये परिसर में हुआ उद्घाटन

रांची। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा मंडल कार्यालय रॉंची के अंतर्गत अपनी विश्वविद्यालय झारखण्ड, मनातू शाखा का नये परिसर में उद्घाटन 31.10.2023 को विशिष्ट अतिथि क्षिति भूषण दास, कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय, रॉंची और मुख्य अतिथि वी. श्रीनिवास, अंचल प्रबंधक, पीएनबी, रायपुर अंचल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। शाखा के नये परिसर में केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड के कार्मिकों, छात्रों तथा ग्राहकों के लिए बेहतर बैंकिंग सेवा और सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर मण्डल प्रमुख रॉंची श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, अशोक कुमार, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड, मनातू शाखा, सेंट्रल कोल्ड फील्ड शाखा के शाखा प्रमुख उमेश कुमार सिन्हा, तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी सम्मानित प्रतिनिधि एवं ग्राहक तथा बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

### रन फॉर यूनिटि का हुआ आयोजन

रांची । घीसरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के शुभ अवसर पर रॉंची जिलान्तर्गत ऊरन फॉर यूनिटि का आयोजन किया गया। ऊरन फॉर यूनिटि में जिले के दिव्यांगजनों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मोरहाबादी मैदान, रॉंची से प्रारम्भ होकर रॉंची कॉलेज परिसर तक आयोजित की गई। कार्यक्रम आयोजन से पूर्व उपस्थित प्रतिभागियों को श्री राजेश अग्रवाल, सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, के0एन0झा, सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड, राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, रॉंची द्वारा संबोधित करते हुए सरदार पटेल के योगदान एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का आयोजन सीआरसी नामकुम के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

# झारखण्ड स्वस्थ और समृद्ध राज्य बने : बन्ना गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को नागरिकों की सुविधा के लिए रिम्स अंतर्गत 5 नयी योजनाओं और कार्यों का उद्घाटन किया।

रिम्स के पेइंग वार्ड स्थित 25 बेड के डायलिसिस इकाई, अप रेफेरल कुपोषण उपचार केंद्र, येलो फीवर वैक्सीन सेंटर, रेडियोलोजी एवं ट्रामा सेंटर प्रतीक्षा कक्ष और नए पुस्तकालय का औपचारिक उद्घाटन मंत्री कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि, सरकार की यही मंशा है कि झारखण्ड स्वस्थ और समृद्ध राज्य बनें, इसके लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं ताकि राज्य में एक अच्छी व्यवस्था




कायम हो। उन्होंने कहा की डायलिसिस यूनिट और कुपोषण उपचार केंद्र शुरू होने से राज्य की जनता को काफी सहूलियत होगी और इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

वहीं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अरुण सिंह ने कहा की रिम्स में इन सविधाओं की शुरुआत होने से दूर दराज से आ रहे मरीजो को इसका लाभ मिलेगा। रिम्स के प्रभारी निदेशक डा. राजीव गुप्ता ने बताया कि 25 बेड के डायलिसिस इकाई की इस व्यवस्था के अलावा पहले से संचालित 10 बेड पुरानी डायलिसिस यूनिट चलती रहेगी जहाँ आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के मरीजों का निशुल्क डायलिसिस होगा। वहीं समान्य मरीजों का डायलिसिस 1341 रुपये में किया जाएगा।

मौके पर मौजद नेफ्रोप्लस की मार्केटिंग प्रमुख दीप्ति नेमानी ने कहा कि, नेफ्रो प्लस डायलिसिस सेवा को और अधिक सुलभ बनाना चाहता है और हमारा ध्यान गुणवत्ता, शून्य संक्रमण, अत्याधुनिक मशीन और प्रशिक्षित तकनीशियन पर है। रिम्स ट्रॉमा सेंटर के पहले तल्ले पर अप रेफरल कुपोषण उपचार केंद्र की स्थापना की गई है। लाइब्रेरी में 92278 किताबों की व्यवस्था की गई है और 501 छात्र बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे।

# मयूराक्षी नदी पर बने पुल का नाम बाबा तिलका मांझी के नाम पर हो : प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार से मांग की कि वह मयूराक्षी नदी पर बने पुल का नाम स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम योद्धा में एक बाबा तिलका मांझी के नाम पर करे।

प्रतुल ने कहा कि ऐसा करना ना सिर्फ पूरे संथाल परगना, झारखंड बल्कि देश के लिए गौरव का विषय होगा। प्रतुल ने कहा कि बाबा तिलका मांझी ने 1784 ई में ही आजादी का झंडा बुलंद किया था और तत्कालीन ब्रिटिश कमिश्नर अगस्तस क्लेवलैंड की गुलेल और तीर से मारकर हत्या कर उलगुलान की शुरुआत की थी।बाबा तिलका मांझी और उनके अनुयायियों ने जंगल से अनेक हफ्तों तक अंग्रेजों के छक्के छुड़ा कर रखे थे। बाद में धोखे से उन्हें पकड़ कर फांसी पर चढ़ा दिया गया।प्रतुल ने कहा कि ऐसा करना बाबा तिलका मांझी की



शहादत के प्रति एक छोटी सी श्रद्धांजलि होगी।

प्रतुल ने मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि वह कब तक भाजपा के सरकार के समय शुरू की गई योजना का उद्घाटन कर जबरदस्ती श्रेय लेने की कोशिश करते रहेंगे? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री एक भी योजना बताएं जो उनके सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई हो और जिसका उद्घाटन भी इन्होंने किया हो।

प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का फोकस विकास पर रहा ही नहीं है। यह सिर्फ लूट और खसोट में लगी रही है।नहीं तो 4 वर्ष का समय काफी होता है किसी सरकार को अपनी योजना का प्रारंभ कर उसका उद्घाटन करने के लिए। लेकिन मुख्यमंत्री के खाते में ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है।प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यकाल देखते-देखते भाजपा के कार्यकाल की योजनाओं का ही उद्घाटन करते-करते समाप्त हो जाएगा। मौके परप्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री बिंदेश्वर उरांव,मंत्री रोशनी खलखो उपस्थित थे।

# जेएससीए के आजीवन सदस्य अतुल प्रसाद के निधन पर हुआ शोक सभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के आजीवन सदस्य स्व अतुल प्रसाद के आकस्मिक निधन पर जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर में एक शोक सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में जेएससीए एवं कंट्री क्रिकेट क्लब के कर्मचारियों के साथ साथ जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय, कार्यकारिणी के सदस्य विजय पुरी, सीईओ एके सिंह, किशोर चंद्र, सुरेश कुमार, रमेश सिंह, डा0एस बी सिंह, मनोज कुमार, अमरनाथ दिवाकर, रमेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनके आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।अपने शोक संदेश में संजय सहाय ने बताया कि स्व0 अतुल प्रसाद एक व्यवसाई के साथ साथ क्रिकेट के बहु बड़े प्रमोटर थे। जब महिला क्रिकेट बीसीसीआई का अंग नहीं था उस समय स्व0 प्रसाद ने महिला क्रिकेट के उत्थान के लिए काफी मेहनत किए। उनके निधन से पूरा जेएससीए परिवार मर्माहत हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को इस दुःख की घड़ी में विशेष शक्ति दें।विदित हो कि 31 अक्टूबर को लम्बी बिमारी के पश्चात् अतुल प्रसाद जी का रांची में निधन हो गया था।

# हमारी सरकार खिलाड़ियों के लिए काम कर रही है : हफीजुल हसन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन का एजीएम संपन्न हुआ। जिसमें रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन का गठान किया गया। पर्यवेक्षक झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रवीण कुमार मौजुद रहे। इस मौके पर खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा झारखंड में खेल को महत्व मि रहा है। अभी हॉकी का अंतरराष्ट्रीय मैच रांची में हो रहा है। मुख्यमंत्री खिलाड़ियों की सिंधी नियुक्ति कर रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्षबिनय सिन्हा दिपू,कार्यकारी अध्यक्ष ओवैस अरफ़ात,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल अनाद नाग,अजय मुकुल टोप्पो ,मनिंदर कुमार सिंह,आलोक रंजन



श्रीवास्तव, अनंजय कुमार उर्फ रिंकू वर्मा,पंकज प्रियदर्शी, नौशाद खान,मुजीबुदीन, कलीम खान, उपाध्यक्ष, मनिंदर कुमार सिंह, नौशाद खान,आलोक रंजन श्रीवास्तव, शहजाद कुरैशी, कलीम खान,एमडी मुजीबुद्दीन, धनंजय कुमार उर्फ रिंकू वर्मा, महासचिव गुलाम जावेद, संयुक्त सचिव गुलाम गौश कुरैशी, सुनील कुमार वर्मा, धनंजय कुमार, मो. सकील,लालचंद लोहार, संजीव श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, कमल किशोर कच्छप,कानूनी सलाहकार प्रिया सदस्य, सिंटू कुमार, पूनम सिंह, बलमदीना तिग्गा,कुमारी प्रिया, के.पॉल बाबू,एमडी कामेर,साकिब ज़िया,आफताब आलम,अशफर खान।

# डॉ. संजीव ने गंभीर बीमारी से ग्रसित महिला को पारस अस्पताल में स्वस्थ कर दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। एक 38 वर्षीय महिला मरीज़ का इलाज कर पारस अस्पताल ने फिर अपने विश्वास को आगे बढ़ाया है। जिस महिला मरीज़ की बात हो रही है वह पिछले लगभग 15 दिनों से चलने में तकलीफ़ के साथ-साथ चेहरे के एक तरफ़ के हिस्से में कोई संवेदना महसूस नहीं कर पा रही थी। पहले से ही मरीज़ के ब्रेन का एम आर आइ बाहर किया गया था, जिसमें ब्रेन ट्यूबरकुलोसिस बताया गया था ।

उसके बाद महिला मरीज़ को उनके परिजनों ने राँची के पारस एचईसी अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग में इलाज के लिए भर्ती कराया। पारस एचईसी अस्पताल के ओपीडी में रोगी को डॉ संजीव कुमार शर्मा (सलाहकार न्यूरोलॉजी, पारस एचईसी अस्पताल) ने देखा। मरीज़ की एम आर आइ रिपोर्ट की जाँच करने के बाद उन्होंने पाया कि मरीज़ को ÷माइलिन ऑलिगोडेंड्रोसाइट ग्लाइकोप्रोटीन एंटीबॉडी रोग (जुक्सट्रैको में डिमाइलिनेटिंग घाव) है। रिटिकल, थैलेमस, बेसल गैन्लिया, आंतरिक कैप्सूल और मध्य अनुमस्तिष्क पेडुंकल में गांठदार घाव)। डॉ संजीव कुमार शर्मा बताते हैं कि यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के ऑलिगोडेंड्रोसाइट के खिलाफ एंटीबॉडीज बन जाती हैं और यदि रोगी के पास ऑप्टिकस्पाइनल इन्वॉल्वमेंट नहीं है तो इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है। डॉ संजीव कुमार शर्मा ने मरीज़ को मात्र 6 दिन के इलाज में ठीक कर दिया।

# 64वें वर्ष छठ पूजा को धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय : मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में 64वे वर्ष छठ पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में वर्ष 2022 के आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया एव पुरानी कमिटी को भंग की गई ।

बैठक में स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने इस वर्ष छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर निगम से आग्रह किया कि पूजा के पहले बड़ा तालाब सहित राजधानी राँची के सभी तालाबो की साफ सफाई कराई जाए ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े । पूजा से पहले सभी छठ घाटो को साफ किया जाए एवं आसपास की गंदगी को भी हटा दी जाए ।श्री मिश्रा ने बताया कि

### बैठक में सर्व सहमति से

राजीव रंजन मिश्रा एवं संजय सेठ (सांसद) को मुख्य संग्रक्षक बनाया गया । संग्रक्षक ऱ विनय सरावगी ,शमशेर आलम , प्रणय कुमार , रमेश सिंह, साहेब अली , मो असलम , मो एतेशंषाम(पार्षद) , संदीप वर्मा , सुशील केजरीवाल ।संयोजकऱ रतन जालान ,किशोर साहू , गोपाल पारीक , सूरजभान सिंह , अशोक पुरोहित , कैलाश केसरी एवं महेश चंद्रा ।अध्यक्ष-राम अनुज सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष- रमेश केडिया, महा मंत्री - बंटी सिंह, मंत्री- दीपू गाड़ी , उपाध्यक्ष- लंकेश सिंह ,राहुल सिन्हा , विशाल मिश्रा , मनोज शर्मा , सह-मंत्री- मो रॉकी , नंद किशोर चांगल , अभिनव आनंद , गोपाल चांगल ,मो परवेज , प्रकाश पाल , इंदर सिंह , राजू पोद्दार , प्रचार-मंत्री - अरविंद सिंह, सह-प्रचार-मंत्री-पिंटू चांगल को बनाया गया साथ 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गई ।

बैठक में मुख्यरूप से अविनाश आनंद , पुरुषोत्तम मालाकर , सत्यनारायण राम , दीपू राम , आर्यन कुमार , निरंजन मिश्रा , संदीप शर्मा , श्याम कपाड़िया , राजू कपाड़िया , मनीष सिन्हा सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे ।

# राज्यपाल ने जम्मू कशमीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज भवन में आयोजित केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कशमीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र भारत का स्वर्ग है और इन प्रदेशों ने अपने प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से दुनिया को आकर्षित किया है। हमारे देश में अलग-अलग क्षेत्रों में भाषा एवं संस्कृति में विविधता है। वहाँ के रहन-सहन एवं पहनावा में भी विविधता हैं। उनके अपने लोक गीत, लोक नृत्य



एवं लोक उत्सव हैं। यहाँ विविधता में एकता है और हम सब एक हैं। हम सभी को अपनी भाषा, समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा से स्नेह करने के साथ दूसरों की भाषा, संस्कृति व परंपरा का आदर करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के लोगों ने पर्यटन एवं आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका साहस और राष्ट्र प्रेम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख का सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहल की जा रही है। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जानने का अवसर मिलेगा और संस्कृतियों का भी आदान-प्रदान होगा। जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। राज्यपाल ने सभी को सम्मानित भी किया।

# कोरिया ने थाइलैंड को हराया



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के चौथे दिन का पहला मुकाबला कोरिया और थाइलैंड के बीच खेला गया। जिसमें कोरिया ने थाइलैंड 3-0 से मात देकर पूरे अंक अर्जित किए। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम खेले जा रहे पहले मुकाबले में पहला क्वार्टर में कोरिया और थाइलैंड दोनों गोल नहीं कर पाई। मुकाबले का पहला गोल कोरिया की यूजीन ली ने 24वें मिनट में किया। उन्होंने थाइलैंड के डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। पहले हॉफ के आखिरी मिनट में कोरिया ने दूसरा गोल दाग लीड को 2-0 किया। मुकाबले के 30 वें मिनट में चीयोंग जंग ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। मुकाबले का तीसरा गोल 32वें मिनट में आया। कोरिया की सिऊंगा पार्क ने शानदार फील्ड गोल कर लीड को 3-0 किया, जिसे कोरिया ने मुकाबले के अंत तक बरकरार रखा।इसके बाद मलेशिया और चाइना के बीच भिड़ंत हुई। खबर लिखे जाने तक भारत और जापान के बीच जमकर हुई टक्कर। मुकाबले की शुरुआत में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और हॉकी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

आगे ऐसे होंगे मुकाबलेः एक नवंबर 2023 : रेस्ट डे, 2 नवंबर 2023, मलेशिया बनाम थाईलैंड। (6.15 बजे) चीन बनाम जापान, (8.30 बजे) : इंडिया बनाम कोरिया। 3 नवंबर 2023 :रेस्ट डे रहेगा।

# राज्यपाल से मिले झारखंड विधानसभा अध्यक्ष



रांचीः राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

# हॉलीवुड एक्टर एइनर हेराल्डसन वाऊ सिनेमा को किया आंमत्रित : प्रभात राज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सुधा सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले ओटीटी प्लेटफार्म वा सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) को रांची में किया जाएगा। इस समारोह के विशेष आकर्षण हॉलीवुड एक्टर एइनर हेराल्डसन एवं बॉलीवुड एक्टर रमेश गोयल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इन्हें वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट एवार्ड 2023 से नवाजा जाएगा। इसके अलावा भारत के अन्य प्रदेशों से एवार्ड के रूप में क्रमश वेस्ट निर्माता, निर्देशक, एक्टर, गायक, कहानीकार, गीतकार, नाटककार, कैमरा मैन, संगीतकार को चयनित कर सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष एवं फिल्म कलाक्षेत्र मे 25 वर्ष का कार्य अनुभव एवं योगदान सुनिश्चित किया गया है। वर्ष 2022 ओटीटी प्लेटफार्म 'बाऊ सिनेमा' के उद्घाटन समारोह के दौरान क्रमशः इक्बाल दुर्रानी (बॉलीवुड लेखक, निर्माता, निर्देशक), देवेश खान ( एक्टर) सिराज अहमद ( फिल्म निर्माता), रीना सहाय (चरित्र अभिनेत्री सच्चिदानंद खालखो (फिल्म निर्देशक), आनंद जालान (फिल्म निर्माता) को ÷वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट एवार्ड 2022÷ से सम्मानित किया गया। इसके अलावा ÷वाऊ सिनेमा के लिए कार्य कर रहे राज्य स्तर के अधिकारी एवं जिला स्तर के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने आए विशिष्ट अतिथियों को यादगार स्वरूप एक मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस ओटीटी चैनल की एम.डी. शबनम राज एवं सी.ई.ओ प्रभात राज है इसके अलावा कंपनी के अन्य डायरेक्टरों में पियूष राज एवं प्रियांशु राज मुख्य है।

### प्रभात राज ने कहा

ओटीटी प्लेटफार्म चाऊ सिनेमा के सीईओ प्रभात राज ने कहा कि यह भारत की प्रथम ऐसी कंपनी है जो 30 भाषाओं में मसलन हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, भोजपुरी, बंगला, उड़िया, मराठी ,असमिया, तमिल, तेलगु, कन्नड ,मलयालम, पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी, गड़वाली, बुन्देलखण्डी, मगही, मैथिली, नागपुरी, खोरठा ,संथाली, अंगिका, नेपाली, हरियाणवी छत्तीसगढी, ब्रजभाषा, अवधी, मणिपुरी, कश्मीरी एवं 7 श्रेणिओं में क्रमशः फिल्म, सिरियल, वेब सीरीज, टेली फिल्म, वेब फिल्म कृतचित्र एवं विडियो एलबम पर कार्य कर रही है। वर्तमान में पूरे भारत में इस ओटीटी चैनल के साथ दर्शक जुड़े हुए हैं। कई निर्माता एवं निर्देशकों ने अपने कंटेंट को ओटीटी प्लेटफार्म ÷वाऊ सिनेमा पर रिलीज के लिए दिया है और करीबन 150 कंटेटो को रिलीज किये जा चुके हैं। वर्तमान में कंपनी कंटेट को रिलीज कर रही है। भविष्य में एक्सक्लूसिव राइट्स लेने एवं निर्माण की भी योजना है। एप्पल मोबाइल पर भी उपलब्ध हो जाएगा।

# एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने की जरूरत : डीजीपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। प्रत्येक वर्ष पूरे देश में 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। उक्त अवसर पर पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड रांची के प्रांगण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड अजय सिंह के द्वारा पुलिस मुख्यालय में सभी उपस्थित वरीय / कनीय पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाकर उमंग के साथ इस दिवस को मनाया गया।

ज्ञात हो कि एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस एवं अन्य वर्दीधारी बलों द्वारा आज के दिन मार्चपास्ट, शपथ ग्रहण एवं अन्य प्रकार से इस दिवस को मनाये जाने की परम्परा रही है। इस अवसर पर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, अजय कुमार सिंह के अतिरिक्त मुरारी लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, डॉ संजय



आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, प्रिया दूबे, अपर पुलिस महानिदेशक, आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक प्रोविजन, अन्रेषु विजया लक्ष्मी, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, डॉ0 शम्स तबरेज, पुलिस उप महानिरीक्षक, बजट ,माईकल एस0 राज, पुलिस उप महानिरीक्षक विशेष शाखा सहित सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया।

# इलाजरत कैदी रिम्स से फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मंगलवार की सुबह रिम्स अस्पताल में एक बार फिर एक कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार कैदी की तलाश में बरियातू थाना की पुलिस जुट गई है। कैदी सूरज मुंडा है जो मेडिसन विभाग के आईसीयू में भर्ती था, अहले सुबह करीब तीन बजे के बीच में उसने सिपाही से कहा कि बाथरुम जाना है और यही बात कह कर निकला चुपचाप फरार हो गया। जब कैदी वापस अपने आईसीयू वार्ड में नहीं आया तो ड्यूटी में तैनात सिपाही के होश उड़ गए। इसके बाद



उसने खोजबीन शुरू कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद रिम्स अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। कैदी को दस अक्टूबर को रांची जेल से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया था। सीसीटीवी फुटेज जांच में पुलिस को यह जानकारी मिली है कि सूरज मुंडा 31 अक्टूबर की अहले सुबह तीन बजे के बीच फरार हुआ है। रांची के चुटिया थाना क्षेत्र से सूरज मुंडा को दो माह पूर्व चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार करने के बाद उसे रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था। बरियातू थाना प्रभारी ने बताया कि मानसिक रूप से कैदी सूरज मुंडा बीमार है। उसे जेल के डॉक्टर की सलाह के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया था। कैदी के फरार होने की सूचना रांची के सभी थानों को दी गई है। फरार कैदी को पकड़ने के लिए पुलिस जुट गई है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# बदहाल हो गया है खलारी का एसीसी छठ घाट तालाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** छठ पूजा शुरू होने में करीब दो सप्ताह का समय बचा है. परंतु खलारी के छठ घाटों की साफ सफाई अभी तक शुरू नहीं हुई है. खलारी के छठ घाटों में सबसे अधिक बदहाल एसीसी छठ घाट तालाब है. तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा सोनाडुबी नदी को बांधकर यह तालाब बनाया गया था. सोनाडुबी के पानी को रोकने का प्रबंधन ध्वस्त हो चुका है. अभी स्थिति यह है कि जहां छठव्रतियां अर्घ्य देगी वह जगह सैवाल, जलकुंभी व गंदगी से पटा हैं. यह छठ घाट खलारी एसीसी कॉलोनी व आसपास के लोगों का काफी पुराना छठ घाट है. तालाब में फैली गंदगी, सैवाल, जलकुंभी छठव्रतियों के परेशानी का कारण बनेंगे. सोमवार को श्रीजानकीरमण मंदिर दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष रंजनसिंह बिट्टू व सचिव अवधेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल इस छठ घाट का निरीक्षण किया. कार्यकर्ताओं ने तालाब की साफ सफाई के लिए हर संभव उपाय पर विचार विमर्श किया. नदी के बांध में वैकल्पिक कंक्रीट फाटक लगाकर पानी रोकने का निर्णय लिया गया है. बिट्टू सिंह ने कहा कि जल्द ही छठ पूजा समिति की बैठक की जाएगी तथा छठ पूजा से पूर्व तालाब और आसपास सफाई कर व्रतियों को अर्घ्य देने लायक बना दिया जाएगा. मालूम हो कि डीएमएफटी फंड से खलारी के कई छठघाटों का सुन्दरीकरण किया जाना है जिसमें एक एसीसी छठघाट भी है. परंतु टेंडर प्रक्रिया में अभी देर है. इधर कमेटी के लोगों ने खलारी बीडीओ लेखराज नाग से मिलकर एसीसी छठ घाट की साफ सफाई करवाने का आग्रह किया है. बीडीओ की ओर छठ घाट सफाई का आश्वासन मिला है. एसीसी छठघाट का मुआयना करने वाले कार्यकर्ताओं में रंजनसिंह बिट्टू, अवधेश यादव, पवनराज सिंह बंटी, सुनील प्रसाद बड़े, सूरज, कन्हैया झा, अजीत कुमार, संजय कामत, सोनू सिंह, बबलू सिंह आदि शामिल थे.



## उलिहातु में पीएम के संभावित आवागमन की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में धरती आबा की जयंती और झारखंड दिवस 15 नंवबर को देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के संभावित आवागमन को लेकर मंगलववर को जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ तैयारीयों को लेकर उलिहातु में एक समीक्षा बैठक की।इस दौरान उलिहातु मे चल रहे विकास योजनाओं आवास, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता,बिजली भवन, मॉडल आंगनवाड़ी, सी एस सी बिरसा आवासिय विद्यालय, हैलीपैड, बिरसा ओड़ा,बिरसा स्टेचू में चल रहे रंग रगोन कार्य का निरीक्षण किया।वहीं कंटड़ापीड़ी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र,हरामसेरेंग हैलीपेड मैदान सैको भाषण मैदान का भी निरीक्षण किया । बैठक मे जिला और प्रखंड के सभी विभागीय पदाधिकारीयो को कार्य मे गति लाने का निर्देश भी दे गये। मौके पर डीडीसी नितिश कुमार एसडीएम अनिकेत संचान,एसपी अमन कुमार, डीसीएलार जितेंद्र मुंडा सहित जिले के तमाम विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।



## पिपरवार में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई।इस मौके पर बचरा चार नंबर स्थित पटेल चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।साथ ही आपसी एकता और भाईचारे की शपथ दिलाई गई।वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनके अधूरे सपने को साकार करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर आपसी एकता और भाईचारगी का संदेश दिया।जीएम सीबी सहाय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा देश के लिए किये गये कार्यो को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।समाज में उन्होंने आपसी एकता और भाईचारगी को कायम रखने में अहम भूमिका निभाया है और आपसी एकता का संदेश देने का काम किया है।आज जरूरत है उनके अधूरे सपने को साकार करने की।मौके पर जीएम सीबी सहाय, जीएसपी शर्मा,सकील अख्तर,एके पाठक, इन्द्रजीत सिंह,डीके शर्मा,अरूण महतो,रवि बाड़ा,शुभोजित हलदर,ज्योति कुशवाहा, मुंद्रिका प्रसाद,दिलीप गोस्वामी,भीम मेहता, मुखिया गुजंन सिहं, रीना देवी,उमेश महतो, पिंकी सिंह,दामोदर महतो,रविंद्र सिंह,इन्द्रजीत चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर सीआईएसएफ पिपरवार युनिट के द्वारा राष्टीय एकता दिवस मनाया गया।कार्यक्रम मे सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस ने उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों को राष्टीय एक और अखण्डता की शपथ दिलाया।



## सेवानिवृत कर्मियों को विदाई दी गई

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यक्ष्मा आरोग्यशाला के सेवानिवृत फर्माशिष्ट सह भंडार पाल श्रीचंद यादव को एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। मंगलवार को आरोग्यशाला के सभागार में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने श्रीचंद यादव के द्वारा आरोग्यशाला में लगातार 33 वर्षों की सेवा काल में की गई उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा करते हुए सराहना की गई साथ ही सेवानिवृत के बाद उनके बचे जीवन में खुशहाली का कामना किया गया। कार्यक्रम में आरोग्यशाला प्रशासन और कर्मचारियों द्वारा उन्हें कई उपाहार भेंट की गई। कार्यक्रम में राज्य स्वास्थ्य उप निदेशक डॉ रंजीत प्रसाद, अधीक्षक डॉ पीके भगत , पूर्व उपाधीक्षक डॉ शकील अहमद, डॉ रेणू तिर्की, डॉ नर्माता सिंह, डॉ सालिक जमाल, डॉ आर्या कुमार, डॉ स्वेता सिंकू, नर्स निर्मला, स्वेता कुमारी, प्रिय रंजन, कौसर आलम, शमीम अंसारी, राकेश गोप, मनोज सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इधर इटकी प्रखण्ड भी में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत जन सेवक सह प्रधान सहायक श्रीधर शारंगी को विदाई दी गयी। मौके पर कई उपाहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू,बीटीएम सुमन बारला, धीरज लकड़ा, बीपीओ संजय कुमार साहू, बीपीआरओ धनेश्वर राम,सुधीर राम तिवारी, रहीस मलिक,वाहिद अंसारी, चारो खलखो,चंदन कुमार, रमाकांत साहू, अजीत कुमार, सन्नी बाखला, रूपचंद कुमार,सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह मनाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय एकता के निर्माता सरदार वल् लभभाई पटेल की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने 31 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। छात्रों ने हमारे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में भाग लिया। एनसीसी कैडेट के नेतृत्व में छात्रों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी ली। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ0 प्रदीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को प्रेरित करने के लिए विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की।प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने में मदद मिलेगी क्योंकि वे ही देश के भविष्य हैं।



## तीन नवम्बर को आदिवासी जमीन बचाओ अभियान की ओरमांझी में जिला स्तरीय बैठक : रमेश उरांव

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के चकला पंचायत सचिवालय के सभागार में रांची जिला के विभिन्न आदिवासी संगठनो द्वारा आदिवासी जमीन बचाओ अभियान की शुरुआत ओरमांझी प्रखंड से तीन नवम्बर से की जा रही है।यह जानकारी मुख्य संरक्षक झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज मुन्ना पतरा चकला के रमेश उरांव ने दी। उन्होंने बताया कि जमीन से संबंधित कोई भी समस्या हो तो जमीन के सभी कागजात के साथ लेकर उक्त अभियान कार्यक्रम की बैठक आए।ताकि आदिवासी की जमीन की लूट को रोका जा सके।आदिवासी जमीन बचाओ अभियान का मुख्य एजेंडा आदिवासी खतियान को इस्तीफा दिखाकर गैर आदिवासी जमीन बनाने को रोकना, सदा पट्टा से आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाना,सामाजिक, धार्मिक जमीन जैसे पहनैई, मुंडाई पुजार, महतोई, कोटवारी डाली कटारी भंडारी, जतरा स्थल, सरना ,मसना देशावाली, को सरकार चिन्हित कर रक्षा करने की मांग, भूईहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगाना,लंबित दखल-देहानी को दिलाना, एनआईसी द्वारा ऑनलाइन में गड़बड़ी को रोकना,अंचल द्वारा खतियान जमीन को ऑनलाइन नहीं करने के खिलाफ आंदोलन करना, आदिवासी लोहरा जमीन का खतियान लोहार जमीन को जनरल जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगाना, गैर मजरूआ जमीन को फर्जी कागज बनाकर बेचने पर रोक लगाना, आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता को खत्म करने की मांग, रिकॉर्ड रूम से बहुत से मौजा का खतियान गायब हैं। उसकी सीबीआई जांच की मांग करना,एस0आर0कोर्ट द्वारा आदिवासी जमीन का गलत कंपनसेशन का सीबीआई जांच, एस0आर कोर्ट को सशक्त बनाया जाए आदिवासी जमीन की लूट को लेकर इन सभी मुद्दों पर उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।उक्त बैठक आदिवासी जमीन बचाओ अभियान में रांची जिला के कई आदिवासी समाज के संगठन के वरिष्ठ आदिवासी नेता शामिल रहेंगे।और श्री उरांव ने लोगों से अपील भी किया है। कि ज्यादा से ज्यादा लोग बैठक में आकर अपनी-अपनी समस्याओं को रखें।और लाभ उठाएं।

## फुटबॉल खेल टीम वर्क, संचार व समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाता हैं : डॉ. देवशरण भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** तमाड़ प्रखण्ड मरधान पंचायत अंतर्गत मरधान स्कूल मैदान में जय मां शारदा नवयुवक क्लब जादोडीह मारधान की ओर से एकदिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड आन्दोलनकारी आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रबक्ता डॉ0 देवशरण भगत जी ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे जैसे खिलाड़ी एक सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोग करते हैं, वे सामूहिक प्रयास के महत्व को स्वीकार करते हुए व्यक्तिगत शक्तियों को महत्व देना सीखते हैं। हम सभी खिलाड़ियों को अपने जीवन में अभाव में भी खेलना और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए तैयार होना होगा, मौके पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव ईचागढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता श्री हरेलाल महतो जी उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष सह तमाड़ विधानसभा प्रभारी श्री राम दुर्लभ सिंह मुण्डा जी आजसू नेता सह खिजरी विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी श्री पारसनाथ उरांव जी सभी ने प्रतियोगिता में अतिथियों द्वारा टीमों को पुरुष्कृत किया गया प्रथम बिजेता टीम संदीप ब्रदर्स को प्रथम पुरस्कार 50,000 रूपये एवं उप बिजेता टीम एस0 बी0 ब्रदर्स को द्वितीय पुरस्कार 40,000 रूपये प्रदान किया गया।




झारखण्ड सरकार

कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

**मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना वर्ष 2023–24 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0– 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणों के अनुरूप कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु राँची जिला के जलाशय जलक्षेत्र के मत्स्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कार्यक्रमों की सूची / विवरणी

| क0 | कार्यक्रम | इकाई | भौतिक लक्ष्य लघु शीर्ष 796 | भौतिक लक्ष्य लघु शीर्ष 789 | इकाई अनुमान्य लागत | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2017–18 के पूर्व निर्मित केज के लिए ग्रो–आउट नेट 6x4x4 मी0 साईज का 45 ply के 12 – 24एम0एम0 eye size नाईलॉन, 210 डी0 नाईलॉन Knotless | सं0 | 20 | – | 30,425 /– रू0 प्रति इकाई | 25 प्रतिशत् या 7606 /– रू0 प्रति इकाई जो कम हो। | वर्ष 2017–18 के पूर्व निर्मित केजों में मछली पालन करने वाले मत्स्यपालक। |
| 2 | केज रिपेयरिंग | सं0 | 20 | – | अधिकतम 35,000 /– रू0 प्रति इकाई | 25,000 /– रू0 प्रति इकाई अधिकतम अनुदान राशि के अतिरिक्त व्यय होने वाली शेष राषि | ऐसे केज लाभुक जिनके केज में मरम्मति की आवश्यकता हो। |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटरचालित नाव 4 से 6 सीट क्षमता वाले FRP Boat Size 14'.0"x5'-4"x2'-0" के साथ 9. 9 HP OBM HIDEA Manual Rope start 2 stroke petrol operated तथा Accessories-Oars (2 Nos.) एवं PP Rope-50 Ft. | सं0 | 2 | – | अधिकतम 4,45,000 /– रू0 | 10 प्रतिशत् या 44,500 /– रू0 जो कम हो। | जलाशय के मत्स्यजीवी सहयोग समिति आवेदन कर सकते है। |
| 4 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों / सदस्यों के लिए गिल नेट (Fish net Nylon Poly, Twin size 1/3, mesh size 75mm-150mm, M.D 100) 5 किलोग्राम प्रति लाभुक | सं0 | 40 | 8 | 638 /– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के अनुमान्य दर से 3190 /– रू0 प्रति लाभूक | 10 प्रतिशत् या 319 /– रू0 जो कम हो। | जलाशयों में मछली की शिकारमाही करने वाले जलाशय म0जी0सह0 समिति / सदस्य / विस्थापित / कोविड– 19 के प्रवासी मजदूर जो जलाषय में शिकारमाही करते है या करना चाहते है। |
| 5 | केज हाउस का अधिष्ठापन तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजना प्राक्कलन के अनुरूप | सं0 | 5 | – | 5,06,000 /– रू0 अधिकतम | 10 प्रतिशत् या 50,600 /– रू0 जो कम हो। | पूर्व में निर्मित केजों के ऐसे लाभ्क जिन्हें केज हाउस का लाभ नही मिला है। वे इस योजना का लाभ लेने हेतु सामुहिक रूप से / समिति के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं |
| 6 | नाव | सं0 | 20 | 4 | अधिकतम 33,000 /– रू0 | 10 प्रतिशत् या 3,000 /– रू0 जो कम हो। | जलाशय के मत्स्यजीवी सहयोग समिति आवेदन कर सकते है। |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में राँची जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अर्हता रखते है एवं आवेदित कार्यक्रम के कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम है, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 08.11.2023

आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.310271 Fish(23-24):D



**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Notice Inviting Short Tender**

**e-Tender Reference No. LNP/ 11/2023-24** **Date- 30-10-2023**

The Undersigned invites overall Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in Urban Development and Housing Department, Jharkhand. The bid shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in The bidders(s) should have necessary portal enrolment with their own digital.

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of RCC drain with slab From Gulam house to Urdu middile school via bashir house (1315'), & Sakil house to Sonu house via firoj house (350'), & Construction of RCC culvert near Ursh maidan at W.N. - 12 | 46,36,614.00 | 92,732.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of P.C.C. road from Jainathpur Akhra to Bhola Mahato house, Fuldew oraon house to Sikha house and Chandan Rajgariya house to Sager Mandel house in ward no 18 | 52,88,413.00 | 1,05,768.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from (1) Bagdu road Eidgah to Jubair ansari house via manir ansari house (drain= 1715', PCC= 980') (2) Emamuddin house to bashir house (drain= 530' , PCC= 340'), (3) Gulam rasul house to Soyeb house (drain= 230', PCC=295'), Islamnagar, Lohardaga at Ward NO- 11 | 54,17,916.00 | 1,08,358.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 4 | 4 | Construction of RCC drain with slab From Sanjay sahu house to Usha kumari house (Kisko More 700') & Vinay agarwal house to Jayshil prasad house (Kisko more 530') W.N -06 | 31,01,608.00 | 62,032.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 5 | 5 | Construction of RCC drain with slab from Koka Pan Dukan to Rinku house (Powerganj Chowk) and Construction of drain & Repairing of PCC Road from (1) Tipu house to Dhoda toli road (2) Girwar Shishu sadan school to Naim khan house (Near Choti Masjid) at Ward NO- 03 | 29,28,355.00 | 58,567.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 6 | 6 | Construction of RCC drain with slab From (1) Block more to Rajiv ranjan house ( Block colony 1050') & Construction of PCC Road from Mahatam yadav house to arvind dubey house ( block colony 150' ) & Repairing of PCC Road from (1) Pramod sahu hose to anita devi house ( 250' block colony ), (2) Prakash sharma house to arvind mishra house ( 400' block colony), (3) Laldev bhagat house to shashi badaik house ( block colony 275' ) at W.N. -04 | 40,15,634.00 | 80,313.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 7 | 7 | Construction of RCC drain with slab near Taj Banquet Crocery Shop to Shoe Mahal New Road, Whali jee house to Shashi Sahu house, Sayad Kalim house to Shakil khan house and Sohel Medical Shop to Anu Battel Shop in ward no 13 | 41,47,153.00 | 82,943.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 8 | 8 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from ( 1 ) Surendra Say house to Shashi Badaik house & Anil Sinha house to Ramjee Sahu house, Block Colony ( Drain= 1120', PCC=1305' ), (2) Ravi Sinha house to Master sahab house, Dhoratoli ( drain= 150' ), at Ward NO- 04 | 34,90,955.00 | 69,819.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 9 | 9 | Construction of PCC road & RCC Drain from Budhu oraon house to livelihood centre (Patratoli) at W.N. -05 | 43,58,945.00 | 87,179.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 10 | 10 | Construction of P.C.C. road from Fulmani Toppo house to Irdan Ekka house via Gulsan Ekka house and Roshan Toppo house to Sanjay Rajak house via Ramchander Rajak house in ward no 23 | 27,91,631.00 | 55,833.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 11 | 12 | Construction of RCC drain with slab From Barwatoli chowk to Radha Marble(Collage Road) at Ward no -19 &23 | 24,75,262.00 | 49,600.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 12 | 12 | Construction of PCC Road near SDO Office under nagar parishad lohardaga at Ward NO- 06 | 24,74,472.00 | 49,500.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-11-2023 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-03-11-2023 Time 11:00 A.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-11-2023 Time 11:30 P.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 17-11-2023 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Administrator**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 310278 (Lohardaga) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## साई बाबा की 11वी स्थापना दिवस पर जादूगोड़ा में निकली पालकी यात्रा

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मडीह स्थित सच्चिदा नंद साई बाबा मंदिर में आज मंगलवार को साई बाबा की 11वी स्थापना दिवस मनाया गया। इधर इस मौके पर धर्मडीह साई बाबा मंदिर से तिलुरघुटू तक पालकी यात्रा निकाली गई जो गांधी मार्केट, युसील कॉलोनी भ्रमण कर वापस साई मंदिर पहुंच कर समाप्त हो गई। यात्रा की अगुवाई संस्थापक अमल मुखी,सचिव बिंदु मुखी, कोषाध्यक्ष कमल मुखी व पूजारी शिव कुमार पांडे ने की। अमल मुखी ने साई बाबा के महत्व व उनके चमत्कार से अवगत कराया, कहा की वे जगत के गुरु है। उल्लेखनीय है कि जादूगोड़ा में बीते 2013 से साई बाबा की पालकी यात्रा निकाली जा रही है।

## उड़ीसा के नए राज्यपाल रघुवर दास के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए प्रमोद मिश्रा, दी बधाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को झारखण्ड के पूर्व



मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उड़ीसा के नए राज्यपाल के रूप में पद की शपथ ली। उड़ीसा के मुख्यन्यायधीश ने एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एवं उनके मंत्रीमंडल के सदस्य के अलावे रघुवर दास के परिजन भी उपस्थित थे। बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए एवं शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत उनसे मिलकर पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी ।

## श्याम सेवा संघ के वार्षिक महोत्सव में 21 दिसंबर को सोनारी में सजेगा खाटू वाले का दरबार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान में श्री श्याम सेवा संघ सोनारी द्वारा आयोजित होने वाला 22वां भव्य श्री श्याम वार्षिक महोत्सव आगामी 21 दिसंबर 2023 गुरूवार को होने जा रहा हैं, जिसकी तैयारिया अभी से ही शुरू कर दी गयी हैं। इस संबंध में राजस्थानी महिला सत्संग भवन मे संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया की इस वर्ष भजनो की अमृत वर्षा हेतु राजस्थानी धमालो के लिए प्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा (जीतू) को कोलकाता एवं रोमा निषाद को प्रयागराज से आमंत्रित किया गया है। साथ ही लौहनगरी के भजन गायक महाबीर अग्रवाल मुन्ना भी मंच संचालन करते हुए अपनी हाजिरी बाबा के दरबार में लगायेंगें। इस बैठक मे मुख्य रूप से संदीप मित्तल, समीर दीवान, अजय मित्तल, अरविन्द अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, समेत संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे।

## न्युवोको विस्टास ने दूसरी तिमाही परिणामों की घोषणा की

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत में अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी ने 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 23.82 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कार्पोरेशन लिमिटेड भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनियों में से एक है। कंपनी के दूसरी तिमाही में अपने ओवरऑल प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री जयकुमार कृष्णस्वामी, प्रबंध निदेशक, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि वॉल्यूम से अधिक मूल्य की हमारी रणनीति ने कंपनी के प्रदर्शन में सकारात्मक योगदान दिया है। हमारी व्यापार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 72 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, परिणाम पारंपरिक और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के बीच अनुकूलित बिजली और एनर्जी मिक्स के माध्यम से प्रभावी लागत पर्यावरण के प्रबंधन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करते हैं।

## पुलिया के नीचे चल रही थी शराब की भट्ठी, पुलिस ने किया ध्वस्त

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलकाटा गांव में जंगल के पास पुलिया के नीचे काफी दिनों से महुआ शराब की भट्ठी चल रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को छापेमारी अभियान में पहुंची पुलिस ने भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 60 किलो महुआ जावा को विनष्ट कर दिया गया है। पुलिस द्वारा अवैध शराब की भट्ठी का संचालन करने वाले कारोबारी के बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिसिया कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## जिला मलेरिया पदाधिकारी ने सीएचसी नीमडीह का किया निरीक्षण

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ चंद्रवती बोयपाय ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह का निरीक्षण किया एवं स्वस्थ कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक भी किया । इस दौरान ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति गृह, एक्सरे रूम, जांच घर, ओपीडी, दवा केंद्र आदि का भी निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनंत कुमार महतो व तकनीकी स्वास्थ्य कर्मियों से विस्तार पूर्ण जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सुचारू रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में जो भी कमी आयेगी जल्द से जल्द लिखित सूचना देने का काम करें। मौके पर एमटीएस विश्वजीत महतो, एमपीडब्लू दीपक कुमार महतो, राजेश रजक, गौरांग लायक, बीपीएम रामेश्वर तिर्की आदि उपस्थित थे।

## तिरूलडीह में महिला बंध्याकरण शिविर आयोजित

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद में बंध्याकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 20 महिलाओं का नामांकन हुआ जिसमें 17 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। वाल्ड हेल्थ पार्टनर रांची के सहयोग से बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश गोप भी शिविर में शामिल हुए व बंध्याकरण शिविर में उपस्थित महिलाओं का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी प्रखंड के रूप में चिह्नित होने के बाद सुदुरवर्ती गांव के उप स्वास्थ्य केन्द्र तिरूलडीह में दुसरी बार महिला बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि शिविर में महिलाओं ने दोनों शिविर में 50 से अधिक बंध्याकरण कराया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दीपक कुमार मांझी, लेखा प्रबंधक रोशन झां, ज्योति रंजना एक्का, लक्ष्मण साहू एवं अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## डॉ. गागराई ने बीडीओ से की औपचारिक मुलाकात मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पीपल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय गागराई ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी से औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने चक्रधरपुर प्रखंड के बुरू नलीता गांव की समस्याओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिए गांव वालों को चूंआ का पानी पीना पड़ता है। गांव के विद्यालय में बेहतर शिक्षा नहीं है शिक्षक की कमी है। बिजली की समस्या उपलब्ध है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रखंड के बुरु नलीता गांव मे डीप बोरिंग के जरिए नलकूप लगाकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराया जाए। गांव के हर एक घर में बिजली की व्यवस्था हो। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने कहा की जल्द ही इन सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा।

## राज्य में जल्द होना चाहिए हरिजन आयोग का गठन : हरि

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के वरिष्ठ नेता हरि मुखी ने मंगलवार को पटमदा दौरे के क्रम में बेलटांड़ में लोगों से मिलकर हालचाल लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित में बेहतर काम कर रही है और जनता को इसका लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जल्द से जल्द हरिजन आयोग का गठन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में दलित या हरिजन समुदाय की स्थिति बहुत ही खराब है और उनकी समास्याओं को सुनने के लिए राज्य गठन के बाद आज तक आयोग का गठन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# ट्रांसफार्मर लगने से पहले विभाग ने किया कंपनी का बिल भुगतान, उपायुक्त से जांच की मांग

**युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सांसद गीता कोड़ा के सांसद प्रतिनिधि प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने यू बी टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा किये गये कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उपायुक्त सरायकेला -खरसावां को ज्ञापन सौंप कर जांच की मांग किया है**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सांसद गीता कोड़ा के सांसद प्रतिनिधि प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने यू बी टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा किये गये कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उपायुक्त सरायकेला -खरसावां को ज्ञापन सौंप कर जाँच की मांग किया है। ज्ञापन में कहा गया है। कि खरसावां प्रखंड के राजखरसावां सब डिवीजन के ग्राम पंचगछिया में दो 16 केबी का ट्रांसफार्मर को बदल कर 25 केबी का ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य यू बी टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को आवंटित हुआ था। परन्तु कंपनी द्वारा अभी तक वहां पर 25 केबी का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। जबकि विभागीय मिलीभगत से उक्त कार्य 25 केबी का ट्रांसफार्मर लगाने की बिल का भुगतान संवेदक को कर दिया जा चूका है। जो जाँच का विषय है। वहीं श्री मिश्रा ने उपायुक्त सरायकेला-खरसावां से खरसावां एवं कुचाई प्रखंड में यू बी टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किये गये सभी कार्यो की अपने स्तर से जाँच कर आवश्यक कारवाई करने की मांग की है।

## इंदिरा गांधी की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्य तिथि छोटा गम्हरिया स्थित पार्टी कार्यालय में मनाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा की। इस मौके पर जिला सचिव राजू रजक, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, निखिल सरकार, शंभु महतो, धीरेन मल्लिक, मो इरफान, लुक़मान अली, कार्तिक दास समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के सफल संचालन को लेकर डीटीओ ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के सफल संचालन एवं परिचालन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी शंकराचार्य सामद ने बस ओनर एसोसिएशन तथा बस संचालकों के साथ विशेष बैठक की।जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बस संचालकों को परिवहन विभाग द्वारा जारी नए संकल्प तथा होने वाले एसओपी के आधार पर बस संचालित किए जाने के निमित्त रूट चार्ट, परमिट, निबंधन, समय अवधि तथा वित्तीय प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी गई। इस दौरान संगठन के सदस्य तथा बस संचालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित करने, बसों में सड़क सुरक्षा यातायात नियम संबंधित जागरूकता संदेश पोस्टर लगाने, विभिन्न माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने सहित कई निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय डॉजबॉल चैंपियन में भाग लेने 25 सदस्यीय टीम वाराणसी रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरूलडीह :** कल 1 नवंबर से 5 नवंबर के बीच आयोजित होने वाले राष्ट्रीय डॉजबॉल चैंपियन के लिए सराइकेला खरसावां जिला की 25 सदस्यीय टीम मुरी रेलवे स्टेशन से रेल मार्ग से वाराणसी के लिए रवाना हुए। जिसमे बालक टीम में अंकित उरांव,मनोज उरांव,दुर्गा उरांव ,दिवाकर उरांव, सुजीत टुडू, अजय हेंब्रम, राम हेंब्रम, राहुल सांगा सुखेन उरांव,लक्षण टुडु, महेश्वर टोप्पो एवं राहुल टोप्पो तथा बालिका टीम में आभा कुमारी, सुलोचना सिंह सरदार, प्रियंका सिंह सरदार, सरस्वती महतो, जितनी महतो, सोनाली महतो, साकरी महतो, आदरी महतो, टुसू मनी महतो एवं रीना गोप शामिल है। साथ में बालक दल का कोच विष्णु उरांव एवं बालिका दल के कोच कांचन कुमारी मैनेजर चंदा कुमारी एवं कुशुम टोपनो शामिल है। कोच ने बताया कि दोनो टीम को पहले से ही चौका थाना स्थित मिरुडीह गांव में एक सप्ताह का ट्रेनिंग दिया गया है। दोनो ही टीम चैंपियन के लिए तैयार है। उम्मीद है बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## पटेल की जयंती पर कांड्रा थाना में पुलिसकर्मियों ने ली शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो की अगुआई में पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान थाना के सभी पुलिस अधिकारी और अन्य कर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा इस संदेश को आमजनों तक पहुंचाने के अलावा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार भोक्ता, एसआई राहुल कुमार, चंदन कुमार, एएसआई गिरजेश शर्मा, नागेंद्र सिंह, गुरुवा मुंडा, गिरजा सिंह, आरक्षी मनोज राय समेत सभी आरक्षी मौजूद थे।

## तिरुलडीह थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली एकता की शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला- खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार की अध्यक्षता में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जयंती के अवसर पर थाना परिसर में सभी पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवानों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। साथ ही थाना प्रभारी ने राष्ट्र निर्माण में पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाए रखने में सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता को सुरक्षित रखने का पुलिस कर्मियों को सपथ दिलाई गई। मौके पर एएसआई अशोक मिंज , रंजीत प्रसाद, हरदेव पासवान, जवान बिजय महतो सहित सभी पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## सरदार पटेल की जयंती पर पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की ली शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जगन्नाथपुर :** लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता का शपथ लिया। बीडीओ चंदन कुमार प्रसाद ने राष्ट्रीय एकता का शपथ पढ़ा जिसे मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने दोहराते हुए कहा कि- मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखड़ता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। मौके पर लक्ष्मण महतो,बोदरा जी,बंटी बोबोंगा सहित बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के तमाम कार्मियों के द्वारा शपथ लिया गया।

## प्रधानाध्यापिका ने छात्रा को पीटकर किया बेहोश मामला पहुंचा थाना, कारवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** प्रखंड के निश्चितपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेश्मी जारिका के ऊपर दसवीं की छात्रा को बेहरमी से डंडा से पीट कर बेहोश व घायल करने का अरोप लगाया गया है. जिसपर मंगलवार को छात्रा की माता-पिता ने इसकी लिखित शिकायत जगन्नाथपुर थाना प्रभारी व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथपुर को इसकी सूचना दी गई है. इस संबंध में छात्रा के पिता रोबिन कोड़ा ने कहा कि सोमवार को मेरी पुत्री अंजली कोड़ा स्कूल गयी थी.तभी बच्ची टिफिन में खाना खाने के बाद अपना बर्तन धोने के कारण थोड़ा सा लेट से कक्षा में पहुँची तो प्रधानाध्यपिका रेश्मी जारिका ने कक्षा मे क्लास लेने के दौरान एक डंडा से बुरी तरह से मेरी पुत्री को जहाँ तहाँ मारकर बेहोश कर दी जिससे साथ ही मुँह फूल गया है. पिता रोबिन कोड़ा ने कहा कि इस तरह मारना सही नही है जिस तरह मेरी पुत्री को मारा गया गया है. इस संबंध में पुत्री के परिजनों ने शिक्षिका के ऊपर उचित से उचित कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है. इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुदामो साव ने कहा की अवेदन ऑफिस में जमा करवा दे तीन प्रखंडों में प्रभारी रहने के कारण चाईबासा में हूँ इस पर जांच पड़ताल करता हूं. वही प्रधानध्यापिका रेश्मी जारिका ने इस सबंध मे पुछने पर कुछ नही बताया. कहा की मुझे कल थाना मे बुलाया गया है कल वहाँ जाकर मामला को समझेगी।

## करीम सिटी कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव हुआ आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आईआईटी खरगपुर के एंटरप्रेन्योरशिप सेल तथा इनोवेशन इकोसिस्टम एंड इक्वेशन सेंटर करीम, सिटी कॉलेज जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी के युवाओं में उद्यमिता जागरूकता पैदा करना था। इस कार्यशाला में बताया गया प्रत्येक प्रतिष्ठित व्यवसाय, सबसे छोटे स्टार्टअप से लेकर सबसे बड़े निगमों तक, एक विचार की फुसफुसाहट के रूप में शुरू हुआ परंतु उसने स्वयं को एक दिन स्थापित करके दिखाया यदि कोई एक अमूर्त सपना जो अनिश्चितता के सामने उड़ान भरने का साहस लेकर चला। इस कार्यक्रम में श्री अभिनव शाह (सह-संस्थापक और सीईओ, ओसम डेयरी), ललित त्रिपाठी (संस्थापक और सीईओ, वेदांत एसेट), असद रशीद (क्षेत्र प्रमुख, कॉन्सेंट्रिक्सश्री रोहन कुलश्रेष्ठ, संबद्ध सदस्य, उद्यमिता प्रकोष्ठ, आईआईटी खड़गपुर तथा श्री सुभांशु कुमार, संबद्ध सदस्य, उद्यमिता प्रकोष्ठ, आईआईटी खड़गपुर शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की तथा संचालन की जिम्मेवारी डॉ नेहा तिवारी ने निभाई। इस अवसर पर डॉ नेहा तिवारी ने बताया की युग बहुत तेजी के साथ बदल रहा है। जीवन जीने के तौर तरीकों के साथ-साथ व्यापार के भी नए-नए रूप सामने आ रहे हैं। ऐसे में हम एक परिवर्तनकारी यात्रा के लिए खुद को तैयार करने का प्रयत्न कर रहे हैं। कार्यक्रम में शहर के स्टार्टअप चलने वाले नवीन उद्यमी शुभम शर्मा, रवि मुर्मू, अमित कुमार एवं दीपक सोनी, फैजान उल हक एवं विशाल मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में रोहन कुलश्रेष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने तथा महाविद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया।

**मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को एसडीओ ने की बैठक**

## गोईलकेला व मनोहरपुर बीडीओ सहित सुपरवाइज को शोकॉज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत अनुमण्डल पदाधिकारी मुकेश मछुवा के द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में 54 जगन्नाथपुर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के सभी बीडीओ व बीएलओ पर्यवेक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक किया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी मुकेश मछुवा की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के कार्यक्रम के तहत दिये गये निदेर्शो का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुये एक पात्र नागरिक, जो 2024 वर्ष में पश्चात्वर्ती अर्हता तारीख अर्थात् 01 जनवरी 2024, 01 अप्रैल 2024, 01 जुलाई 2024 एवं 01 अक्टूबर 2024 में से किसी को अठारह वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले है वैसे मतदाता को मतदाता सूची में बीएलओ ऐप, भीएसपी और भीएच के माध्यम से नाम जोड़ने से संबंधित जानकारी दी गई। सभी बीएलओ के द्वारा मतदान केन्द्र / घर-घर जाकर नया मतदाता जोड़ने, मृत मतदाता को मतदाता सूची से हटाने, मतदाता सूची में नाम सुधारने एवं एक ही परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदान केन्द्र पर जोड़ने से संबंधित कार्य किया जा रहा, इस संबंध में जानकारी दी गई। सभी मतदान केंद्र में 4 नवंबर एवं 5 नवंबर मतदाता सूची विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके बारे में सभी को दिशा निर्देश दिया गया एवं दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया.वही एसडीओ ने सभी सुपरवाइजर को सख्त निर्देश दिया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले के ऊपर कार्रवाई सख्त सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वही बैठक में गोईलकेला व मनोहरपुर बीडीओ सहित सुपरवाइजर अनुपस्थित पाया गया जिस पर एसडीओ ने फोन के जरिए बीडीओ को फटकार लगाई.साथ ही शोकॉज दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, नोवामुंडी अनुज बांडों, टोंटो बीडीओ ललित भगत, पर्यवेक्षक उमाकांत महतो, कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार, बीईईओ सुदामो साव, मतदाता ऑपरेटर लक्ष्मण महतो सहित काफी संख्या में पर्यवेक्षक उपस्थित थे ।

## धर्मेन्द्र सोनकर व अमित राय के बीच प्रखंडों का हुआ बंटवारा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस तैयारियों में जुट गयी है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले के नगर कार्यकारी अध्यक्ष व ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्षों के बीच कार्य क्षेत्र का बंटवारा कर दिया गया है। नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर को शहरी व शहर के आसपास के क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गयी है। वही ग्रामीण क्षेत्र के प्रखंडों की जिम्मेदारी अमित राय को दी गयी है। धर्मेंद्र सोनकर साकची, गोलमुरी, बिरसानगर, टेल्को, मानगो, कदमा-सोनारी, जुगसलाई, जमशेदपुर ग्रामीण और पोटका प्रखंड के संगठन को मजबूत करेंगे वहीं अमित राय बहरागोड़ा, चाकुलिया, धालभूमगढ़, गुड़ाबांदा, घाटशिला, मुसाबनी, डुमरिया, बोड़ाम और पटमदा प्रखंड को मजबूत करेंगे।

## संपादकीय

# संसद में सवाल बिका हुआ

**जब** सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे, तब 11 सांसद आरोपित हुए थे कि वे नकद कबूल कर संसद में सवाल पूछते थे। प्रथमदृष्ट्या सांसद भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए, नतीजतन स्पीकर ने उनकी सांसदी खारिज कर दी थी। उनमें भाजपा के सांसद भी थे। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले पर संसद के भीतर और बाहर खूब हंगामा मचा था। दरअसल वह एक मीडिया ऑपरेशन था, जिसमें छिपे कैमरे से वह भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया था। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, लेकिन उसने स्पीकर के संवैधानिक अधिकार और निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाएं स्वीकार नहीं कीं और सांसदी बहाल नहीं हो सकी। उन सांसदों में से शायद ही कोई सांसद नया चुनाव जीत कर लोकसभा में वापसी कर पाया था! स्पीकर का वह निर्णय एक उदाहरण बन गया। ऐसा ही मामला एक बार फिर स्पीकर ओम बिरला तक पहुंचा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के गंभीर आरोप हैं कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सदन में अडाणी समूह पर प्रायोजित सवाल पूछती रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और संसद की संवेदनशीलता को दांव पर रखने वाला तथ्य यह है कि सांसद के तौर पर महुआ की ई-मेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल दुबई में बैठे उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी करते रहे हैं। वह ही अडाणी समूह पर सवाल बनाते रहे हैं और लोकसभा को महुआ के नाम से भेजते रहे हैं। यह गोपनीयता और संसदीय सुरक्षा का घोर उल्लंघन है, लिहाजा अपराध भी है। अब लोकसभा की आचरण समिति इन आरोपों की जांच कर रही है। सांसद निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल-जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांसद महुआ को 2 करोड़ रुपए नकद भी दिए। उनकी घरेलू और विदेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांसद के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांसद ने उद्योगपति से पैसा क्यों लगवाया? हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दिए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंद्विता हो, लिहाजा सांसद के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांसद महुआ बेहद महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दागदार करना चाहती थीं। अडाणी से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांसद ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इतना 'अडाणी-विरोध' के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांसद को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्जी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। तेज-तर्रार भाजपा सांसद ने यह शिकायत लोकपाल में भी दर्ज करा दी है। लोकसभा सचिवालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अपनी प्राथमिक जांच कर ली होगी कि आरोपित सांसद का 'लॉग इन' कहां से किया गया? वह देश के भीतर या विदेश में किस शहर, किस स्थान से इस्तेमाल किया गया? संचार की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इनका आसानी से खुलासा कर सकती है। हम तृणमूल कांग्रेस की सांसद पर चस्पां किए गए आरोपों और उद्योगपति के साथ उनकी सांठगांठ, भ्रष्ट मिलीभगत की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन मामला संसद से जुड़ा है। वह सार्वजनिक होकर आचरण समिति तक पहुंच गया है। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक साजिश का भी मामला है और संसदीय गोपनीयता भंग करने का कथित अपराध सामने आया है, लिहाजा हम विश्लेषण कर रहे हैं। आरोपित सांसद ने सभी सांसदों के 'लॉग इन' की जांच कराने की मांग भी की है। यह कुतर्क के अलावा कुछ भी नहीं है। हमें आचरण समिति के निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी।

सांदस निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल-जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांदस महुआ को 2 करोघ रुपए नकद भी दए। उनकी घरेलू और दिवेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांदस के नई दल्लिी स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांदस ने उद्योगपति से पैसा 2 यों लगवाया? हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंड़ द्वता हो, लिहाजा सांदस के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांदस महुआ बेदह महत्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दादगार करना चाहती थीं। अडाणी से जुघे कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांदस ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्भी इतना 'अडाणी-विरोध' के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांदस को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्भी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। तेज-तर्द्वार भाजपा सांदस ने यह शिकायत लोकपाल में भी दर्भ करा दी है।

## आम आदमी को राहत मिले और अर्थव्यवस्था को महंगाई के खतरों से बचाया जा सके

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और महंगाई

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा। सरकार के द्वारा खुदरा महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक रूप से एक ऐसी मूल्य नियंत्रण समिति का गठन करना होगा जो बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव को देखते हुए कीमतों के अनियंत्रित होने से पूर्व ही मूल्य नियंत्रण के कारगर कदम उठाने के लिए तत्पर रहे।

**19** अक्तूबर को केंद्र सरकार ने कहा कि इस समय त्योहारी मौसम के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है। सरकार ने हाल ही में मूल्य स्थिर रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इसके तहत सरकार ने अपने नियंत्रण वाले सभी उपायों का उपयोग किया है, चाहे वह व्यापारिक नीति हो या स्टॉक सीमा मापदंड तय करने का पैमाना हो। सरकार का यह वक्तव्य ऐसे समय में आया है जब इन दिनों हमास-इजरायल युद्ध, कच्चे तेल उत्पादक देशों के द्वारा तेल उत्पादन में कटौती, कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ते हुए ऊंचे स्तर पर पहुंचने तथा वैश्विक खाद्यान्न संकट से दुनिया के कोने-कोने में महंगाई बढने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। यद्यपि इसी माह अक्तूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक चुनौतियों के दौर में तेज महंगाई बढने की आशंका बनी हुई है। चूंकि महंगाई शहरी मध्यम वर्ग को अधिक प्रभावित करती है, अतएव आगामी चुनावों में महंगाई के मुद्दे के मद्देनजर सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण सरकार की बड़ी चिंता बन गई है। यह चिंता इसलिए भी दिखाई दे रही है क्योंकि पिछले दिनों विश्व बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढने की चुनौती दी गई है। रिपोर्ट में वर्ष 2023-24 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 फीसदी रहने का अनुमान प्रस्तुत किया गया है। पूर्व में प्रस्तुत महंगाई के अनुमान से नया अनुमान अधिक बताया गया है। हाल ही में 16 अक्तूबर को प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में .0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर .0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। पिछले माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होने का प्रमुख कारण है। ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है। इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई 2023 में जो



खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बात सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है। गौरतलब है कि 6 अक्तूबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। खुदरा महंगाई के तय दायरे से अधिक होने के कारण रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। वस्तुतः रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआई से ऋण लेते हैं। जब महंगाई ज्यादा होती है तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाह को कम करने की रणनीति अपनाता है। आरबीआई के रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले से फिलहाल मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा और महंगाई में नरमी आएगी। निःसंदेह इस समय देश में महंगाई को लेकर चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। पिछले माह सितंबर के दौरान ज्यादातर समय कच्चे तेल का दाम 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहा है। अब ये और बढ़ कर 94 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का करीब 80 फीसदी आयात करता है, अतएव वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के तेजी से बढ़ते हुए मूल्यों के कारण महंगाई बढने की आशंका है। जहां दुनिया के बाजारों में गेहूं, दाल और चावल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं चीनी की कीमतें तो 12 साल की रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। इसी माह अक्तूबर 2023 में त्योहारी मांग बढने से गेहूं, अरहर की दालों व अन्य खाद्यान्नों के दाम बढने लगे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अक्तूबर को सरकार के द्वारा प्रकाशित खाद्यान्न उत्पादन आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022-23 में गेहूं का उत्पादन अनुमानित लक्ष्य से 20 लाख टन घटकर 11.05 करोड़ टन रहेगा। दालों का उत्पादन पिछले वर्ष 2.7 करोड़ टन से घटकर 2.6 करोड़ टन और चावल का उत्पादन पिछले वर्ष के 12.94 करोड़ टन से घटकर 13.57 करोड़ टन होने का अनुमान है। ऐसे में गेहूं और दालों की कीमतें बढने की आशंकाएं सामने हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में बढ़ती कीमतों के कारण बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। यद्यपि महंगाई के नए आंकड़ों से महंगाई नियंत्रित दिखाई दे रही है। लेकिन दुनिया के चुनौतीपूर्ण भूराजनीतिक और युद्धपूर्ण परिदृश्य के मद्देनजर महंगाई बढने की आशंका बनी हुई है। खासतौर से गेहूं के दाम नियंत्रण के लिए खुले बाजार में मांग की पूर्ति के अनुरूप इसकी अधिक बिक्री जरूरी है। आटा मिलों को अधिक मात्रा में गेहूं देना होगा। साथ ही गेहूं के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दिए जाने की जरूरत है। यह भी ध्यान में रखा जाना होगा कि इस वर्ष सरकार 341 लाख टन के मुकाबले किसानों से 262 लाख टन गेहूं ही खरीद पाई है। यह भी ध्यान रख जाना होगा कि एक अक्तूबर तक सरकारी गोदामों में गेहूं का स्टॉक करीब 240 लाख टन था जो पिछले 5 साल के औसत करीब 376 लाख टन से कम है। देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा। सरकार के द्वारा खुदरा महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक रूप से एक ऐसी मूल्य नियंत्रण समिति का गठन करना होगा जो बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव को देखते हुए कीमतों के अनियंत्रित होने से पूर्व ही मूल्य नियंत्रण के कारगर कदम उठाने के लिए तत्पर रहे। इजराइल-हमास युद्ध के गहराने की बढ़ती आशंका के बीच महंगाई नियंत्रण के ऐसे कारगर रणनीतिक प्रयास किए जाने होंगे जिनसे देश के आम आदमी को राहत मिले और अर्थव्यवस्था को महंगाई के खतरों से बचाया जा सके।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

# सरदार पटेल के आदर्शों को अनुकरण करने की आवश्यकता : सांसद

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो एवं रामगढ़ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी शामिल हुए। पटेल चौक पर नवनिर्मित आदमकद सरदार पटेल के पार्क का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात पटेल जयंती समारोह मैं शामिल मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पूर्व सांसद रांची रामटहल चौधरी विधायक डॉ. लंबोदर महतो विधायक सुनीता चौधरी एवं जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में हर वर्ग हर समाज के लोगों को एकता के सूत्र में बंधना चाहिए सरदार पटेल द्वारा बताए गए आदर्श मार्ग को अपने जीवन में उतरना चाहिए तभी एक सशक्त समाज का निर्माण और देश का विकास संभव हो सकता है । विशिष्ट अतिथि रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि समाज में शिक्षा की आवश्यकता है रूढ़िवादिता से दूर रहने की सलाह दी उन्होंने बताया कि बेटा बेटी के शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है तभी एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर ने कहा कि विकास कार्यों को आगे लाने के लिए हम सबों को एक सूत्र में बनना चाहिए और अपने क्षेत्र का चौमुखी विकास के लिए कृत संकल्पित होना चाहिए तभी हम एक सच्चे नागरिक बन सकते हैं। रामगढ़ जिला में जिस तरह से पूर्व मंत्री वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में अद्भुत और ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है जो आज पूरा झारखंड प्रदेश जानता है शिक्षा सड़क पानी बिजली सिंचाई जैसी अद्भुत योजनाओं को रामगढ़ जिला में बेहतरीन तरीके से किया गया है परंतु वर्तमान सरकार ने विकास के नाम पर राज की जनता को ठगने का काम कर रही है जिसका हमें समय पर मुंह तोड़ जवाब देने की आवश्यकता है।विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि पटेल जयंती के उपलक्ष में संकल्प के साथ रामगढ़ जिला और विधानसभा क्षेत्र का विकास कार्यों को आगे ले जाने की आवश्यकता है तभी हमारा जिला एक आदर्श जिला का रूप ले सकता है ।

## पद्मश्री सम्मानित महिला छुटनी महतो को छात्रावास समिति ने सम्मानित किया

सरायकेला खरसावां निवासी छुट्टनी महतो का पटेल छात्रावास समिति द्वारा शॉल ओढाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। महतो द्वारा समाज के उत्थान के झारखंड प्रदेश के कई जिलों में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कार्य किए गए थे 2001 से 2023 तक डायन भूत प्रथा, ओझा वैद आदि बिंदुओं पर जागरूकता अभियान फैलाने तथा पूरे खरसावां जिला में समाज के विकास में हम योगदान देने वाली महिला छुटनी महतो को भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया था छात्रावास समिति के द्वारा पटेल जयंती पर महिला को भी सॉल् ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

**नवनिर्मित पटेल पार्क का किया गया उद्घाटन**

रामगढ़ पटेल चौक पर नवनिर्मित सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा एवं पार्क का मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश के द्वारा विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता पटेल छात्रावास समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो ने की एवं संचालन राजेश महतो एवं भुवनेश्वर ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर बड़कागांव आजसू विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो जलेशवर महतो, नगर परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो पटेल छात्रावास समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो सचिव शीतल महतो कोषाध्यक्ष टिकेंदर महतो, मांडू प्रमुख चंद्रमणि देवी, सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## गोला बीडीओ ने प्रधानमंत्री एवं अंबेडकर आवास योजना का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के संग्रामपुर पंचायत में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के नेतृत्व में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अंबेडकर आवास योजना का निरिक्षण किया निरिक्षण के दौरान शिवम मांझी, अनिता देवी के बन रहे मकानों का निरिक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन मकानों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर पुरा करने का लाभुकों को निर्देश दिया गया। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा 10अक्टूबर से 11नवंबर तक विशेष अभियान चलाकर उपरोक्त निर्माणाधीन आवास योजनाओं को पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। मौके पर पंचायत सचिव ईश्वर देहरी ब्लॉक कार्डिनेटर अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## सयाल डी ओसीपी में मिलन समारोह व महाभंडारे का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** सयाल डी ओसीपी में मंगलवार को सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के तत्वाधान में सेल खुलने के अवसर पर समिति ने सयाल डी ओसीपी के समीप माँ काली के मंदिर में पूजा अर्चना कर समिति ने आशीर्वाद लिया और क्षेत्र मे सुख और समृद्धि के लिए कामना की वहीं पुजा के उपरांत महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सौंदा बस्ती के ग्रामीण तथा सीसीएल प्रबंधक के साथ प्रतिनिधियो का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता नीतिश कुमार एवं संचालन अमित कुमार ने किया वही मुख्य अतिथि बरका सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सयाल डी परियोजनां पदाधिकारी सुबोध कुमार रहे। महाप्रबंधक अजय सिंह ने सभी ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा की प्रबंधन और ग्रामीण एक दूसरे को विकाश कार्य में सहयोग करें तो रोज़गार का अवसर बढ़ेगा। वहीं समिति के अध्यक्ष नीतिश कुमार ने कहा की सभी सौंदा बस्ती, सरिया टोला के ग्रामीण सभी एक बैनर तले सफल सेल संचालन का काम करेंगे। वहीं अमित कुमार ने कहा रोजगार के लिए समिति हमेसा से प्रयासरत रही है और सभी वर्ग का सहयोग लेके हम कार्य करते रहेंगे। वहीं सेल समिति के कोषाध्यक्ष अंबर कुमार ने कहा की आगामी एक नवंबर को पहली बार सयाल डी परियोजना का कोयला ऑक्सन खुलने जा रहा है कोयला व्यवसाय निर्भीक होकर कोयला का खरीदारी करें समिति सांतिपूर्ण तरीके से नियमित कोयला का उठाओ करने में सहयोग करेगी।वहीं इस मौके पर गजानंद प्रसाद,प्रवीण कुमार, सुदेश प्रसाद,धनेश प्रसाद, ललन प्रसाद, अखिलेस प्रसाद, रामविलाश करमाली, मानस मुंडा,हिमालय कुमार,राजदीप प्रसाद, पिंकी राज, शिवस्वक प्रसाद, रूपेश, गुत्तेश्वर प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, विक्रांत साहू, निरंजन प्रसाद, मनोज कुमार, सुरेश गिरी,रवि कुमार, अनुप बाउरी, श्रीकांत कुमार, कमल प्रजापति, जनक प्रसाद, अजय प्रसाद,चंद्रकांत प्रसाद, छोटू, संदीप, भोला साव इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एकता दिवस को लेकर छात्रों ने मैराथन दौड़ लगायी



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**सिरका :** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को मध्य विद्यालय अरगड्डा के छात्रों द्वारा मैराथन दौड़ लगाया गया। इससे पूर्व शिक्षको व छात्रों ने सरदार पटेल की 148 की जयंती पर देश की रक्षा, सुरक्षा, एकता का संदेश शपथ लिया। मैराथन दौड़ विद्यालय से श्रमिक मैदान, रोलर चौक होते हुए गुजरा। अवसर पर प्रधानाध्यापक एस. प्रसाद शिक्षक, कुमारी रमा प्रसाद, सुमित्रा कुमारी, आशुतोष कुमार पांडे, सुरेंद्र कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

## एसटी एससी काउंसिल की 11सूत्री मांगों को लेकर वार्ता हुई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को एसटी एससी ओबीसी काउंसिल की पुर्व में दिए 11सुत्री मांग को लेकर महाप्रबंधक अजय सिंह के साथ काउंसिल कमिटी की बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता बृजकिशोर राम व संचालन एसओ प्रसनल अजय कुमार कर रहे थे।वहीं इस बैठक में काउंसिल कमिटी के द्वारा विभिन्न एजेंडों में बरका सयाल क्षेत्र के एसीसी, वेलफेयर, सेफ्टी की बैठक में एसटी एससी काउंसिल के पदाधिकारियों को बैठक में शामिल करना जैसे विभिन्न मांगों पर वार्ता हुई। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि इस मामले पर सकारात्मक पहल की जाएगी। वहीं इस मौके पर सचिव कृष्णा सोरेन,विजय प्रसाद, अखिलेश कुमार चौहान,सोनू पासवान, रैना मांझी,बसंत कुमार,झनाराम मांझी,विजय टुडू,समीम अंसारी,राम अनुज पासवान, अनिल कुमार पासवान आदि लोग मौजूद थे।



## वरिष्ठ कांग्रेसियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनायी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिष्ठ कांग्रेसियों ने 31 अक्टूबर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि गोला रोड स्थित यूनियन कार्यालय में मनायी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल ने छोटे छोटे रियासतों में बंटे भारत को एकीकृत कर विशाल भारत के निर्माण का महान कार्य किया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने अपने नेतृत्व में देश को 1971 ई के युद्ध में पाकिस्तान पर विजय दिलाने का कार्य किया था। कहा की जब वह प्रधानमंत्री थीं उस दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण का कार्य किया था। जिसका देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोगेंद्र साव और संचालन ब्रजकिशोर गांधी ने किया। जबकि कार्यक्रम में केडी मिश्रा, डीएन गिरि, संतोष सिंह, महेश प्रजापति, आनंद प्रताप, राजू वर्मा, सुरेंद्र राय, नवनीत कुमार, लखन साव, काली सिह आदि मौजूद थे।

## कुछ अलग

# खामोश पूर्व दिशा का सूरज

**हिमाचल** के बंद रोशनदान पूर्व दिशा में भी नहीं खुलते, आता हर दिन सूरज मगर मुलाकात नहीं करते। कुछ इसी तरह हमने सदियां गुजार दीं, आहट पर यकीं होता तो साथ चलते। हिमाचल ने सृष्टि को देखने की दृष्टि इतनी संकीर्णता से भर दी है कि यहां हिसाब के हर मोर्चे पर स्वार्थ की गवाही लगती है। स्कूल-कालेजों को परिणाम और कालेज-विश्वविद्यालयों को सिर्फ नाम भर का काम चाहिए। यहां ऐसा माहौल नहीं कि इतिहास को पलटा जाए या साहित्यिक विवाद को परखा जाए। वर्षों से कला, संस्कृति और भाषा विभाग अकादमी आसन जमाए चुन रहे हैं कि भीगे रहें चहेतों के शब्द और संवाद की जगह कवियों के कीर्तन होते रहें। गेयटी थियेटर की आरजू में कला की दृष्टि का सम्मोहन अपनों को प्रभावित करता है और इसी कशमकश में हिमाचल का विचार परिक्रमा कर रहा है। जो सिफारिशी खत में है, वह किताब के प्रकाशन तक पींगें बढ़ा रहा है और जहां कहने की जरूरत है वहां सियासी बेडियां हैं। हिमाचल के समारोहों में सरकार के तिलकधारियों की शिनाख्त इस सीमा तक कि हर सत्ता मंच पर बोलती है, लेकिन जन संवाद खामोश रहता है। ऐसे में जब कभी कसौली में लिट फेस्ट होता है, तो हिमाचल से चर्चाओं का माहौल बदल जाता है यानी अचानक यह प्रदेश ऐसा सुन पाता, जो स्वतंत्रता की मौलिकता में विचारों की स्वतंत्रता है। हैं तो हिमाचल में अब कई विश्वविद्यालय, लेकिन सामूहिक चर्चाओं में प्रदेश की बौद्धिकता के मजमूनों को स्थान नहीं मिलता। केंद्रीय विश्वविद्यालय के नींव पत्थरों पर ही एक विशेष विचारधारा पोत दी गई या गहन चिंतन में उबासियां ले रहे संस्थान की नींद ही कश्मीर के मसलों पर खुलती है। खींच कर तो मंडी विश्वविद्यालय को भी लंबा किया गया, लेकिन स्वतंत्र विचारों की भ्रूण हत्याओं पर परिसर की खामोशियों का भी चीरहरण हो गया। हिमाचल में विचारों के बजाय तयशुदा सहमतियों पर सत्ता के ईष्ट देवता पूजे जाते हैं। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पूरा पखवाड़ा, समारोहों की खेप में उतर जाता है, लेकिन हिंदी राज्य के पास अपनी हिंदी का वृतांत नहीं मिलता। हिमाचल में कोई थिंक टैंक नहीं, बल्कि मीडिया के स्वरूप में सोशल मीडिया का अवतार कुछ ऐसी मक्खी की तरह हुआ कि विचार के बजाय गुड़ की तलाश बढ़ रही है। बेशक अखबारों के लेखकीय स्तंभों में हिमाचल का लेखक वर्ग दिखाई दे, लेकिन कलम पर सरकार की रोशनी चढ़ी है। हम कायदे से अर्थ शास्त्र पढ़े ही नहीं।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड संभाग में आज भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस तथा भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य आरपी राय ने कहा कि हम सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताए रास्तों पर चलने की आवश्यकता है,जिससे कि भारतीय अखंडता और एकता को अक्षुण रखा जा सके। बीएड विभागाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने कहा कि हमें समस्याओं से भागने की नहीं बल्कि अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उनसे लड़ने की आवश्यकता है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उन्होंने उस समय की भारत के खराब स्थिति में भी अपने नेतृत्व से भारत को सशक्त बनाया जो हम सभी शिक्षकों को भी उनसे प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों में सफल नेतृत्व के गुण विकसित करने चाहिए। असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत के एकीकरण नेतृत्व किया हम भी अपने देश को क्या दे सकते हैं इस पर विचार करें,और यह प्रण ले की शिक्षा के माध्यम से हम इस देश को बेहतर बना सकते हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद मुमताज अंसारी ने इतिहास के पन्नों को विस्तृत रूप से बताया क्यों उन्हें लोह पुरुष कहा जाता है तथा श्रीमती इंदिरा गांधी की शहादत दिवस पर उन्हें आयरन लेडी की उपाधि दी गई। असिस्टेंट प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारतीय इतिहास में ऐसे नेतृत्वकर्ता हुए हैं जिनको सदियों तक याद किया जाएगा एवं इंदिरा गांधी को याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे गूंगी गुड़िया से आइरन लेडी वह बनी और पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांट दिया। इस अवसर पर कई छात्रों ने अपने भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार ने किया वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन सविंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर बीएड सत्र 2022-24 एवं 2023-25 के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अतिक्रमण को लेकर सिंघानी नदी का किया गया मापी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत सिंघानी नदी छठ घाट का किया गया मापी, सिंघानी में नदी को अतिक्रमण कर रहे किसान धीरे धीरे नदी को खेत में तब्दील करते जा रहें हैं और नदी को संकीर्ण करते जा रहे है। जिससे छठ पूजा में ग्रामीणों को जगह कम पड़ने के कारण काफी काठीनाइयां उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी मोनी कुमारी को आवेदन दे कर नदी से अतिक्रमण हटाने का मांग किया था जो अभी पत्थलगड़ा नदी से मंगरदहा तक मापी किया गया, इस मापी में नदी के दक्षिण दिशा के तरफ काफी जमीन किसानों ने अतिक्रमण कर के रखा है। सेवा निर्वित शिक्षक नारायण राम दांगी ने बताया कि इस अतिक्रमण को लेकर पत्थलगड़ा छठ घाट से लेकर सिंघानी शमशान घाट तक मापी किया जाना है इस नदी नापी को लेकर राजस्व कर्मचारी गोविंद कुमार लाल, भू मापक संदीप कुमार रजक, लालदेव दांगी,समाज सेवी संजय दांगी, प्रकाश दांगी, दीपक कुमार दांगी, कृष्णा कुमार दांगी, राकेश रजक, रंजन कुमार रजक, उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का हुआ आयोजन




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस में शपथ दिलाई देश भक्ति की भावना से छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन किया लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित की गई। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने महाविद्यालय परिसर से एकता दौड़ का संचालन किया कविता कुमारी अनुप्रिया कुमारी ने सहयोग किया।

## वन विभाग ने अवैध पत्थर का उत्खनन करते हुए जेसीबी और ट्रैक्टर को किया जब्त



**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रखंड क्षेत्र के लवागड़ा के जंगल से सड़क निर्माण में अवैध पत्थर का वन विभाग से उत्खनन की जा रही है जिसकी सूचना के बाद मनिका वन विभाग की टीम उक्त स्थान पर पहुंची और पत्थर लगा ट्रैक्टर और एक जेसीबी को जप्त कर मनिका वन विभाग ले आई है। जप्त किए गए वाहनों में वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज की गई है एवं आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

## एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

# सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 550 से अधिक रियासतों को भारत में विलय कराया : डॉ. फहीम अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के संयुक्त निर्देशानुसार बुधवार को राम नारायण मेमोरियल महाविधालय हंटरगंज के एनएसएस इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर भाषण, पेंटिंग, शपथ एवं रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉ0 फहीम अहमद ने किया। जबकि शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह एवं रुसा कोऑर्डिनेटर प्रो फखरुद्दीन अंसारी के द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ महान स्वतंत्रता सेनानी सह प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शपथ समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी सह छोटा नागपुर केशरी बाबू राम नारायण सिंह की मूर्ति के पास दिलाया गया।इस मौका पर एनएसएस पीओ ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने सबसे पहले वल्लभ भाई पटेल को सरदार और लौह पुरुष की उपाधि से विभूषित किया।आज हम सब आयरन मैन की 148 वीं जयंती समारोह में एकत्रित हुए हैं। देश की आजादी से लेकर आजादी के उपरांत सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महती भूमिका निभाई। आजादी के उपरांत देश 550 से अधिक रियासतों में बंटा हुआ था।उन रियासतों को भारत में विलय करने में सबसे महती भूमिका निभाई थी।यही कारण है कि वह भारतीय एकता के प्रतिक बन गए और उनके जन्म दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर 2014 से मनाया जाने लगा।रन फॉर यूनिटी के लिए कॉलेज परिसर से भोंदल तक दौड़ लगा कर एकता का परिचय दिया गया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जिला प्रशासन चतरा द्वारा रन फ़ॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी का यह कार्यक्रम जतराहीबाग मोड़ से प्रारंभ हुआ एवं समाहरणालय परिसर में सम्पन्न हुआ। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, आपूर्ति पदाधिकारी मनेन्द्र भगत, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी समेत काफी संख्या में पुलिस जवान, स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाया। इस दौरान सभी ने देश तभी बनेगा महान, जब एकता बनेगी हमारी पहचान, अनेकता में एकता यही भारत की विशेषता, एकता में जो बल है, वह सबसे प्रबल है जैसे नारे भी लगाकर एकता और शांति का संदेश दिया। वहीं समाहरणालय परिसर पहुंचने पर उप विकास आयुक्त सहित अन्य उपस्थित लोगों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद कर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं उनके बहुमूल्य योगदान को याद किया। साथ हीं राष्ट्रीय एकता का शपथ ग्रहण कर दौड़ का समापन किया गया।

## हाइवा ऑनर एसोशिएशन दो नवंबर से करेगी अनिश्चितकालीन चक्का जाम

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ हाइवा ऑनर एसोसिएशन आगामी दो नवम्बर से भाड़ा वृद्धि,स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता देने सहित कई मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेगी । इस संबंध में जानकारी देते हुए संगठन के सचिव देवपाल कुमार ने बताया कि डीवीसी कंपनी के तुबेद कोल परियोजना से कुसमाही कोल साइडिंग तक कोयला का परिवहन किया जा रहा है। जिसमें बिना भाड़ा निर्धारित किए हुए एवं स्थानीय वाहनों तथा लातेहार हाइवा ओनर एसोसिएशन को बिना प्राथमिकता दिए हुए बाहरी वाहनों से मनमानी तरीके से कोयला का परिवहन किया जा रहा है। इसको लेकर कई बार कंपनी से वार्ता हुई लेकिन सफल नहीं हुआ। इसको लेकर जिले के उपायुक्त, एसडीओ को भी इस संबंध में कई बार आवेदन दिया जा चुका है। अंत मे बाध्य होकर हम लोगों ने निर्णय लिया है कि आगामी गुरुवार से हाईवा ओनर एसोसिएशन अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेंगी। जिसमें बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों समेत तुबेद से कुसमाही तक पड़ने वाले विभिन्न गांव, नाका, चैकपोस्ट समेत कई स्थानों पर पोस्टर चिपकाया गया है।

## नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक बेतला में हुई

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य की स्वयंसेवी संस्था नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक मंगलवार को बेतला में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश उरांव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों का बारी- बारी से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार और सरकारी विभागों के साथ-साथ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के गरीब तबके और पिछड़े क्षेत्र का विकास करना सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा संस्था के माध्यम से बेरोजगार युवाओं और युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। जिसके उपरांत बैठक में संगठन का पुनर्गठन करते हुए विस्तार किया गया। जिसमें सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव को सचिव, प्रदीप कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष और दीपक राज को सोसाइटी के मीडिया प्रभारी पद से सुभोषीत किया गया। जहां सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के माध्यम से सरकारी तंत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर वंचितों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभियान चलाया जाएगा, जैसे भोजन, कपड़े, दवा, आश्रय, परिवहन और शिक्षा प्रदान करना हमारे सोसाइटी की प्राथमिकता होगी। वहीं बैठक में उपस्थित सभी लोग अपने-अपने विचार रखे।

## नेहरू युवा केन्द्र व सीआरपीएफ ने युवक एवं युवतियों को भ्रमण के लिए भेजा जम्मू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नेहरू युवा केन्द्र लातेहार एवं 11 वीं बटालियन सीआरपीएफ के सौजन्य से जिला - लातेहार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20 आदिवासी युवक एंव युवतियों का चयन कर किनामार कैम्प में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें 15 वीं आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 अक्टूबर दिन सोमवार को रात्रि 10:30 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा लातेहार रेलवे स्टेशन से जम्मू भ्रमण के लिए भेजा गया। इस मौके पर वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट 11 वीं बटालियन, सीआरपीएफ ने कहा की यह कार्यक्रम खेल / गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ना है तथा उन्हें देश के विभिन्न स्थानों की सांस्कृतिक, सामाजिक व जीवन शैली को समझने का अवसर प्रदान करना तथा उनकी सांस्कृतिक धरोहर का आदान-प्रदान करना है। नेहरू युवा केन्द्र लातेहार व 11वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा पूर्व में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है। इस अवसर पर जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, मनिष कुमार, नेहरू युवा केन्द्र लातेहार, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय, निरीक्षक कृष्णा साहु, उप निरी0 रामाकान्त सिंह तथा युवक एवं युवतियों उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशन में निकाली गई प्रभात फेरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्य कर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।इसके तहत सिमरिया प्रखंड में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुंदवा के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को खासकर महिला बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य सीताराम रवि ने बच्चों को डायन भूत एक अंधविश्वास एवं शराब से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। प्रभात फेरी में बच्चे बाल श्रम बंद करो, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम, नशा छोड़ो जिंदगी से नाता जोड़ो, नशा नाश का जड है सहित अन्य नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र कुमार, श्यामसुंदर कुमार शिक्षिका मौसमी देवी सहित अन्य शिक्षको का अहम योगदान रहा।

## सक्रिय महिलाओं के साथ आईपीआरपी व सीसी ने बैठक मंथली कार्य का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित जेएसएलपीएस के कर्मचारियों ने छः घरवा सीएलएफ ऑफिस में मंगलवार को आईपीआर सुनीता देवी एवं सीसी दिलीप कुमार ने सक्रिय महिला के साथ बैठक किया। एवं महीने भर के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही साथ महीने का वर्क डन जमा करवाया गया। उपस्थित महिलाओं को बेहतरीन तरीके से समूह में काम करने की बातें बताई गई। अधिकारियों ने महिलाओं को कहा कि समूह का बैठक साप्ताहिक नहीं हो रहा है। उसे सुधार करें।तथा बैंक द्वारा ली गई ऋण राशि का वापसी समय अनुसार नहीं हो रहा है। उससे भी बैंक में वापस करवाना अत्यंत जरूरी है। जिस पर विशेष ध्यान देना है। आगे बताया कि समूह से जुड़े सभी सदस्य का किसी भी स्थिति में बीमा होना अत्यंत जरूरी है। बैठक में उपस्थित प्रतिमा देवी गीता देवी रेखा देवी संगीता देवी को उषा देवी प्रियंका कुमारी जया कुमारी उर्मिला देवी लक्ष्मी कुमारी संजीता देवी एवं दर्जनों सक्रीय महिलाएं उपस्थित थीं।

## समाजसेवी झूलन प्रसाद भगत ने निजी कोष से शिक्षा की व्यवस्था की



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित गुलगिया मुहल्ले के बच्चों को बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने निजी कोष से शिक्षा के लिए व्यवस्था किया। उक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए समाज सेवी भगत ने कहा की गुलगुलिया परिवार शिक्षा के आभाव मे अभी भी हासिये पर खड़ा है। उन्हें शिक्षित करना हमारा कर्तव्य है, उनका मानसिक चेतना जागरूक करने के लिए उनके बच्चे की शिक्षा की व्यवस्था के लिए निजी कोष से 1500 प्रतिमाह के आधार पर कैलाश प्रजापति के पुत्री पम्मी कुमारी को शिक्षा देने के लिए कार्य को सौंपा. वहीं गुलगिया परिवार के बच्चे को प्रेरित करने के लिए निशुल्क कॉपी किताब व प्रत्येक दिन बिस्किट व नहाने धोने के लिए दो- दो साबुन देने की बात कहा। साथ ही बताया की जो बच्चे दो माह तक रेगुलर क्लास करते हैं तो वैसे बच्चे को एक-एक सेट कपड़ा दिया जायेगा। वहीं आसपास के बच्चों को शिक्षा केंद्र मे लाने के लिए प्रेरित किया। 3:30 से पांच बजे तक क्लास चलेगा। उपस्थित बच्चों को बताया पढ़ाई लिखाई से बौद्धिक व मानसिक होता है। मौके पर समाज सेवी नवल किशोर राम, सरस्वती शिशु मंदिर बारियातू के एचएम जीतेन्द्र राम ने भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया. आपको बताते चले की गुलगुलिया मुहल्ला मे लगभग 25 घरों मे लोग निवास करते हैं लेकिन एक भी परिवार साक्षर नहीं हैं अभी भी अंगूठा ही लगाते हैं।

# लौह पुरुष के सम्मान में 11 बटा. केरिपुबल ने फिट इंडिया फ्रीडम के तहत लगाई दौड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** वेद प्रकाश त्रिपाठी कमाण्डेंट 11 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अगुवाई में दिन मंगलवार को फीट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया जिसका संचालन भारत सरकार / केरिपुबल के महानिदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशो का पालन करते हुए राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का संदेश देते हुए 11 बटा के अधिकारी एवं जवानों द्वारा फीट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 11 बटा0 केरिपुबल ब्लॉक कैम्प से दौड़ का आरंभ कर बाईपास रोड होते हुए थाना मोड़ लातेहार तक किया गया। इस आयोजित दौड़ को वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट 11 बटा0 केरिपुबल लातेहार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त फिट इंडिया फ्रीडम दौड़ में बल के-अधिकारियों एवं जवानों ने पूरे उत्साह के साथ शामिल होकर इसे सफल बनाया। इस दौरान वेद प्रकाश त्रिपाठी कमाण्डेंट 11 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने इस फिट इंडिया फ्रीडम दौड़ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार बल्लभ भाई पटेल जिन्होंने भारत की एकता व अखण्डता को कायम रखने में अहम भूमिका निभायी थी के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया गया है जिसके तहत राष्ट्रीय एकता की भावना को जन जन तक पहुचाने कि आवश्यकता है। इस अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बटालियन मुख्यालय में सभी जवानों को शपथ भी दिलाई। इस दौरान वहां जुगल किशोर जोशी द्वितीय कमान अधिकारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, निरीक्षक कृष्णा साहु, उप निरीक्षक रामा कान्त सिंह एवं जवान उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम के नामजद आरोपी पूर्व सीओ को थाना परिसर में किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ अंचल के पूर्व अंचल अधिकारी आफताब आलम का स्थानांतरण हो जाने के 4 दिन बाद बालूमाथ थाना परिसर में उन्हें सम्मानित किया गया, जो चर्चा का विषय है। बालूमाथ निवासी लक्ष्मी देवी पति विजय गंझू ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा था कि आंचल कार्यालय में विविध वाद संख्या 03/ 21 -22 की सुनवाई चल रही थी।इसी बीच मेरे पुत्र द्वारा कुछ सवाल करने पर अंचलाधिकारी आफताब आलम एवं सीओ के सहयोगी सुनील कुमार ने गुस्से में आकर मेरे पुत्र की पिटाई कर दी। और मेरे द्वारा विरोध करने पर मुझे गालियां देते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया था। उसके बाद लक्ष्मी देवी के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 323 / 23 अनुसूचित जाति /जनजाति अधिनियम धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अंचलाधिकारी आफताब आलम का स्थानांतरण 4 दिन पूर्व होने के बाद उन्होंने अपना प्रभार भी दे दिया लेकिन उनके ऊपर किए गए मुकदमे पर ना तो कोर्ट से जमानत ली गई है ना ही उन्हें बरिये पदाधिकारी के द्वारा अनुसंधान में बरी किया गया । जानकारों का कहना है कि कोई भी पदाधिकारी का स्थानांतरण हो जाने के बाद उस स्थान के लिए वह एक सामान्य व्यक्ति हो जाता है और अगर आफताब आलम पर प्राथमिक दर्ज है तो उस स्थिति में उन्हें थाना में सम्मानित करना अनुचित है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। अंचलाधिकारी आफताब आलम बराबर विवाद के घेरे में रहे हैं इधर ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि स्थानांतरण होने के बाद रविवार समेत तीन दिनों तक रात्रि 2 बजे तक कार्यालय खोलकर दर्जनों विवादित जमीन का म्यूटेशन करते हुए ऑनलाइन रसीद काट मोटी कमाई की थी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी द्वारा चार्ज देने के बाद भी डोंगल अपने पास रखकर पुनः कई जमीन संबंधित निपटारा किया है, जो जांच का विषय है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने कहा कि अगर कोई आम व्यक्ति आरोपी होता है तो उस पर कार्रवाई की जाती है। क्या भारत का संविधान में अलग-अलग व्यक्ति के लिए अलग-अलग कानून बनाया गया है। इस सम्बंध में बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो से पूछे जाने पर कहा कि मैं अभी नया-नया आया हूँ। जानकारी के अभाव में कार्यक्रम हुआ है।

## अफीम की खेती पर नकेल कसने को लेकर पुलिस ने शुरू किया जन जागरूकता अभियान

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अफीम की खेती पर नकेल कसने को लेकर जिला पुलिस ने शुरू जन जागरूकता अभियान शुरू किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने जिले के सदर थाना अंतर्गत सिकिद पंचायत के सिंदुवारी गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक किया और अफीम की खेती नहीं करने के विभिन्न कारणों की जानकारी दी। एसपी राकेश रंजन निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार, वन विभाग के कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गांव के लोगों के बीच में अफीम पोस्ट से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया द्य इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों को अफीम पोस्ता के दुष्परिणामों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पतरातू एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली गई



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लौह पुरुष सरदार भाई पटेल की जयंती की उपलक्ष में पतरातु प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता एवं प्रखंड कर्मियों के द्वारा सत्य निष्ठा राष्ट्र की एकता अखंडता एवं सुरक्षा बनाएं की शपथ ली गई। तथा उपस्थित सभी कर्मियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की संदेश दुर्दशा एवं उनके द्वारा किए कार्यों को अपने देशवासियों के बीच फैलाने का भी शपथ लिया गया। मौके पर प्रधान सहायक चितरंजन कुमार,नजीर दीपक दास,जन सेवक परमानंद कुमार,कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश कुमार सिंह,राहुल कुमार के साथ सभी पंचायत सेवक एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### पूर्व प्रधान लिपिक मणिकांत सुमन के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेवानिवृत प्रधान लिपिक 62 वर्षीय मणिकांत सुमन का देहांत 30 अक्टूबर 2023 को आकस्मिक रूप से हुआ था। महाविद्यालय परिवार ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राचार्य प्रोफेसर कृतिनाथ महतो की अध्यक्षता में 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा में प्रो. ज्योति जलधर, प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरूद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी, प्रो. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज दास, प्रो. रंजीत प्रसाद, प्रो. पवन कुमार, प्रो. ललिता कुमारी, प्रो लालदेव महतो, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, लेखापाल सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनिता देवी, धनुनाथ, धनेश्वर महतो सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे राज्य स्तर पर चयनित



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 31वा राष्ट्रीय बाल दिवस एवम् बाल अधिकार कांग्रेस जिला स्तर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों का चयन किया गया। 31वा राष्ट्रीय बाल दिवस एवम् बाल अधिकार सेक्रेड हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने हजारीबाग स्थित होली क्रॉस स्कूल में आयोजित 31वा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवम् बाल अधिकार कांग्रेस में नौ स्कूलों ने भाग लिया जिसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल के 7 ग्रुप ने भाग लिया जिसमें से 4 ग्रुप का चयन हुआ। सत्यम कुमार सिंह, निशिका बर्नवाल,कोमल कुमारी, प्रकृति तिग्गा, जिगर कुमार, ऋषिका कुमारी,सुमित कुमार यादव , रितिका कुमारी।इन सभी बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देकर सफलता हासिल की और राज्य स्तरीय के लिए चयनित हुए। इसी उपलक्ष्य में प्रधानाध्यापिका सिस्टर गीता ने सभी बच्चों को पुरुस्कार से सम्मानित किया।

### बाल श्रम रोकथाम को लेकर प्रशासन की कार्रवाई, की गई छापेमारी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल मजदूरी के संबंध में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी देव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मटवारी क्षेत्र अवस्थित एक प्रतिष्ठान पर छापा मारा गया।

छपामारी के दौरान कोई भी बाल श्रमिक कार्य करते हुए नहीं पाया गया। जांच के क्रम में संबंधित होटल/ठेला मालिक के द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पूर्व परिवार के ही बच्चे होटल में मौजूद थे परन्तु वे कोई बाल श्रमिक नहीं थे। तदोपरांत उन्होंने उनके द्वारा लिखित रूप से इस बारे में घोषणा पत्र दिया गया कि वह कभी भी बाल श्रम को बढ़ावा नहीं देंगे। विदित हो कि विभाग के द्वारा नियमित रूप से तथा बाल श्रम संबंधी प्राप्त सूचना एवं शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस दौरान आसपास के होटल में बाल श्रम निषेध संबंधी जागरूकता पोस्टर भी चिपकाया गया। मौके पर श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी देव कुमार ने बाल श्रम रोकथाम के लिए आमजनों को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाल श्रम अथवा बच्चों से संबंधित कोई भी सूचना देनी हो तो टोल फ्री नं. 112/1098 अथवा नजदीकी पुलिस थाना अथवा श्रम विभाग को सूचना दे सकते हैं। इस छापामारी के दौरान विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं कोर्रा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों ने ली एकता शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता राकेश रोशन तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार की अध्यक्षता में आज शपथ समारोह का आयोजन जिले के अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वीं के जयंती के अवसर पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने समाहरणालय सभागार में उपस्थित



सभी कार्यालय कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई । साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यालय कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि, जिले के सभी नागरिकों का फर्ज है कि वह अपने देश की एकता और अखंडता बनाए रखें। तथा अपने देश का नाम रौशन करें। मौके पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

## भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के ग्राम आराहरा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आराहरा में हर्षोउल्हास के साथ भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरहुल महतो तथा संचालन महेंद्र कुमार ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि पंसस कृष्णा राम ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल के फोटो पर माला अर्पण करने के बाद इनकी जीवन से संबंधित पूरी जानकारी लोगों बताई। मौके पर छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया



गया। कृष्णा राम के द्वारा छात्रों को किताब, कॉपी ,कलम पेंसिल ,तथा पाठ्य सामग्री से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय अध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष मालो देवी, प्रदीप राम, राजकुमार महतो, सरहुल महतो, शिक्षक मोहन कुमार, महेंद्र कुमार, छविनाथ महतो, रविंद्र ठाकुर, राजेश महतो, हीरा लाल महतो, लक्ष्मण कुमार, विष्णु महतो, सुबाशो देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, तुलसो देवी सहित छात्र और अभिभावक उपस्थित थे।

## प्रमंडल की एकता बनाए रखना नागरिकों का कर्तव्य : आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय में प्रमंडल की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु प्रमंडलीय कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच एकता की शपथ दिलाई। आयुक्त ने सरदार वल्लभभाई पटेल के 147वीं जयंती पर प्रमंडलवासियों को शुभकामनाएं दी, और अखंड भारत के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। शपथ समारोह के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रमंडल के प्रत्येक नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वह अपने देश और समाज की अखंडता और सुरक्षा बनाए रखें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के पीछे का सबसे बड़ा कारण सभी का एक साथ रहना एवं अपने समाज के सभी लोगों तक इस भावना को पहुंचाना

## श्रीदस में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में उनकी जीवनी व कार्य एवं दर्शन पर आधारित भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही साथ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ।



राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह दिवस हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाते हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय एकता के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी देश के पहले उप- प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद भारत के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान था। इसलिए उन्हें राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। उनका यह विजन था कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश को एक रखने में अहम भूमिका निभाएगी।

## विधायक अंबा ने किया पतरातू प्रखंड में लगभग 40 लाख के योजनाओं की अनुशंसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू पीटीपीएस रोड नं 05 स्थित आवास में प्रत्येक सोमवार को लगने वाली जनता दरबार में विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना एवं त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए जनप्रतिनिधियों व लोगों के सुझाव के अनुसार लगभग 40 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न



योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपने विधायक निधि से अनुशंसा किया।जनता दरबार के दौरान पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक अंबा प्रसाद को ज्ञापन सौंपा जिस पर विधायक ने कहा कि शीघ्र इस मामले को लेकर विभागीय मंत्री के पास जाऊँगी।मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,अंजन प्रसाद,योगेंद्र सिंह खरवार,रमेश बेदिया,जयंत तुरी, अरविंद साव,नईम मियां,लियाकत अंसारी,हरिदास साव,संजय सिंह, अशोक कुमार,हसीब अंसारी, तिलेश्वर साव,निर्मला देवी,कामेश्वर साव,सिकंदर सिंह,प्रदीप साव, कैलाश साव,प्रेम साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## पीटीपीएस सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 147 वीं जयंती समारोह पीटीपीएस पतरातु स्थित सरदार पटेल जी की प्रतिमा स्थल पटेल चौक पर पटेल सेवा संघ के तत्वाधान में संयोजक सुजीत कुमार पटेल कि अध्यक्षता एवं संचालन में संपन्न हुई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित विधायक सुश्री अंबा प्रसाद ने सर्वप्रथम झंडोतोलन एवं सरदार पटेल जी कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कमांडेंट वीरेंद्र कुमार सिंह,प्रखंड



विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता,पार्षद राजाराम प्रजापति,प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा,प्रीति झा,मुखिया नूतन सिंह,मुखिया किशोर कुमार महतो, मुखिया राहुल रंजन,मुखिया गिरिजेश कुमार,सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो,धर्मेंद्र कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि अमित साव,डॉ मनोज कुमार गुप्ता,डॉ.डी बी लाहा,पूर्व प्राचार्य सह साहित्यकार डॉ राजेंद्र प्रसाद निगम,डॉ के.के शर्मा,मजदूर नेता निरंजन लाल,पूर्व मुखिया दिलीप सिंह वीरेंद्र झा,राहुल रंजन, समाजसेवी बारिश खान,प्राचार्य राकेश कुमार,प्राचार्य प्रवीण कुमार,प्राचार्य मुन्ना तिवारी,कर्पूरी ठाकुर समिति से गणेश ठाकुर,गांधी समिति से राजेंद्र प्रसाद,अंजन प्रसाद,डीएन त्रिपाठी,रानी सिंह,वहीं पटेल सेवा संघ से दशरथ कुरमी,मिथिलेश सिंह,सहदेव सिंह,राजेश महतो,धीरज पटेल,नन्नू लाल महतो सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शिक्षकगण एवं सैकड़ो नगर वासी उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज ने प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा स्थानीय विधानसभा सभागार, रांची में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखण्ड के सभी 24 जिलों से विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शामिल हुए। प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा मंच संचालन नीतू शर्मा ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया की झारखण्ड में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड का गठन करने, विश्वकर्मा पूजा के दिन सरकारी अवकाश करने, झारखण्ड





में जातीय जनगणना कराने, सभी शिक्षण संस्थानों और सरकारी संस्थानों में बढ़ई मिस्त्री और लोहार की बहाली हो आदि शामिल है। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि राँची के मोरहाबादी मैदान में विश्वकर्मा अधिकार रैली का आयोजन फ़रवरी माह में किया जायेगा ,जिसमें पुरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे। इसके साथ साथ विश्वकर्मा समाज की राजनितिक भागीदारी पर चर्चा की गई ।

प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा की अध्यक्षता करते हुए विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि राँची के मोरहाबादी मैदान में होगी विश्वकर्मा अधिकार रैली जिसमें पुरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे । मध्यप्रदेश की तर्ज़ पर झारखण्ड में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड का गठन करे झारखण्ड सरकार । इस बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, संतोष कुमार, बिनोद राणा, नुनूलाल विश्वकर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवम सदस्य शामिल हुए।

## एकादशी उद्यापन को लेकर कलशयात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरकनगांगो निवासी बासुदेव यादव,तुलसी यादव,राजेन्द्र यादव की मां मसोमात चेतनी के द्वारा कार्तिक उद्यापन यज्ञ को लेकर कलशयात्रा निकाला गया. कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किए. कलशयात्रा में 101 महिलाएं शामिल हुई,कलश यज्ञ स्थल से लेकर कलशयात्री महादेव स्थान बरकनगांगो से जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंची। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, पूर्व पंसस रामेश्वर यादव, समाजसेवी रामविलाश यादव, अजय चौधरी, उमाशंकर यादव, मनोज यादव, सुजीत यादव, रामचंद्र सिंह, सीताराम यादव, रतन पसावान, दिलीप सिंह(फौजी), दुलारचंद यादव, प्रभु यादव, मुकेश यादव, रघु राम, उमेश राम, बिजय सिंह, विरेंद्र राणा, महादेव यादव सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रेन्बो स्कूल बरही में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, मानव श्रृंखला बनाकर दिया एकता का संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा द्वारा वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक घटनाओं का मंचन किया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के द्वारा हैंड फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया एवं उनके विचारों को नारों के रूप में दोहराया गया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर



प्रसाद कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें उनके ऐतिहासिक एवं साहसिक कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं देश सेवा की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य पंचम कुमार पांडेय ने बच्चों को इस दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिवस पर मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2014 में एकता दिवस के रूप में की गई। मौके पर शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, संकेश कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक की विदाई में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के बेड़ाहरियारा पंचायत अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्याभूषण मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को उनके सम्मान में विद्यालय प्रांगण में विदाई सम्मान समारोह का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर विद्याभूषण मिश्र ने भावुक होते हुए कहा कि,मैं जब इस विद्यालय में आया था,तो यहाँ मेरे अलावा सिर्फ दो शिक्षक थे।मैने अपने दस वर्षो के कार्यकाल में इस विद्यालय कों अपने आँगन की तरह सींचा आज हमारे विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक है,नई बिल्डिंग है,आज अपने इस प्यारे विद्यालय से सेवानिवृत्त होकर जा रहा हूँ। विद्यालय छोड़ने का दुख



तो है,परन्तु मैं आज भरा-पूरा विद्यालय अपने विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार को अपना प्रभार सौप कर जा रहा इसकी मुझे खुशी है।

विष्णुगढ़ वासियो एवं यहाँ के समाजसेवियों ने मेरा विद्यालय संचालन में काफी सहयोग किया जिसका मैं उन्हें थे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। मौके पर आई अपने धर्मपत्नी से कहा अब मेरा सारा समय आपके लिए । इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,मुखिया रामचन्द्र यादव, चेडरा पंसस मुन्नी देवी, उपाध्याय सर,बाल विकाश विद्यालय प्रधानाध्यापक नवलकिशोर वर्मा,त्रिवेणी प्रसाद, जयवीर प्रसाद बर्मन, सुबोध प्रसाद, अयोध्या प्रसाद बर्मन, शेखर सुमन, विजय कुमार, राजदेव प्रसाद, पवन कुमार, मनोज कुमार,मंजु कुमारी, शालिनी गुप्ता,रवि भूषण,रविन्द्र चौधरी,मधुसुदन प्रसाद समेत क़ाफी संख्या में प्रबुद्धजन एवं छात्राएं शामिल थे।

प्रभात मंत्र



## ब्लूस्टोन के बिग गोल्ड अपग्रेड ने पुराने सोने के एक्सचेंज की बढ़ायी चमक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख ओम्नीचैनल फाइन ज्वैलरी ब्रांड्स में अग्रणी, ब्लूस्टोन ने इनोवेशन और ग्राहक-संतुष्टि की अपनी प्रतिबद्धता को नया आयाम देते हुए 'बिग गोल्ड अपग्रेड' ऑफर पेश किया है। अपनी तरह के इस ख़ास ऑफर का उद्देश्य ख़रीददारों को सर्वोत्तम मूल्य में आधुनिक ज्वैलरी और शानदार डिज़ाइन पेश करना है। बिग गोल्ड अपग्रेड में ग्राहकों के पुराने सोने का भावनात्मक महत्व समझते हुए उन्हें ज़्यादा कैरट मूल्य और लेटेस्ट ज्वैलरी डिज़ाइन मिलेंगे।बिग गोल्ड अपग्रेड ऑफर पुरानी ज्वैलरी के पारंपरिक मूल्य से ज़्यादा फ़ायदा देने का एक प्रयत्न है। यह ऑफर सुन्दर ज्वैलरी को बंद लॉकर से बाहर लाकर विभिन्न अवसरों पर पहने जाने वाले खूबसूरत संग्रह का निर्माण करने का एक प्रयास कर रहा है। इस ऑफर द्वारा ग्राहक 170 से अधिक ब्लूस्टोन स्टोर्स में जाकर अपने पुराने सोने के बदले नयी और ज़्यादा स्टाइलिश ज्वैलरी ख़रीद पायेंगे। और इस परिवर्तन को काफ़ी विशाल रूप दिया गया है, क्योंकि ग्राहकों को अपने 18 कैरेट के बदले 22 कैरेट का मूल्य मिलेगा ।

## लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए लॉन्च किया टाइनेफकॉन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी एवं एक प्रमुख हेल्थकेयर व वेलनेस कंपनी लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए एक पेटेंट दवा टाइनेफकॉन लॉन्च की है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने भारत में पिरामल लाइफ साइंसेज द्वारा तैयार पेटेंट प्रोडक्ट के लिए इनवेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एक्सक्लूसिव एग्रीमेंट किया है। टाइनेफकॉन को सोरायसिस के संपूर्ण इलाज के लिए टैबलेट, क्रीम, शॉवर जेल और स्कैल्प वॉश जैसे 4 रूपों में लॉन्च किया जा रहा है। इसकी कीमत 799 रुपये से 3900 रुपये है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक के एमडी सच्चिदानंद उपाध्याय ने लॉन्च के बारे में कहा, हमें टाइनेफकॉन को भारतीय बाजार में पेश करते हुए खुशी हो रही है। टाइनेफकॉन की लॉन्चिंग भारत में स्वास्थ्य सेवा को समृद्ध बनाने के हमारे मिशन के अनुरूप है। टाइनेफकॉन के साथ हम सोरायसिस का व्यापक, सुरक्षित और प्रभावी इलाज मुहैया करा रहे हैं। हमारा लक्ष्य टाइनेफकॉन को सोरायसिस के इलाज के लिए प्रमुख विकल्प के रूप में स्थापित करना है। हम टाइनेफकॉन को भारत में बड़ी सफलता दिलाने और अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए बड़ी संख्या में मरीजों तक पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पीडब्ल्यू विद्यापीठ में शिक्षा प्राप्त करना सुलभ हुआ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी एडटेक कंपनी फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) के ऑफ़लाइन सेंटर्स विद्यापीठ की संख्या पूरे भारत के 50 शहरों में 74 तक पहुंच चुकी है। इनका उद्देश्य छात्रों को उनके गृहनगर के करीब ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंचाना है। इससे उन्हें दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीडब्ल्यू विद्यापीठों में अपनी ऑफरिंग्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए 10 विद्यापीठ सूचना केंद्र और 27 शहरों में 28 पाठशालाएं भी संचालित करता है, जहां हाइब्रिड कक्षाएं चलती हैं। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट (पीडब्ल्यूएनसैट) के दूसरे चरण का भी शुभारंभ करेगा, जिसमें 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों और जेईई या नीट के इच्छुक छात्रों के लिए ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड में परीक्षाएं कराई जाएंगी। जिसमें सौ फीसदी तक छात्रवृत्ति पाने का मौका है। ये 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक (ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में) आयोजित की जाएंगी।पीडब्ल्यू में विद्यापीठ ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, की हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक छात्र को अपने गृहनगर में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले, जिससे अच्छी एजुकेशन के लिए उन्हें दूर न जाना पड़े।

## झारखंड से निकलकर एंजल इनवेस्टर बनने वाले एक ड्रीमर की प्रेरक यात्रा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड के एक छोटे से कस्बे हजारीबाग से अपने सपनों का सफर शुरू करने वाले कुणाल किशोर ने एक विचार की क्षमता को सचमुच में जगजाहिर किया है। कुणाल किशोर एक जाने-माने अनुभवी आंत्रप्रेन्योर, स्टार्ट-अप इनवेस्टर और सक्षम उद्योग विशेष एवं प्रतिनिधि हैं और साथ ही ClanConnect.ai के सह-संस्थापक एवं सीओओ भी हैं। पुरस्कार-विजेता इंफ्लूएंसर मार्केटिंग स्टार्ट-अप का नेतृत्व कर रहे कुणाल ने स्क्रैच से एक ब्राण्ड बनाने और बढ़ाने के लिये अपनी कुशलता का इस्तेमाल किया है। कुणाल का ट्रैक रिकॉर्ड बड़ा ही प्रभावशाली है और उनकी विशेषज्ञता अपने ही संसाधनों से तैयार एक कंपनी वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस के संस्थापक-निदेशक के तौर पर उनकी बेमिसाल उद्यमिता की यात्रा से आती है। उनके नेतृत्व में यह कंपनी 50 करोड़ से ज्यादा का व्यवसाय बनी है। सबसे तेजी के साथ बढ़ रही इस कॉम्स-टेक फर्म में कुणाल कई ब्राण्ड्स को बनाने में शामिल रहे हैं, शुरूआती अवस्था से लेकर यूनिकॉर्न क्लब में पहुँचने तक। उद्योग के प्रतिष्ठित फोरम्स, जैसे कि आईपीआरसीसीए, ई4एम, और रेपुटेशन टुडे, आदि से कई सम्मान पा चुके कुणाल अब इंडियन एंजल्स'' में एक एंजल इनवेस्टर के रूप में नया रिकॉर्ड बनाने के लिये तैयार हैं। यह विश्व का पहला एंजल इनवेस्टमेंट शो है, जो भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा।इंडियन एंजल्स न सिर्फ एंजल इनवेस्टरों को उभरते स्टार्टअप्स के सहयोग का मौका देगा, बल्कि दर्शकों को भी निवेशक बनने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा।

## कोल इंडिया की स्थापना दिवस पर अरगड्डा क्षेत्र से 45 कामगारों को मिलेगा प्रमोशन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल इंडिया के स्वर्णिम स्थापना दिवस पर कल बुधवार को सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के 45 कामगारों को पदोन्नति मिलेगी। इसे कार्यक्रम में सुबह 11ः30 बजे एडिशनल जीएम सुजीत कुमार सिन्हा के द्वारा कामगारों को प्रमोशन लेटर व उपहार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को अरगड्डा क्षेत्र के एसओपी एमएफ हक ने दिया।

## राकांमयू कार्यालय में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार पटेल जी की जयंती मनाई गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित राष्ट्रीय कांग्रेस मज़दूर यूनियन कार्यालय में मंगलवार को स्व इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं स्व सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान स्व इंदिरा गांधी जी एवं स्व सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर पुष्पअर्पित कर मनाई गई। मौके पर मुख्यरूप से वरिष्ठ कॉंग्रेसी नेता राजेंद्रनाथ चौधरी, अल्पसं ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन, ज़िला महासचिव अख़ूतर आज़ाद, असलम ख़ान, मो आशिक़, वाहिद अली, रहमान ख़ान, मुख़ूतार अंसारी, सोहन महतो, राहुल कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, अदित सिंह उपस्थित थे।

## आउटरीच अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के आदेशों का पालन करते हुए, आउटरीच अभियान के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत के हठुआ झरना अनुसूचित जनजाति बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । इस विधिक जागरूकता शिविर के बैनर तले कानूनी जागरूकता के तहत शिविर में आदिवासी महिलाओं को कानूनी जानकारी में उन्हें छुआछूत विरोधी कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006,अनुसूचित जाति एवं अनुज़्जनजाति के अधिकारों से संबंधित कानून, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948,घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 , तेजाब हमले से पीड़ित के लिए मुआवजा योजना, किशोर न्याय और बालकों की देखरेख , दहेज प्रथा, इत्यादि कानून के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया इस शिविर में ग्रामीण ऑन ने अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित समस्याओं से अवगत कराते हुए बताएं कि अभी तक हमारे गांव में पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है साथ ही पानी की समस्या बच्चों के शिक्षा से संबंधित समस्या के बारे में बताएं।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में कांकेबार अवस्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों आदि ने कांकेबार अवस्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण का श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की आजादी के समय देश लगभग 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा हुआ था और जिस प्रकार से सरदार वल्लभभाई पटेल ने सभी रियासतों को देश में मिलाने के लिए कार्य किया इसी कारण उन्हें महात्मा गांधी के द्वारा लौह पुरुष की उपाधि दी गई थी। आज का दिन हम सभी के लिए एक प्रेरणा लेने का दिन है कि किसी भी कार्य के दौरान हम सबसे पहले अपने राष्ट्र को रखें एवं एकता के साथ देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने का भरसक प्रयत्न करने, देश की एकता की भावना से शपथ लेने जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की सत्यनिष्ठा से संकल्प करने की शपथ दिलाई।

## ओड़िशा सहित पूर्वी भारत के लिए सुखद संकेत है रघुवर दास का गवर्नर बनना : अमित साहू





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** किसी भी देश, राज्य और समाज के लिए कुछ अवसर अप्रत्याशित रूप से भी आते हैं। कई बार एक कदम के कारण कई अन्य कदमों के रास्ते भी खुल जाते हैं। रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाया जाना ऐसा ही एक सुखद भविष्य का संकेत है। यह महज एक राज्य के लिए नहीं बल्कि पूरे पूर्वी भारत के विकास की उलझनें सुलझाने वाला अवसर है।यह सच है कि हाल के वर्षों में ओड़िशा ने तीव्रगति से विकास की दिशा में कारगर कदम उठाने वाले एक प्रगतिशील राज्य के बतौर गंभीर छवि बनाने में सफलता हासिल की है। यह भी प्रसन्नता का विषय है कि इस प्रदेश ने राजनीतिक स्थिरता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करके विकास की अपनी अदम्य इच्छाशक्ति का शानदार परिचय दिया है। यह राजनीतिक स्थिरता महज राज्य सरकार का कार्यकाल पूरा होने तक सीमित नहीं बल्कि अनावश्यक राजनीतिक विवादों से परहेज के रूप में भी देखी जा सकती है।इसके बावजूद पूर्वी भारत के कुछ अन्य राज्यों की तरह ओड़िशा भी विकास की चुनौतियों से लगातार जूझ रहा है। भुखमरी के लिए दुनिया भर में चिंता का विषय बना कालाहांडी इलाका भी इसी प्रदेश में है। औद्योगिकीकरण और नगरीकरण की तीव्र होती गति के साथ विस्थापन और पलायन का शिकार आबादी का पुनर्स्थापन भी एक चुनौती है। ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करती प्रवासी आबादी को स्थानीय तौर पर बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना भी एक महत्वपूर्ण कार्यभार है।प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पूर्वी राज्यों का समग्र विकास सदैव एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय रहा है। संभव है कि रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाने के पीछे यह दूरदर्शी सोच काम कर रही हो। रघुवर दास को एक तीव्र गति से विकास की दिशा में अग्रसर और निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले दृढ़ इच्छाशक्ति संपन्न राजनेता के बतौर जाना जाता है।

## कामगार हक की लड़ाई लगातार लड़ रहा यूनियन : सुशील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन सिरका के कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय यूनियन संगठन एटक की 104वीं स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम श्रमिक नेता सुशील कुमार सिन्हा के द्वारा यूनियन का झंडातोलन किया गया। साथ ही 1973 में मजदूर आंदोलन में शहीद हुए चार कामगार हरीहर राम, सुदर्शन राम, बबुनी बेदिया, जतरु उरांव के प्रतिमाओं पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ता सुशील कुमार सिन्हा ने यूनियन सदस्यों व कामगारों को बताया कि 1920ई. के दशक से एटक लगातार मजदूरो व देश हित के लिए लगातार संघर्षरत हैं। संगठन के सदस्य अपने प्राणों की आहुति देते हुए आए हैं। वर्तमान समय में भी काफी बड़ी चुनौती हैं। केंद्र सरकार के मजदूर कल्याण विरोधी कार्य जग जाहिर हैं। आज भी मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई सुलग रही हैं। जिसे हमारे यूनियन प्रतिनिधि, सदस्य चुनौती पूर्ण तरीके से निपटने के लिए लगे हुए हैं। अरगड्डा क्षेत्र में सहित पूरे राष्ट्र में एटक का स्वर्णिम इतिहास हैं। जिसकी रक्षा और अनुपालन करने के लिए हम सभी लगे हुए हैं।

## दिगवार के मस्जिद मोहल्ला में फैजाने गौसे आजम कॉन्फ्रेंस जलसा को सफल बनाने के लिए बैठक आहूत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ के दिगवार के मस्जिद मोहल्ला में फैजाने गौसे आजम कॉन्फ्रेंस जलसा का आयोजन होने जा रहा है ।जिसमें भारत के मशहूर मौलाना गाजिये मिलत पूर्व एमएलसी गुलाम रसूल बाल्यावी बिहार, इंटरनेशनल शायरी जनाब दिलबर शाही कोलकाता, शायरी हिंदुस्तान शाहनवाज हसान साहब उड़ीसा , सायरे अहले सुन्नत जमजम फतेहपुरी, सरकारे तरन्नुम हजरत साजिद इकबाल कोलकाता, मंच संचालन के लिए मनावर सैफी कालपी शरीफ से तशरीफ़ ला रहे। जलसा से पूर्व दिगवार मुस्लिम समाज के बीच जलसा को सफल बनाने के लिए एक बैठक आहूत की गई थी, मौलाना को स्वागत, बाहर से आए हैं मेहमानों की स्वागत के लिए विधि व्यवस्था बनाने के लिए वॉलिंटियर की टीम बनाई गये। युवा समाजसेवी अतहर अली ने बताया कि तारीख 04 नवंबर 2023 बरोज़ शनिवार रात्रि 8 बजे से स्थान ग्राम पोस्ट ,दिगवार थाना मांडू जिला रामगढ़ मैं होने जा रहा है इसमें अपील आग्रह है की ज्यादा से ज्यादा लोग आए और जलसा को कामयाब करें। बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए खाने की व्यवस्था किया गया है ।

## सीसीएल अरगड्डा के सतर्कता जागरूकता सप्ताह में टोंगी स्कूल के छात्रों ने लिया भाग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में जीएम संचालन सुजीत कुमार सिन्हा के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का प्रचार मार्च आरंभ किया गया। इसमें टोंगी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। जिनके साथ अधिकारियों और छात्रों ने सत्य निष्ठा, प्रतिज्ञा सतर्कता की शपथ ली। साथ ही अरगड्डा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर अमला अधिकारी मोहम्मद फैयाज उल हक, नोडल अधिकारी निखिल श्रीवास्तव, कार्मिक प्रबंधक मनीष अंबष्ठा, कार्मिक उप प्रबंधक भास्कर शरद, कर्मचारी दुर्गेश सिंह, प्रशांत बेल्थरिया ने योगदान दिया। संचालन नोडल अधिकारी निखिल श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। मौके पर कई उपस्थित थे।

## दुलमी प्रखंड के प्रियायू निवासी युनूस अंसारी के घर में शार्ट सर्किट से आग लगी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ के दुलमी प्रखंड के प्रियायू निवासी यूनूस अंसारी के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई । जिसमें धर के कमरे में रखे सारे सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि पलंग,सोफा, टीवी, पंखा, 25 से 30 हज़ार नगद व अन्य जरूरी कागजात सभी जल कर राख हो गया । पीड़ित ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख के नुकसान हुआ। सुचना मिलने पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश घटनास्थल पहुंचे ओर स्थित का जायज़ा लिया। साथ ही आपदा विभाग के तहत मुआवजा दिलाने का प्रयास करने की बात कही। मौके पर छोटन कुमार सिकन्दर नायक आदि उपस्थित थे।

## सरदार बल्बभ भाई पटेल को माला पहना कर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया





**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटेल सेवा संघ रामगढ़ के द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वी जयंती के अवसर पर पटेल सेवा संघ धर्मशाला रामगढ़ एवं पटेल चौक, कांकेबार में खूब धूम धाम से मनाया गया द्य इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों के कहा की भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और 'लौहपुरुष' कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की आजादी और भारतीय रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में अपना अहम योगदान दिया था। सरदार पटेल भारत के पहले उपप्रधान मंत्री और भारत के पहले गृह मंत्री भी थे। देश की आजादी में उन्होंने जितना योगदान दिया, उससे कहीं ज्यादा योगदान उन्होंने आजाद भारत को एक सूत्र में बांधने में भी किया था। इस मौके पर संघ के मुख्य संरक्षक राज गोबिंद प्रसाद, अध्यक्ष मनोज मंडल, सचिव नीरज मंडल, कोसाअध्यक्ष अशोक महतो, संजय चौधरी, अरुण महतो, अनिल मंडल, जय प्रकाश, संजीव रावत, नवीन सिन्हा, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, स्याम कुमार सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड फसल राहत योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड फसल राहत योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा उपायुक्त का स्वागत पौधा देकर कार्यशाला में स्वागत किया गया जिसके उपरांत उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यशाला का आयोजन किया।कार्यशाला के दौरान जानकारी देते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा बताया गया के वर्तमान में झारखंड फसल राहत योजना के तहत रामगढ़ जिले में 34549 किसानों का निबंधन किया जा चुका है साथ ही उन्होंने बताया कि झारखंड फसल राहत योजना के तहत किसानों का निबंधन निशुल्क रूप से किया जा रहा है। मौके पर उन्होंने झारखंड फसल राहत योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ की भी जानकारी सभी को दी। जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों, पैक्स अध्यक्षों सहित अन्य संबंधितों को रामगढ़ जिला अंतर्गत शत प्रतिशत किसानों का निबंधन झारखंड फसल राहत योजना के तहत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शत प्रतिशत निबंधन के उपरांत न केवल जिला प्रशासन के पास जिले के सभी किसानों का डेटाबेस उपलब्ध होगा बल्कि सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लाभ किसानों को आसानी से दिए जा सकेंगे।बैठक के दौरान उपायुक्त ने पैक्स अध्यक्षों से कहा कि जिन पैक्स अध्यक्षों के पास वर्तमान में गोदाम नहीं है वे अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी जमीनों को चिन्हित कर संबंधित प्रतिवेदन जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए वही जिनके पास भूमि उपलब्ध है वे गोदाम के निर्माण हेतु प्रतिवेदन जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से दें।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता 2023 का हुआ समापन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में चल रही सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता 2023 का मंगलवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरबीओ रामगढ़ भारतीय स्टेट बैंक के रणधीर कुमार मिश्रा उपस्थित रहे । विद्यालय के प्रांगण में छोटे- छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया,जिसमें विशेष बिहार और झारखंड के क्षेत्रीय नृत्य को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबला ज्ञान निकेतन स्कूल पटना और फाउंडेशन स्कूल बक्सर टीम के बीच खेला गया, जिसमें ज्ञान निकेतन पटना की टीम ने 37 पॉइंट से 23 की टीम को हराकर प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रॉफी पुरस्कार से नवाजा गया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कबड्डी में भाग लेने वाले विजेता और उपविजेता को भी बधाई दी और कहां की किसी भी खेल को मनोरंजन की दृष्टि से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विजेता तो कोई एक ही होगा परंतु उससे भी महत्वपूर्ण है खेल से जुड़ना। खेल को हमें अपने जीवन का एक हिस्सा समझना चाहिए तभी तो हमारा तन और मन स्फूर्ति से भरा रहेगा। कभी हार है तो कभी जीत है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों की भी प्रशंसा की जिन्होंने अपने प्रतिभा से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सीबीएसई बोर्ड से आए ऑब्जर्वर राजेश कुमार सिन्हा जी ने कबड्डी के विजेता खिलाड़ियों को काफी बधाई दी ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-93-94-2023, दिनांक: 30.10. 2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्य का नाम : (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-93-2023,** रांची मंडल में एलएचएस/एनएचएस (कट एंड कवर तकनीक) का निर्माण करके मानवयुक्त एलसी सं. सीएम-51 एवं सीएम-45 को समाप्त करना। **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-94-2023,** रांची मंडल में डीईएन/दक्षिण/आरएनसी के क्षेत्राधिकार में हटिया में डीआरएम कार्यालय भवन का दो साल के लिए रखरखाव, अनरक्षण एवं कोटाणशोधन। **निविदा मूल्य :** ₹ 8,16,07,596.85 (क्रम. स. 1 के लिए) एवं ₹ 57,14,100.23 (क्रम. स. 2 के लिए)। **बयाना राशि :** ₹ 5,58,000/- (क्रम. स. 1 के लिए), एवं ₹ 1,14,300/- (क्रम. स. 2 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 21.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे प्रत्येक के लिए। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर जा सकते हैं। **(PR-760)**

**उपायुक्त - सह - जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(खनन शाखा)**

**आम सूचना**

एतद द्वारा PR No.298461 (Mines and Geology (23-24) D दिनांक 26.05.2023 को प्रकाशित रामगढ़ जिलान्तर्गत प्रकाशित 06 बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति अल्पकालीन वित्तीय निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
उपायुक्त,
रामगढ़

PR 310288 Mines and Geology (23-24)_D

**Information and Public Relations Department**
**Government of Jharkhand, Ranchi**

**TENDER NOTICE**

Information and Public Relations Department, Govt. of Jharkhand intends to invite Bid for Operation, Maintenance and Management (0MM) of their existing LED Display Board installed in different cities of Jharkhand State. The details Bid/Tender document may be downloaded from the office website - prdjharkhand.in.
Pre-Bid meeting will be held on 03-11-2023 from 03:00 PM at Suchana Bhawan, Mayer's Road, Ranchi, Jharkhand
Last date of submission of Tender is 08.11.2023 till 01:00 PM (Suchana Bhawan, Mayer's Road, Ranchi, Jharkhand)
The Opening of Bid will be at 03:00 PM on the same day.
The undersigned reserved the right of amendment, addendum or even cancel the above Bid.

Director
IPRD, Govt. of Jharkhand

PR NO-310309 (IPRD) 23-24

**अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारणों को सूचित करना है कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, खूँटी के पूर्व नियुक्त प्रबंध समिति के पदाधिकारियों की सेवा समाप्त होने के फलस्वरूप सोसाईटी का संचालन तदर्थ (Executive Committee) समिति का गठन कर किया जा रहा है। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी, शाखा पूर्व से ही जनहित/जनभागीदारी में जिला प्रशासन के साथ सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। इसकी कड़ी को बरकारार रखने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

अतः जनहित एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, खूँटी के हित को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी के प्रबंध समिति की पुर्नगठन हेतु दिनांक 03.11.2023 को अपराह्न 12:30 बजे समाहरणालय सभागार, खूँटी में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी, के प्रबंध समिति की सदस्यता प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति उक्त निर्धारित बैठक में भाग लेकर भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी के प्रबंध समिति की सदस्यता प्राप्त कर जनहित/जनभागीदारी के कार्य में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी

PR310238 (District)23-24*D

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजादी के बाद भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य ए. के . मिश्रा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने भी पुष्प अर्पित कर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में पटेल जी की जीवनी पर संजय प्रसाद ने विस्तार से प्रकाश डाला। सभी विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में राष्ट्र की एकता को बनाए रखने के लिए शपथ ली। प्राचार्य ने अंत में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कल के आप भारत के भाग्य विधाता हैं। आप किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र की एकता को बनाये रखें।

## भंडारा का आयोजन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मोतिलेदा में दुर्गा पूजा छाता मेला के संपन्न के बाद मंदिर समिति की और से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दे की दुर्गा पूजा के बाद दो दिन यहाँ मेला लगता है और इस मेला में लाखो श्रद्धालु आते है।

## चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा के देवरी प्रखंड अंतर्गत दुलाबैठा कर्माटांड के ऐतिहासिक मैदान में हिहिडी पीपिडी क्लब के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता फाइनल मुकाबले में शामिल हुई। इस टूर्नामेंट में चहाल की टीम ने शानदार जीत की बाजी मारी। मौके पर कांग्रेस नेत्री डॉ मंजू कुमारी ,नुनूलाल मरांडी , देवरी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुमार बंधु कश्यप , देवरी प्रखण्ड विसूत्री अध्यक्ष विमल कुमार सिंह , सहित अन्य गणमान्य, समाज सेवी जन प्रतिनिधि, विभिन्न चैनलों के मीडिया कर्मि सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। साथ ही चहाल टीम के विजेता और उपविजेता को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को भारतीय युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली के नेतृत्व में गिरिडीह के सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। मौके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज हम लोगों के लिए बहुत ही गौरव का दिन है क्योंकि आयरन लेडी के नाम से प्रख्यात देश की प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं भारत रत्न से सम्मानित लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की आज जयंती है और इस अवसर पर गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विशेष कर नए रक्तदाताओं को इस पहल से जोड़ने का काम किया गया है ताकि थैलेसीमिया जैसे बीमारी से ग्रसित बच्चों को इन नए रक्तदाताओं से प्रेरित कर रक्तदान शिविर जैसे माध्यमों से जोड़ कर आगे लाने की आवश्यकता है ताकि रक्त की कमी के मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध कराया जा सके ।

## रामलीला कार्यक्रम का आयोजन

**गावां(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत स्थित हाट बाजार में भक्ति रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गयामौके पर मुख्य अतिथि पिकेट प्रभारी कुलदीप शर्मा उपस्थित हुए और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सर्वप्रथम राम भक्तों के द्वारा आरती का कार्यक्रम किया गया फिर भक्ति झांकी एवं रामलीला का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया क्षेत्र के सुदरवर्ती क्षेत्र से भी लोग पहुंचकर भक्ति सागर का आनंद उठाया समाज को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए भक्ति एवं संस्कृति कार्यक्रम का होना अनिवार्य है। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित पप्पू यादव, आनंदी यादव सौरभ कुमार, पप्पू कुमार, आकाश गुप्ता रंजीत कुमार राम कुमार, राजेश कुमार गुप्ता उप मुखिया, पवन कुमार, सहित रामलीला मंडली उपस्थित हुए।

## गोविंदपुर क्षेत्र ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, निकला प्रभात फेरी

**कतरासप्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः प्रभात फेरी निकली गयी और अखंड भारत के निर्माता लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाया गया। गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 की ओर से सिनीडीह रीजनल स्टोर से बिलबेरा सीआईएसफ कैंप तक अधिकारी एवं बीसीसीएल के महिला एवं पुरुष कर्मी संयुक्त रूप से मिलकर प्रभात फेरी शामिल हुए।

# समय से पूर्व विद्यालय बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की कुव्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जाता है कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने के लिए नित्य प्रतिदिन अधिसूचनाएं लगातार जारी होते रहता है पर झारखंड के शिक्षक हैं कि सुधरने का नाम नहीं लेते आज टुंडी के पुरनाडीह गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पठन पाठन का कार्य बहुत ही खराब स्थिति में है. समाचार संकलन के समय मात्र 2:10 बजे दोपहर को एक शिक्षक द्वारा गेट का ताला लगाया जा रहा था जबकि बच्चे 1:00 बजे से ही स्कूल छोड़ चुके थे. पुरनाडीह निवासी सह समाजसेवी राहुल गुप्ता का कहना है कि इस तरह का कार्य प्रतिदिन देखा जा सकता है शिक्षक तो नहीं के बराबर रहते हैं हाजिरी बनाकर गायब हो जाते है। वर्तमान सरकार का उद्देश्य गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा बच्चों को दिलाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है पर बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिल पा रहा है आज पुरनाडीह विद्यालय में घोर अनियमिता फैला हुआ है समय से पूर्व प्रतिदिन स्कूल को बंद कर शिक्षक अपने निजी काम में व्यस्त रहते हैं जो कि ग्रामीणों में भारी रोष देखा जा रहा है समय रहते जिला प्रशासन अगर कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो ग्रामीणों द्वारा जोरदार आंदोलन करने पर बाध्य होगा जिसका जिम्मवार जिला प्रशासन होगा।

## बिरनी के युवक की पंजाब में हत्या, पीड़ित परिवार से मिले नागेन्द्र महतो



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जनता जरीडीह निवासी प्रदीप माली के 22 वर्षीय पुत्र शिवनंदन मालाकार का पंजाब के मोहाली में बीते 24 अक्टूबर को दो अपराधियों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दिया था। जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो मृतक के आवास पहुंचकर, घटना पर दुःख जताया, साथ ही पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बंधवाया एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस बीच पूर्व विधायक ने कंपनी के अधिकारी से फोन से बात कर मृतक के परिवारों के आश्रितों का मुआवजा देने की बात किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, पंचायत समिती सदस्य प्रतिनिधि कैलाश पासवान, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, भाजुयुमों मण्डल अध्यक्ष रतन कुमार पांडेय, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कार्तिक यादव, बिनोद कुमार पांडेय, जयकांत पांडेय, बिनोद कुमार सिंह, बुलेंद्र सिंह, विरेन्द्र कुमार यादव, रामाकांत वर्मा उर्फ मुन्ना सर, अशोक राम, अक्षय कुमार पांडेय, बहादुर मालाकार मनोज कुमार वर्मा,बीरेंद्र राम किशुन राम, इंद्रदेव यादव, दिलीप ठाकुर, अजय ठाकुर,संजीत बर्नवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी सरदार वल्लभ को याद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** नगर कांग्रेस कमेटी कतरास के तत्वावधान मे मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी का शहादत दिवस तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कांग्रेस के कतरास प्रधान कार्यालय में मनाया गया। कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर भोला राम, बिनोद शर्मा, कर्मचंद बाउरी, नगर अध्यक्ष रणजीत पाण्डेय, प्रखण्ड अध्यक्ष बलराम महतो, राजाराम यादव, जियाउल हक, पंकज वर्मा, सुदेश दास, योगेन्द्र रजक, रणधीर सिंह, बाल्मीकि भुईयां, राजेंद्र रवानी, पुरन नापित आदि उपस्थित थे।

# नगरपालिका सेवा संवर्ग नियुक्ति परीक्षा में हुई धांधली का भाजयुमो ने किया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** नगरपालिका सेवा संवर्ग नियुक्ति की परीक्षा जेएसएससी द्वारा ली जा रही थी । जिसमे परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र लीक किया गया। छात्रों को जो पेपर मिला उसका भी सील पहले से खुला पाया गया, जिसका विरोध परीक्षार्थियों द्वारा तत्काल किया गया ।विरोध कर रहे छात्रों को पुलिस और एग्जाम सेंटर के कर्मियों द्वारा बंधक बनाया गया। इसी के विरोध में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह द्वारा झंडा मैदान से चलकर टावर चौक पहुंच कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया, और इसकी जांच की मांग की गयी और कहा गया कि दोषियों पर कार्यवाही नही होने पर सड़क से लेकर सदन तक चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा । मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय, महामंत्री मिथुन चंद्रवंशी , शम्भू शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार, नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय, आलोक सिन्हा गौतम भदानी आलोक केसरी, अमित आर्य सोनू कुमार, अमित तटीय रंजीत राय किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमार सौरव उप प्रमुख ओमकार पंकज कुमार आदि कई मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नियाह फाउंडेशन ने फूटपाथ दुकानदारों के बीच बांटी छतरी

## जीवन में बचत करना अत्यंत आवश्यक : डॉ. शबा आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नियाह फाउंडेशन ने वर्ल्ड थ्रिफ्ट डे को प्रमोट किया जिसे वर्ल्ड सेविंग डे के नाम से भी जाना जाता है। नियाह फाउंडेशन की संस्थापक डॉ शबा आलम खान ने बचत के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होने अपने टीम के सदस्य मो इमरान के साथ मिलकर समाज को ये संदेश भी दिया की हमें थोड़ी बचत कर अपनी जरूरतों को पूरी करने की कोशिश करनी चाहिए। जीवन यापन के लिये बचत करना अत्यंत आवश्यक है। कहा की इसी उद्देश्य से जिन दुकानदारों के पास अपनी कोई दुकान नहीं है उन्हें संस्था के द्वारा छतरी दिया गया और राशि के रूप मे कुछ आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। साथ ही जीवन मे बचत के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और उन्हें जागरुक किया गया।

## जेएसएससी परीक्षा में अनियमितता को लेकर भाजयुमो ने सीएम का फूंका पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धनबाद महानगर अध्यक्ष अमलेश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने बताया कि धनबाद के पुटकी में, जेएसएससी की परीक्षा में अनियमितता, ओएमआर शीट में गड़बड़ी पर छात्रों ने परीक्षा का बहिष्कार किया है। हेमंत सरकार सभी मोर्चे में विफल है। भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा जेएसएससी के ओएमआर शीट में कमी का छात्रों द्वारा विरोध जायज है। भाजपा छात्रों के समर्थन में खड़ी है। अधिकारियों की मनमानी का विरोध हर स्तर पर किया जायेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा सरकार से मांग करता हूं की परीक्षा को रद्द किया जाए। छात्रों का विरोध दर्ज करने पर डीएसई द्वारा जीवन खराब कर देने की धमकी का विरोध करता हूं। मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री तमाल राय ने किया। मौके पर रमेश राही, मानस प्रसून, रूपेश सिन्हा, मिल्टन पार्थसारथी, जयन्त चौधरी, रवि मिश्रा, मुकेश पांडेय, अनिल सिन्हा, कमलेश, धीरेंद्र ब्रह्मचारी, दिलीप सिन्हा, सरोज सुकला, जीत सोनी, उमेश सिंह, मोंटी सिंह,अरुण सिंह, रामजी मिश्रा, सचिन ठाकुर, रंजीत प्रसाद सुमित सहित अन्य भाजयूमो के कार्यकर्ता थे।

# ए. के. खंडेलवाल बने पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** ए. के. खंडेलवाल ने दिनांक 30.10.2023 को पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है । इसके पूर्व आप रेलवे बोर्ड में प्रमुख कार्यकारी निदेषक (गति शक्ति) के पद पर पदस्थापित थे

ए. के. खंडेलवाल ''भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा'' (IRSE) के 1987 बैच के एक ख्याति प्राप्त अधिकारी हैं । आपने एम.एन.आई.टी., जयपुर से सिविल इंजीनियरिंग संकाय में स्नातक तथा आई.आई.टी, रूड़की से एम.टेक की डिग्री प्राप्त किया है ।

34 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, श्री खंडेलवाल ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपकी देख-रेख में भारतीय रेल के कई महत्वपूर्ण पुलों, इमारतों और रेलवे ट्रैक सहित अन्य निर्माण परियोजनाओं को पूरा किया गया है । आपने दक्षिण मध्य रेलवे में एईएन/बेल्लमपल्ली के रूप में अपनी रेलसेवा शुरू की और उसके बाद आप दक्षिण रेलवे, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड तथा चुनौतीपूर्ण उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट में अपनी महत्वपूर्ण सेवा दे चुके हैं।

आपने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के रूप में कार्य करते हुए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक/ट्रैक मशीन के रूप में कार्य करते हुए आपने एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में भारत को ट्रैक मशीन के आयातक से निर्यातक में बदल दिया।

वर्ष 2016-17 में रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक/एनएफआर के पद पर कार्य करते हुए आपने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया । इस दौरान भारतीय रेल को गैर-किराया राजस्व के रूप में रु. 10,368 करोड़ प्राप्त हुआ जो कुल राजस्व का 6.2 प्रतिषत था।

आपके कौषल को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने आपको गति शक्ति निदेशालय, रेलवे बोर्ड के पहले प्रधान कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया । इस पद पर कार्य करते हुए आपने परियोजनाओं की योजना बनाने, मंजूरी देने और निगरानी करने के लिए एक दूरदर्षी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे द्वारा वर्ष 2022-23 में अब तक की सर्वाधिक रेलवे ट्रैक की कमीषनिंग की गयी ।

## छात्राओं का वीडियो बनाते तीन मनचलों को लोगों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के पलौंजिया हाट के पास मंगलवार को तीन मनचलों को स्थानीय लोगों ने पकड़ा। जिसकी पहचान फैज रजा पिता वसी रजा ग्राम सुल्तानपुर थाना चास जिला बोकारो, मेराज आलम पिता अजहर अंसारी, तौफीक अंसारी पिता फरीद अंसारी दोनों ग्राम घुज्जी-बरामो थाना राजधनवार जिला गिरिडीह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने बताया कि मनचलों ने नाबालिग स्कूली छात्राओं को विद्यालय जाने के दौरान वीडियो बना रहा था तभी लोगों को इस पर नजर पड़ी और रोककर पूछताछ करने लगे। पूछताछ के दौरान उन्होंने कहा वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में डालते हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने मोबाइल लेकर जाँच किया तो देखा प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया से लेकर पलौंजिया हाट तक अलग-अलग स्कूली छात्राओं का लगभग 10 वीडियो बनाकर रखा हुआ था । हालांकि स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिरनी पुलिस को दिया और तीनों को पकड़ पुलिस बिरनी थाना ले गई। स्थानीय लोगों की माने तो नाबालिग छात्राओं का वीडियो बनाकर उसे न्यूड वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता है । स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और बिरनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों को थाना ले गई तथा अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** कार्मेल विद्यालय (अंग्रेजी) गिरीडीह में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई गिरिडीह एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बाल विवाह रोकथाम, नशा मुक्ति, बाल तस्करी, साइबर क्राईम, पॉक्सो एक्ट एवम बाल व्यापार अधिनियम से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती अल्का हेंब्रम द्वारा बच्चों को उक्त विषयों को लेकर परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण गिरीडीह से संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत देखरेख)श्रीमती श्यामा प्रसाद के द्वारा अनाथ बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी गई। जिसमें अनाथ बच्चों ( कोविड काल में जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है) को 4000रु हर महीने उसके शिक्षा हेतु दिया जाता है। इसके अलावा परामर्शदाता श्रीमती नीलम कुमारी ने बच्चों को बाल तस्करी से कैसे बचाया जा सके के बारे में बच्चों को परामर्श दिया गया। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बच्चों को पॉक्सो कानून की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापक एवम शिक्षक गण उपस्थित थे।

## साहित्यकारा निभा राजीव निर्वी हुई सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के सिंदरी ए.सी.सी कॉलोनी की साहित्यकारा निभा राजीव निर्वी को के. सी. एन. क्लब के. एच टी. वी. की उपशाखा निर्झरणी कवियों की चौपाल मे श्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए साहित्य शिखर सम्मान से के. सी. एन क्लब के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह चंदन ने एक कार्यक्रम के दौरान सम्मान पत्र और साहित्य पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला प्रशासन व पटेल जयन्ती समारोह समिति द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला प्रशासन और पटेल जयन्ती समारोह समिति द्वारा झंडा मैदान में रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे पहले सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित कर रन फ़ॉर यूनिटी की शुरुआत की गई, इस दौरान सभी को एकता व अखंडता का संकल्प दिलाया गया। झंडा मैदान से निकल कर रन फॉर यूनिटी शहर भर का भ्रमण की। इस दौरान नगर थाना पुलिस शहर के ट्रैफिक व्यवस्था पर खास नजर रखे हुए थी। शहर भ्रमण करते हुए रन फॉर यूनिटी वापस झंडा मैदान पहुंच कर समाप्त हुआ।मौके पर डीएसपी संजय राणा, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, चुन्नुकान्त, संजीव कुमार, रविराज, कवि राज, आशुतोष तिवारी, प्रोफेसर विनीता कुमारी, मुन्ना कुशवाहा समेत कई स्कूली बच्चों के अलावा गिरिडीह पुलिस के अधिकारी और जवान शामिल हुए।

# आदिवासी समाज को उनके हक और अधिकार की जानकारी दें : विधायक भूषण बाड़ा

सैंदीह में आयोजित आदिवासी जागरण मंच मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा व जिप सदस्य जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटाड़ प्रखंड के सिकरियाटाड़ पंचायत के सैंदीह में आदिवासी जागरण मंच का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख रजत लकड़ा भी उपस्थित थे। विधायक ने आदिवासी जागरण मंच को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी जागरण मंच के सदस्य आदिवासियों के चहुमुंखी विकास करने की दिशा में पहल करें। आज भी आदिवासी समाज पीछड़ेपन से जुझ रहा है। अंधविश्वास, गरीबी और बेरोजगारी समाज के विकास में रोड़ा बना है। आदिवासी समाज के बच्चों में उच्च शिक्षा की कमी है। अपने हक और अधिकार के प्रति जागरुकता का भी आभाव है। इसे मंच के सदस्य दूर करें। आदिवासी समाज के लोगों को उनके हक और अधिकार की जानकारी दें। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, सिमडेगा लोक सभा प्रभारी रोशन बरवा, विधायक प्रतिनिधि माइकल खड़िया, विधायक प्रतिनिधि सह आदिवासी जागरण मंच अध्यक्ष लुसियन मिंज, मुखिया जसिंता उरांव, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लु, मुखिया बिनीता खाखा, मुखिया रेखा तिग्गा, उप मुखिया टागरेन मिंज, समीर किंडो, काशी लाल नायक, सलीम तिर्की, प्रतिमा कुजूर, नीला नाग, प्रेमा बड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, पूनम लकड़ा, ज्योति, पंचायत अध्यक्ष सह आदिवासी जागरण मंच संरक्षक जकरियास मिंज, योतम केरकेट्टा, सलीम डुंगडुंग, जॉन डुंगडुंग, ईमानुवल तिर्की, शशिभूषण तिर्की, रंजित सोरेंग, विकास बिलुंग, विक्टोर खेस, जेनेभिभा लकड़ा, शनि साइमन तिर्की, अटल मिंज, क्रिस्टोफर होरा, किशोर मिंज, रितेश मिंज, प्रदीप एक्का, सुधीर डुंगडुंग, अजय लकड़ा, नीलिमा मिंज, बिनीता सोरेंग, प्रेमा मिंज, एंजेला डुंगडुंग, सिवस्टर मिंज, एनसीएल, प्रेम किरो, जेवियर सोरेंग आदि भारी संख्या में आदिवासी महिला पुरुष शामिल थे। युवाओं को नशापान से दूर कर उच्च शिक्षा के लिए करें प्रेरितः जोसिमा खाखा* वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवाओं को नशापान से दूर कर उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। आदिवासी समाज में व्याप्त बुराईयों को हम सभी को मिल दूर करना है। आदिवासी जागरण मंच आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा आदिवासी समाज को सशक्त और मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं। आदिवासी समाज को हक और अधिकार दिला रहे हैं।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आज समाहरणालय परिसर लोहरदगा से बड़ा तालाब तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से किया गया। इस दौड़ की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। यह दौड़ समाहरणालय परिसर लोहरदगा से प्रारंभ हुई जो मैना बगीचा, बाबा मठ, पावरगंज, सोमवार बाजार होते हुए बड़ा तालाब के पास संपन्न हुई। बड़ा तालाब के पास अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारीगणों समेत, विभिन्न विद्यालयों के छात्र, युवा, सीआरपीएफ बटालियन के जवान समेत अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## जी टी पी एस में सरदार पटेल की जयंती एवं इंदिरा गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तथा देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बारी-बारी से मनाई गई। इस अवसर पर आस्था कुमारी, आराध्या कुमारी, पलक कुमारी एवं दिव्यांशु कुमार ने दोनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल एवं इंदिरा गांधी का योगदान राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय रहा है। उनके योगदान को राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। ये हम देशवासियों के लिए हमेशा पूज्यनीय, स्मरणीय और प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन-दर्शन को आत्मसात् कर देश का उत्तम नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए और देशभक्ति की भावना अपने अंदर समेटे देशहित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

## हर पर्व और त्योहार का मकसद प्यार और खुशियां बांटना होता है : जयप्रकाश शर्मा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर कोई दीपावली पर्व की तैयारी में जुट गए हैं, वहीं मारवाड़ी युवा मंच हर चेहरे पर मुस्कान लाने और दिवाली को खुशियों वाली बनाने की तैयारी में लगी हुई है। झारखंड प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार मंच की विभिन्न शाखाओं की सहभागिता से सवा लाख मिठाई के डिब्बे और ग्यारह हजार कंबल का स्नेहपूर्ण वितरण गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच किया जाना है। जय प्रकाश शर्मा के द्वारा हर होली और दीवाली पर शहर की अलग अलग बस्तियों में जा कर गरीब बच्चों के बीच मिठाईयां और उपहार बांटा जाता रहा है। इस वर्ष भी वो इन बच्चों के साथ खुशियां बांटेंगे साथ ही उन्होंने सभी से अपील भी की हर कोई कोशिश करे कि इस दिवाली कोई घर अंधेरे में ना रहे। अपने आस पास के गरीब परिवार को कुछ ना कुछ सहयोग अवश्य करें क्योंकि खुशियां बांटने से खुशियां बढ़ती है और ऐसे भी भारतीय परंपरा में हर त्यौहार का मुख्य उद्देश्य प्यार बांटना ही होता है।

## लचरागढ़ इंद टांड़ मैदान में इंदी मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आदिवासी समाज द्वारा आहूत लचरागढ़ इंदी मेला में मांदर की थाप पर थिरके बीडीओ कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, कल्याण पदाधिकारी हृदय नाथ पाण्डेय जी साथ में फुलकेरिया डांग, मुखिया लचरागढ़ जीरेन मड़की, महिमा केरकेट्टा और आदिवासी मुंडा समाज के लोग हुए उपस्थित । दिनाँक 31अक्टूबर, मंगलवार को इंदी मेला का आयोजन लचरागढ़ इन्द टांड़ में किया गया।मौके पर सिमडेगा कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा और बीडीओ कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो जी पहुंचे उन्होंने कहा मेला का आयोजन आदिवासी मुंडा समुदाय के लोग अपनी संस्कृति धरोहर को बचाए रखने के लिए मनाया जाता है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लचरागढ़ में पारंपरिक इंदी मेला का आयोजन किया गया है उन्होंने कहा कि हमारे संस्कृति मे सबसे पहले पाहन द्वारा पूजा किया जाता है। यह पर्व मदरा मुंडा का सुपुत्र मनी मुकुट राय के राज्याभिषेक के तत्वधान में किया जाता है जिसको बड़े हर्ष उल्लास के साथ हिंदी पर्व समिति और मुंडा 22 पढ़हा अगवाई में किया गया। इसमें आदिवासी परंपरा के नाच गान जादुरा राटा नाच आदि अन्य गीत संगीतों से मांदर की थाप में पारंपरिक नृत्य किया गया। जो कि दक्षिणी छोटनागपुर में आदिवासीयों का धरोहर माना जाता है। संचालन इंदी पर्व समिति अध्यक्ष अल्बिनुस लुगुन, उपाध्यक्ष पंकज लुगुन, सचिव जेरेमीयस बागे, कोषाध्यक्ष हेरमुस लुगुन, एवं पूरे समिति सदस्य तथा मुंडा 22 पड़हा के महाराजा सै सनिका मुंडा, महामंत्री लूथर तोपनो, दिसुम पढ़हा जेम्स धनवार, एवं पूरे सदस्य के द्वारा संचालन किया गया। इसमें प्रथम द्वितीय तथा सबों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्रशासन की पूरी टीम के द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। लचरागढ़ के पाहन राफेल द्वारा पूजा किया गया इसके बाद सांस्कृतिक नृत्य किया गया जैसे जादूरा नाच, राटा नाच और आदिवासी नाच प्रस्तुत किया गया। सोकोरला प्रथम पुरस्कार दो हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार टुटीकेल मरंग टोला 1500 रूपया, तीसरा पुरस्कार रशियन गिरजा टोली 1000 जेम्स धनवार, लूथर तोपनो, सनिका मुंडा आदि टोटल अखाड़ा के 18 टीम छोटा नागपुर मुंडा समिति लचरागढ़ के द्वारा वितरित किया गया।

## अंचल अधिकारी ने दी सामुदायिक संगठन सदस्यों को सरकारी योजनाओं की जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड कार्यालय के सभागार में लीड्स संस्था द्वारा सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मधुश्री मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख जलडेगा जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो उपस्थित थे। कार्यक्रम में लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी श्रीमती मधुश्री मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर जलडेगा अंचल के 23 वें अंचल अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने की बधाई दिया। इसके बाद उन्होंने लीड्स संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 लक्षित गांव में चलाए जा रहे गतिविधियों से अवगत कराया और। प्रखंड परियोजना समन्वयक ने बताया की लीड्स संस्था मुख्य रूप से शिक्षा, आजीविका, ग्राम सभा और उसके स्थाई समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, आंगनबाड़ी, माता समिति, किसान, महिला स्वयं सहायता समूह को प्रोन्नत करने के साथ साथ ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही ही। नव पदस्थापित अंचल अधिकारी श्रीमती मधुश्री मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों से परिचय प्राप्त करने के बाद कहा कि आज भी जानकारी के अभाव में बहुत कम लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पाते हैं। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस दौरान अंचल अधिकारी ने सामुदायिक संगठन के सदस्यों को मुख्यमंत्री फसल राहत योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, वन पट्टा, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार और प्रमाण पत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और कहा कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे उनसे सीधे मिल सकते हैं।

## लौहपुरुष पटेल जी की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज दोनों विभूतियों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम समाहरणालय सभागार लोहरदगा में आयोजित किया गया। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा दोनों विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने हेतु सत्यनिष्ठा का संकल्प करने, देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने की शपथ दिलायी गयी।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में बीएड के प्रशिक्षुओं द्वारा रैली और एकता दौड़ का आयोजन टिको के बड़का टोली तक किया गया। जिसमे ग्रामीणों में वीणा, कलौती, बिनोद, मुनिया, पीहु, करुणा आदि उपस्थित रहे। रैली और एकता दौड़ को सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर और सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भेजा गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत रेणुका, शिव, अर्चना, जंगबहादुर, आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे काजल प्रथम, नम्रता द्वितीय, खुशबू तृतीय स्थान पर रहे। सरदार पटेल द्वारा पांच सौ पैंसठ रियासतों के एकीकरण का कार्य किया गया जो राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## हिंडालको अगर रैयत की मांग पूरी नहीं करती है तो होगा आंदोलन : पवन तिग्गा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़ा ग्राम किस्को प्रखंड अंतर्गत बगडू पंचायत के बगडू बाजार में ग्राम प्रधान प्रकाश उरांव के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक का संचालन नंदू उरांव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पवन तिग्गा विशेष अतिथि संदीप कुमार किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य उपस्थित हुए। तिग्गा ने कहा कि हिंडालको द्वारा बगडू माइंस में पिछले लगभग 100 वर्षो से बॉक्साइट का खुदाई किया जा रहा है लेकिन यहां के ग्रामीण जनता को सुविधा के नाम पर धूल अशुद्ध पेयजल शिक्षा चिकित्सा और बुनियादी सुविधा से वंचित रखा गया है और बाहरी लोगों को 80 परसेंट नौकरी में रखा गया है। यहां के रैयतों को कंपनी के दलाल गुंडा बदमाश द्वारा धमकाया जाता है ज्यादा बोलोगे तो घर से बेदखल कर दिया जाएगा इसी डर से रैयत अपने हक अधिकार से वंचित है। इसकी शिकायत जिला के जिलाधिकारी से कई एक बार लिखित आवेदन दिया गया लेकिन इस आवेदन पर किसी तरह के कोई कार्रवाई नहीं किया गया जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। जिला प्रशासन से मांग किया जाता है कि आगामी माइंस का रीनवल ग्राम सभा के माध्यम से माइंस एरिया में कराया जाए और माइनिंग एक्ट के तहत जो सुविधा मिलना है उसे पूर्ण रूप से धरातल पर दिया जाए। अगर जिला प्रशासन के द्वारा इन सारी चीजों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो ग्रामीण अपनी जमीन किसी भी स्थिति में बॉक्साइट खुदाई करने के लिए नहीं देंगे। बैठक में ग्राम प्रधान चापी रंजीत उरांव, ग्राम प्रधान बेटहट जगना उरांव, ग्राम प्रधान बिजेंदर उरांव, सुनीता उरांव, सुखराम उरांव, दीपक कुमार, लक्ष्मी उरांव, चैती उरांव, मुकेश मिंज, सोनिया बाखला, अनमोल तिर्की, गजेंद्र नाथ चौबे, रामधनी उरांव, राजेंद्र उरांव, संजीव सिंह, सुखदेव उरांव, जोगिंदर उरांव, अजय उरांव, सोहन उरांव, संजय उरांव, विजेंद्र उरांव, नरेंद्र उरांव आदि उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान भवः मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान भारत के तहत मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान भवः मेला का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य मेला में मातृ स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा पध्दति, परिवार नियोजन, सामान्य चिकित्सा सहित अन्य तरह के बीमारियों का 10 स्टॉल लगाया गया है। जिसके तहत बीमारियों का इलाज कर मुफ्त में दवा दिया जा रहा है। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत के तहत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण का आयुष्मान भवः मेला का आयोजन कर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों का बीमारियों का इलाज कर मुफ्त में दवा दिया जा रहा है। सभी तरह के बीमारियों के लिये अलग अलग चिकित्सकों का व्यवस्था है। जिनके द्वारा इलाज कर मुफ्त में दवा दिया जा रहा है। मौके पर डॉ.दिव्या निशि, डॉ.परिणीता कुजूर, डॉ. राजीव रंजन, डॉ.निशिश्री के अलावे सभी एनएम और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## प्रदर्शनी से बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है वह निखर कर बाहर आती है : डॉ. बिंदेश्वर बेक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवन स्टार्स एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग 4था से 12 वीं तक के छात्र छात्राओं भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाये। सभी की प्रदर्शनी विद्यालय परिसर में लगाया गया। जिसमे लगभग 54 अलग अलग मॉडल को दर्शाया गया था। जिसका निरीक्षण विद्यालय के निदेशक डॉक्टर बी.बेक, सचिव सीमा तिग्गा, प्रशाशक प्रफुल्ल कुमार बिड, उप प्राचार्य रीतू प्रिया ने किया। 15 सदस्यीय जूरी ने अपने अंको के आधार पर 5 सबसे उत्कृष्ट मॉडलों का चयन किया गया। जिसमें सोलर सिस्टम, हेमोडायलिसिस, खेतीबारी, सेवन वंडर्स ऑफ वर्ल्ड, जी20 सम्मिट, सिस्मोग्राफ, कम्प्यूटर मेमोरी आदि विषय सहित 54 मॉडल बनाये गए थे। जिसमें प्रथम कैलिस्ट स्पेस ग्रुप, दूसरा साइंस लीजेंड ग्रुप, तीसरा द रिशर्च रेंजर ग्रुप, चौथा वंडर वर्कर्स ग्रुप, पांचवां स्थान थियोरी टाइटंस ग्रुप ने हासिल किया। साथ ही बाकी सांत्वना पुरस्कार के हकदार बने। निदेशक डॉक्टर बेक ने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर जो प्रतिभा होती है वह निखर कर बाहर आती है। और वह समाज एवम देश के लिये कुछ ऐसा कर जाता है कि समाज मे एक उदाहरण बन जाता है। हर बच्चे के पास एक अलग प्रतिभा होती है। आज लोग अपनी छुपी प्रतिभा के बदौलत इसरो,नाशा जैसे संस्थानों में जा रहे है। बच्चे अपना स्टार्टअप कंपनी बनाकर रोजगार पैदा कर रहे है। यह नया भारत युवाओं का है उन्हें उड़ने दें। वे देश को एक नई ऊँचाई तक ले जाएंगे। कार्यक्रम में नामलेंन पूर्ति, शीला कुमार, जुली कच्छप, कनकलता कच्छप, सुरेश सिंह, नरेश मुंडा, सुशील कुमार, ज्योत्स्ना प्रसाद, अमन कुमार लकड़ा, आशा पूनम, सुनीता चौधरी, पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं पटेल जी की मनाई जयंती

### अदम्य, साहस की प्रतिमूर्ति थी इंदिरा गांधी : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की शहादत दिवस एवं पूर्व गृह मंत्री सरदार पटेल जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि इंदिरा गांधी वर्ष 1966 से 77 तक लगातार तीन पारी के लिए भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री रही उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनीतिक हत्या तक हुए भारत की प्रधानमंत्री रही भारत की प्रथम और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थी। इनके कार्यकाल में देश ने विभिन्न आयामों को छुआ ऑपरेशन मेघदूत एवं परमाणु परीक्षण आदि इनके द्वारा राष्ट्र हित में अनेक कदम उठाए गए और अन्य आयरन लेडी के नाम से भी विख्यात हुई। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि अदम्य, साहस की प्रतिमूर्ति थी इंदिरा गांधी इंदिरा गांधी ने एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्व योगदान दिया सशक्त एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति कुशल नेतृत्व अद्वितीय कार्यशैली एवं दूरदर्शिता से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं हमारी आदर्श इन्दिरा गांधी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं सरदार पटेल जी के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आजादी के बाद पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में होने का काम किया। उन्हें भारत का लोह पुरुष तथा भारत का बिस्मार्क भी कहा जाता है वे एक मजबूत अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे।

## थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दिलायी शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना परिसर प्रांगण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146 वीं जयंती थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में मनाते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने तथा लोगों को प्रेरित करने का शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम झारखंड सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के आदेशानुसार राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। विदित हो कि सरदार वल्लभ भाई पटेल 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में जन्मे थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत मे एकता कायम करने के लिए काफी पसीना बहाया। उन्होंने जूनागढ़ और हैदराबाद जैसे विवादित रियासत को भी अपनी चतुराई और कूटनीतिक कौशल से भारत में मिला दिया था। इसी वजह से महात्मा गांधी ने उन्हें लौहपुरुष की उपाधि प्रदान की थी। 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाद में किसान झबेरभाई और धर्मपरायण माता लाड़बाई के परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल बचपन से ही साहसी थे और कुछ कर दिखने का जज्बा था। इस प्रकार अपने कर्तव्य व लक्ष्य को प्राप्त करते हुए देश के प्रति जीवन निछावर किया था। बताया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल पेशे से वकील थे। और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें खासतौर पर खेड़ा सत्याग्रह के लिए जाना जाता है। सरदार पटेल आजादी के बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी थे। और उनकी जीवनी को याद करते हुए आज हम सभी राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप जयंती मनाते है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने संक्षिप्त में उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा जवान को शपथ दिलाया गया। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव, पंकज यादव, ए एस आई विरेन्द्र, बाखला, एलबिना लकड़ा, राजेश राम लोहरा, रामचन्द्र मांझी सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## 10 नवंबर तक पीएम आवास निर्माण कार्य करें पूर्ण वरना होगी कार्रवाई : पवन कुमार महतो

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 31 अक्टूबर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता मे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक मे प्रखंड मे संचालित योजना पीएम आवास, मनरेगा, केसीसी, विरसा सिंचाई कूप इत्यादि विभिन्न योजनाओं पर पंचायत वार बीडीओ ने योजनाओं के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि, हर हाल मे अपूर्ण पीएम आवास का निर्माण कार्य 10 नवंबर तक लाभूको से पुर्ण कराई जाए, निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले लाभुकों को नोटिस जारी किया जाये। बैठक मे मनरेगा से संचालित योजनाओं को समय पर पुर्ण करने का निर्देश भी कर्मियो को दी गई, वही बैठक मे विरसा सिंचाई कुप निर्माण योजना शीघ्रतापूर्वक चालू करने का निर्देश बीडीओ ने कर्मियों को दिये। उक्त बैठक मे बीपीओ रघुनाथ मुंडा, समन्यवक दिनेश कुमार, अमन शिखर, गुहा उरांव, के अलावा प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, स्वयं सेवक बैठक मे उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई गई

**पटना :** भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

### झारखंड पुलिस के 16 पुलिस अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान मेडल से होंगे सम्मानित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को झारखंड पुलिस के 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान मेडल से सम्मानित किया। इन 16 अधिकारियों और कर्मियों को वर्ष 2023 में विशेष अभियानों (नक्सल के खिलाफ कार्रवाई ) को लेकर सरदार पटेल की जयंती पर सम्मानित किया गया।

**इनको किया गया सम्मानित :** आनंदराव लाठकर (एडीजी संजय ), एवी होमकर (आईजी),राजकुमार लकड़ा (आईजी), अनुप बिरथेरे (डीआईजी रांची), शिवानी तिवारी (एसपी) अंजनि अंजन (एसपी), अंजनी कुमार झा (एसपी), गौतम कुमार (सब इंस्पेकटर), जमील अंसारी (सब इंस्पेकटर), मनोहर राम (सब इंस्पेकटर), विवेकानंद सिंह (सेकेंड-इन-कमांड), राज कुमार उरांव (हेड कांस्टेबल), रतन कुमार यादव (कांस्टेबल ), कमलेश कुमार (अस्टिेंट कमांडेंट),सत्येंद्र कुमार सिंह (इंस्पेक्टर ),विष्णु कुमार (कांस्टेबल) शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा 23 जुलाई, 2018 को स्थापित 'केंद्रीय गृह मंत्री विशेष अभियान पदक-2022' पूरे देश में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सुरक्षा संगठनों को प्रदान किया जाता है। ये पदक आतंकवाद, सीमा कार्रवाई, हथियार नियंत्रण, नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम और बचाव कार्यों जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियानों के लिए दिया जाता है।इस अवार्ड की प्राप्ति के लिए जवानों और अधिकारियों द्वारा किए गए विशेष अभियानों के तीन महीने के भीतर उनके नाम गृह मंत्रालय को भेजा जाता है। सभी नामों को गृह मंत्रालय की समिति ध्यान से देखती है। इस समिति में इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक सदस्य होते हैं, इसकी अध्यक्षता गृह सचिव करते हैं।

# निराकार शिव ही हैं सम्पूर्ण संसार : अविनाश देव

**सतबरवा प्रखंड के मानासोती हलुमाड़ के पहाड़ पर स्थापित शिवस्थान पर स्थानीय लोगों द्वारा शिवचर्चा का आयोजन किया गया।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भाग दौड़ के जिंदगी में भौतिक सुखों से परे आत्मिक सुख के लिए मनुष्य वक्त नहीं निकाल पाता है।

जिसे इंसान को इंसान से लगाव नहीं विलगाव होता जाता है। इसीलिए निराकार शिव को गुरु बनाते सामूहिक चर्चा के जरिए आपसी प्रेम बहनापन भाईचारा के लिए तीन सूत्र में एक प्रणाम करते हैं दया मांगते है और चर्चा करते है। सतबरवा प्रखंड के मानासोती हलुमाड़ के पहाड़ पर स्थापित शिवस्थान पर स्थानीय लोगों द्वारा शिवचर्चा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों गुरुभाई बहनों के बीच अपनी बात को रखा। आगे हमने कहा परिवार के मजबूती से ही राष्ट्र की मजबूती है किसी भी कीमत पर परिवार के बीच सामंजस जरूरी है। भगवान शिव ने जहर पीकर अपनी जान को जोखिम में डालते विश्व को कल्याण किया था। हम सब को भी अपने समाज देश व परिवार के लिए थोड़ा जोखिम थोड़ा नुकसान भी उठाना पड़े तो चर्चा के जरिए हल करते रहना चाहिए। इस मौके पर एडवोकेट एवं युवा समाजसेवी ओंकारनाथ तिवारी ने चर्चा के शिलशिला को आगे बढ़ते अपनी सुरीली आवाज में गीत पेश कर सबों को उत्साह वर्धन किया। जय महादेव।

## डीएवी हेहल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में देश के पहले उप-प्रधानमंत्री व देश के प्रथम गृहमंत्री,महान स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 39 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी के छाया चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शत शत नमन किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा भारत एक अनोखा राष्ट्र है,जिसका निर्माण विविध भाषा,संस्कृति,धर्म के तानो बानो,अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँध कर हुआ हैं।इसलिए आज हम सभी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं श्रीमती इंदिरा गांधी जी को याद करते हैं।

विद्यालय की प्राथमिक शाखा के बच्चों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत की झाँकी प्रस्तुत की गई।जिसकी सभी ने खूब प्रशंसा की।इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एन के दुबे, ओ पी गोयल, पारश पाण्डेय, तारकेश्वर कुमार, अनुश्री, अनुराधा सिंह, मधुश्री, अनुपमा रानी, मधुमिता विश्वास आदि शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद थे।

## इंदिरा और पटेल के योगदान को नहीं भूल सकता : युवा कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल के जयंती पर युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।रोहित ने कहा कि देश दोनों विभूतियों के योगदान और बलिदान को नहीं भूल सकता। गांधी ने विश्व में भारत का नाम रोशन किया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि देश विविधता में एकता चाहता है। इंदिरा ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।स्वर्गीय गांधी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि को निखारने का काम किया है। स्वर्गीय गांधी की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण ही बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग किया जा सका। उन्होंने कहा कि स्व. गांधी ने विकासशील देशों को एकजुट कर उन्हें तीसरी शक्ति के रूप में विश्व मंच पर प्रस्तुत किया, यह उनकी अद्भुत क्षमता के कारण ही संभव हो सका। अपने फौलादी व्यक्तित्व और सकारात्मक दृष्टिकोण की वजह से विश्व में उन्हें सबसे ताकतवर महिलाओं की श्रेणी में गिना जाता है। भारतीय राजनीति में उनके निर्णयों को मिसाल के तौर पर देखा जाता है। आज भी कई युवा इंदिरा गांधी को अपना आदर्श मानते हैं. ऐसे समय में जब लोकतंत्र के सभी स्तंभ कमजोर हो रहे हैं, सरदार पटेल के योगदान को याद करना जरूरी है।देश को एकजुट करने में पटेल का अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कहा कि देश को एकजुट करने में सरदार पटेल का अविस्मरणीय योगदान है।

## पत्रकार एएच रिजवी की याद में मस्जिद ए-जाफरिया में हुआ फातिहा ख्वानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मस्जिद ए जाफरिया रांची में वरिष्ठ पत्रकार सैयद अमीर हुसैन रिजवी की फातिहा ख्वानी की मजलिस को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि मुसलमानों की पहचान उसके ज्ञान और धन से नहीं होती, बल्कि उसके अच्छे संस्कारों से होती है। हमारे पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल.) ने अपने अच्छे आचरण के कारण धर्म का सन्देश युग-युग तक फैलाया। मौलाना ने कहा कि शरीर मर जाता है।लेकिन किरदार नहीं मरता। सैयद अमीर हुसैन रिज़वी न केवल अपनी पत्रकारिता या लेखन के लिए बल्कि अपने अच्छे चरित्र के लिए पहचाने जाते थे। पत्रकारिता के लिए यह जरूरी है कि वह व्यक्ति निडर होकर सच्चाई का प्रचार करें और जालिम के चेहरे से नकाब हटाने का काम करें और मजलूमों को उनका हक दिलाने के लिए कलम का जिहाद जारी रखे। सैयद अमीर हुसैन रिज़वी ने पत्रकारिता के इस सिद्धांत को प्रदर्शित किया। मालूम हो कि मजलिस से पूर्व उनके घर पर कुरान की ख्वानी का आयोजन किया गया था। मजलिस में सैयद नदीम रिजवी, सैयद जसीम रिजवी, शहजाद रिजवी, जीशान रिजवी, एसएम खुर्शीद, एसएम आसिफ, एसएम जावेद, फैजान हैदर, सैयद फराज अब्बास, सैयद अत्ता इमाम रिजवी, असगर रिजवी, सैयद निहाल हुसैन सरियावी, अमौद अब्बास, इकबाल फातमी, अशरफ हुसैन, पत्रकार आदिल रशीद समेत कई लोग मौजूद थे।

**मुड़मा जतरा मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री**

# काफी विकास कर चुका है मुड़मा जतरा : हेमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का समापन मगंलवार को हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन उपस्थित हुए। साथ में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री को एक मांदर भी उपहारस्वरूप दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मुड़मा जतरा काफी विकास कर चुका है। अब इसे किसी वैशाखी की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज इतनी प्राचीन है, फिर भी गरीब क्यों है। और इसके बावजूद भी ये खुश रहते हैं। इसपर हमे गर्व है। इस राज्य को बदनाम करने की कोशिश की गई। लेकिन राज्य निरंतर बढ़ते ही गया। विदेशों में भी अब इस राज्य की चर्चा होती है। राज्य में महिला हॉकी चैंपियनशिप चल रहा है जिसे पूरी दुनिया देख रही है। राज्य खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है, फिर भी वहां के लोग गरीब है। इसका कारण शिक्षा की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए अच्छे स्कूलों की स्थापना की जा रही है। शिक्षकों की बहाली की जा रही है। बहुत जल्द सरकारी स्कूलों को निजी स्कूल से बेहतर बना लिया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंडियों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाकर रहूंगा। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अपने सम्बोधन में कहा कि जतरा खूंटा शक्ति स्थल हमारे लिए सुप्रीम कोर्ट के समान है। सरकार जनहित मुद्दों को दृढ़तापूर्वक लागू कर रही है। पेसा कानून पर भी मुख्यमंत्री अंतिम मोहर लगाने जा रही है। ग्राम सभा को ताकत देने जा रही है। गरीबों को आबुआ आवास योजना चलाई जा रही है जिसके तहत आठ लाख लोगों को घर मिलेगा।शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज काफी व्यवस्थित होते हैं। ये प्रकृति से जुड़े होते हैं। इनकी भावनाओं को समझने की जरुरत है। ये सामूहिक रूप से रहनेवाले समाज हैं। हम ना केवल इंसानों को बल्कि जानवरों को भी सम्मान देते हैं। अजय नाथ शाहदेव ने अपने सम्बोधन में सरना धर्म को लागू कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज खुश रहना जानते हैं।आदिवासी लोहरा समाज मांडर प्रखण्ड की तरफ़ से अपने पारंपरिक औजार के साथ खोड़हा का प्रदर्शन किया गया। कार्तिक लोहारा ने बताया कि समाज अपने पारंपरिक औजार घना के साथ इस जतरा में उपस्थित हुए। इस बार महली जनजाति समुदाय के तरफ़ से भी अपना खोड़हा का प्रदर्शन किया गया। मेला के सफल आयोजन में भागीदारी के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय आरक्षी अधीक्षक चन्दन सिन्हा, ग्रामीण एस पी मनीष टोप्पो, मांडर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, बेड़ो डी एस पी माणिक रजत बाखला, मांडर थाना प्रभारी विनय यादव समेत अन्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार पटेल : मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मरांडी ने कहा कि सरदार पटेल भारत की राष्ट्रीय एकात्मता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहते थे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरदार पटेल के सपनों का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा।

## सीएम हेमंत सोरेन को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर अविनाश देव ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडलीय रोजगार मेला मेदिनीनगर में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर हवाई अड्डा पर पार्टी के यूथ ब्रिगेड अविनाश देव ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान अविनाश देव ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्ग, विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दिया जा रहा है। अविनाश देव ने कहा कि राज्य में कोई परिवार बेघर नहीं रहेगा। सभी बेघरों के अपने आशियाना का सपना पूरा होगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना की शुरुआत हो रही है। इस योजना के तहत आठ लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।कहा कि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में सरकारी विभागों के खाली पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है और रोजगार मेला के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों और संस्थानों में जॉब दिलाने का काम कर रहे हैं।

इतना ही नहीं, जो भी व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहता है उसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से सरकार मदद कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता अविनाश देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू को जो तोहफा दिया, वह काबिले तारीफ है। यहां के 5 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी देकर सीएम ने इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का उतरोतर विकास हो रहा है। अविनाश देव ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## आम लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए भाकपा नेता रुचिर कुमार तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के हरिहरगंज अंचल की बैठक मंगलवार को ग्राम सिमरवार में जनेश्वर राम के अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने आम लोगों की जनसमस्याओं से अवगत हुआ।और जिले में पड़े अकाल,राशन की कालाबाजारी, बेरोजगारी,घर बनाने के लिए बालू चालू कराने,जिले में नया उद्योग लगाने, बंदोबस्त गैरमजरूआ जमीन की रसीद कटाने एवं भ्रष्टाचार के सवाल पर आगामी 9 नवंबर को पलामू डीसी का घेराव करने में आने का आवाहन किया। ग्रामीणों ने कहा कि इन सभी जन समस्याओं को लेकर इस इलाके से 500 लोग पलामू डीसी के घेराव में भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वहीं छात्र नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, खाने के खाद्य पदार्थ में भी जीएसटी लगा दिया गया है वहीं मनरेगा में कोई काम नहीं है। भ्रष्टाचार चरम पर है आम जनता ब्लॉक का चक्कर लगा लगाकर थक गया है लेकिन उसका बिना घूस के कोई काम नहीं हो पा रहा है। वही हरिहरगंज अंचल के ग्राम-सिमरवार आम जनता के रहने वाले घर बारी की जमीन को टाटा कंपनी खरीद लिया है और दोहरी रसीद कायम हो गई है ऐसी स्थिति में आम जनता को अपनी समस्याओं के निदान के लिए सड़क पर उतरना होगा। एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने रोजगार के सवाल पर छात्र नौजवानों को भी 9 नवंबर को डीसी के समक्ष प्रदर्शन में आने का आवाहन किया। बैठक में राज परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, ललन पासवान, पप्पू राम, जनेश्वर पासवान, प्रयाग भूइंया, शत्रुघ्न भुइया , सनोज कुमार, मुकेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश की एकता को बनाए रखना जरूरी : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नजदीक आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में कहा कि पिछले कई दशकों से यह देखा गया है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग आतंकवाद के प्रति भी आंखें मूंद लेते हैं और मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने ऐसी सोच के प्रति आगाह किया जो देश की एकता को खतरे में डालती है।वर्तमान और आगामी चुनावों के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने उस गुट के प्रति आगाह किया जो पूरी तरह से सकारात्मक राजनीति से रहित है और असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। मोदी ने कहा,हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश की एकता को बनाए रखने के लिए अपने प्रयास हमेशा जारी रखने होंगे। हम जिस भी क्षेत्र में हों, हमें उसमें अपना 100 प्रतिशत देना होता है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का यही एकमात्र तरीका है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत की पहुंच से परे कोई लक्ष्य नहीं है। सबका प्रयास की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने का जिक्र किया और कहा कि आज कश्मीर और देश के बाकी हिस्से के बीच खड़ी धारा 370 की दीवार ढह गई है और इससे सरदार साहब, जहां भी होंगे, प्रसन्न हुए होंगे।प्रधानमंत्री ने दोहराया कि अगले 25 साल देश के लिए इस सदी के सबसे महत्वपूर्ण 25 साल हैं क्योंकि इस अवधि के दौरान भारत को एक समृद्ध और विकसित देश बनना है। उन्होंने देश के लिए समर्पण की उसी भावना का आह्वान किया जो आजादी से ठीक पहले 25 वर्षों में देखी गई थी। उन्होंने विश्व में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का



उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमें गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि हम सबसे बड़े लोकतंत्र के कद को एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और प्रमुख वैश्विक कंपनियों और खेलों में भारतीयों द्वारा प्रदान किए जा रहे वैश्विक कॉर्पोरेट नेतृत्व में भारत की मजबूत स्थिति का उल्लेख किया।प्रधानमंत्री ने आगे बढ़ने और गुलामी की मानसिकता को त्यागने के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि भारत बढ़ भी रहा है और अपनी विरासत को बचाकर भी रख रहा है। उन्होंने नौसेना ध्वज से औपनिवेशिक प्रतीक चिन्ह को हटाने, औपनिवेशिक काल के अनावश्यक कानूनों को हटाने, आईपीसी को प्रतिस्थापित करने और इंडिया गेट पर औपनिवेशिक प्रतिनिधियों की जगह लेने वाली नेताजी की प्रतिमा का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने सरदार सरोवर बांध का भी उल्लेख किया जो 5-6 दशकों से लंबित था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पूरा हुआ। उन्होंने केवड़िया-एकता नगर के बदलाव को संकल्प से सिद्धि का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, आज एकता नगर को वैश्विक हरित शहर के रूप में पहचाना जाता है। विभिन्न पर्यटक आकर्षणों के अलावा, प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 6 महीनों में ही एकता नगर में 1.5 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। इलाके में पहले से ही मजबूत सौर ऊर्जा उत्पादन और शहरी गैस वितरण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एकता नगर में एक हेरिटेज ट्रेन का आकर्षण जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्षों में 1.5 करोड़ से अधिक पर्यटक आए हैं, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों को रोजगार के अवसर मिलने में मदद मिली है।